राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 80, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शुक्रवार 06 अक्टूबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ आप कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन .... पेज 03

राजस्वकर्मियों व पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज, निलंबन, स्थानांतरण और विभागीय .... पेज 05

सेमीफाइनल से पहले भी खत्म हो सकता है पाकिस्तान का सफर : हरभजन सिंह .... पेज 07

## जम्मू-कश्मीर की पार्टी जेकेडीएफपी गैरकानूनी घोषित

भारत सरकार ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) 1967 की धारा 3(1) के तहत 'जम्मू और कश्मीर डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी' (जेकेडीएफपी) को 'गैरकानूनी संघ' घोषित कर दिया है। यह संगठन विरोधी गतिविधियों में शामिल रहा है। वर्ष 1998 से राष्ट्रीय गतिविधियों और इसके सदस्यों ने हमेशा भारत में अलगाववाद और आतंकवादी कृत्यों को बढ़ावा दिया है।

इस संगठन के सदस्य लोगों को भड़काकर कश्मीर को एक अलग इस्लामिक राज्य बनाना चाहते हैं, जो भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता के लिए हानिकारक है। इस संगठन के खिलाफ यूएपीए 1967, आईपीसी 1860, आर्म्स एक्ट 1959 और रणबीर दंड संहिता 1932 की विभिन्न धाराओं के तहत कई आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं। अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह के नेतृत्व वाली पार्टी पर उन गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया गया है, जिन्हें भारत विरोधी और पाकिस्तान समर्थक माना जाता है।

## नोट के बदले वोट : उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रखा

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने नोट के बदले वोट मामले में 1998 के फैसले पर पुनर्विचार पर अपना फैसला गुरुवार को सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने झारखंड मुक्ति मोर्चा रिश्वत मामले के रूप में जाना जाने वाले इस मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत के 1998 के फैसले में कहा गया था कि सांसदों और विधायकों को सदन में मतदान या भाषण देने के लिए रिश्वत लेने के मामले में अभियोजन से छूट प्राप्त है। शीर्ष अदालत की सात सदस्यीय पीठ ने इसी फैसले पर पुनर्विचार के लिए सुनवाई पूरी की। शीर्ष अदालत की सात सदस्यीय पीठ के समक्ष के सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार का पक्ष रखते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि रिश्वतखोरी कभी भी छूट का विषय नहीं हो सकती है।

मेहता ने कहा कि संवैधानिक प्रावधानों का उद्देश्य निडर होकर विधायी कर्तव्य का पालन करना है। उन्होंने कहा कि एकमात्र सवाल यह है कि क्या रिश्वतखोरी को इस विशेषाधिकार या छूट के तहत रखा जाना चाहिए। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि शायद एक और पहलू हो सकता है, जिससे यह न्यायालय विचार करे कि क्या रिश्वतखोरी को छूट या विशेषाधिकार द्वारा संरक्षित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 1998 के फैसले में किसी भी बहुमत या अल्पसंख्यक ने इस नजरिये से इस मुद्दे की जांच नहीं की।

पीठ ने कहा कि जिस स्थान पर अपराध हुआ है और चाहे वह भाषण/मतदान से पहले का हो या उसके बाद का, इससे कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए।

पीठ ने पूछा कि क्या होगा यदि मान लीजिए कि रिश्वत देने का समझौता सदन के भीतर ही हो जाता है। इस पर केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि विधायिका के विभिन्न कार्यों के संबंध में भाषण या आचरण, जहां निर्वाचित प्रतिनिधि भाग लेते हैं, वह संरक्षित है। वेंकटरमणी ने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधि को बिना किसी बाधा या अनुचित परिश्रम और दबाव के विधायी कार्य करने के लिए स्वतंत्र होना चाहिए।



## सिक्किम बाढ़ : अब तक 14 की मौत

### सेना के 22 जवान समेत 102 लापता, सर्च ऑपरेशन जारी





**गंगटोक।** सिक्किम में मंगलवार देर रात करीब डेढ़ बजे बादल फटने की घटना में अब तक 14 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 26 घायल हैं। 102 लोग अब भी लापता हैं, जिसमें सेना के 22 जवान शामिल हैं। पाक्योंग के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ताशी चोपेल ने सभी जवानों की मौत की आशंका जताई है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

बाढ़ के हालात देखते हुए शिक्षा विभाग ने 15 अक्टूबर तक सभी स्कूल बंद करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने पहले 8 अक्टूबर तक ही बंद करने की बात कही थी।

वैज्ञानिकों को आशंका है कि नेपाल में आए भूकंप से सिक्किम की ल्होनक झील टूटी। उसका दायरा एक तिहाई रह गया। जब बादल फटा तो झील इतना पानी रोक नहीं पाई। इससे तीस्ता नदी में बाढ़ आ गई। नदी का जलस्तर 15 से 20 फीट तक बढ़ गया। नदी से लगे इलाके में ही आर्मी कैंप था, जो बाढ़ में बह गया और यहां खड़ी 41 गाड़ियां डूब गईं। बाढ़ के चलते चुंगथांग बांध भी टूट गया। यहां पर सिक्किम का सबसे बड़ा हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट था। बाढ़ के चलते यहां का सारा पावर इन्फ्रास्ट्रक्चर तबाह हो गया।

### सिक्किम के 4 जिलों में हुआ सबसे ज्यादा नुकसान

सिक्किम के 4 जिलों- मंगन, गंगटोक, पाक्योंग और नामची में बाढ़ से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। यहां 22 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं, वहीं 2 हजार से ज्यादा लोगों का रेस्क्यू किया गया है। यहां 26 रिलीफ कैंप लगाए गए हैं। इन चार जिलों में पानी की पाइपलाइन, सीवेज लाइन और 250 से ज्यादा घर टूट गए हैं। 11 ब्रिज तबाह हो गए हैं।

### एनएच-10 बह गया, सैकड़ों गांवों का संपर्क कटा

सिक्किम में 3 हजार पर्यटक फंसे हुए हैं। बिजली गुल है। सैकड़ों गांव मुख्य मार्गों से कट चुके हैं। कुछ इलाकों में दो घंटे में 15 इंच तक बारिश दर्ज की गई। दिखचू, सिंगतम और रांगपो शहर पानी में डूब गए हैं। बाढ़ में सिक्किम को देश से जोड़ने वाला नेशनल हाईवे एनएच-10 भी बह गया। राज्य सरकार ने इस घटना को आपदा घोषित किया है। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिक्किम के हालात जानने के लिए मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से बातचीत की। उन्हें मदद देने का आश्वासन दिया।

### पश्चिम बंगाल के तीन जिले बाढ़ प्रभावित

सिक्किम से लगे पश्चिम बंगाल के तीन जिले- जलपाईगुड़ी, कलिमपोन्ग और कूचबिहार में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। राज्य के मुख्य सचिव एचके द्विवेदी ने बताया- तीस्ता बैराज से तीन शव बरामद किए गए हैं। उनकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। राज्य के गवर्नर सीवी आनंदा बोस हालात का जायजा लेने के लिए गुरुवार सुबह सिलिगुड़ी पहुंचे।

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, उपद्रवियों ने इंफाल में दो घरों में लगाई आग

इंफाल। मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले में फिर हिंसा भड़क उठी जहां कम से कम दो घरों में आग लगा दी गई और कई राउंड गोलीबारी हुई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार रात करीब 10 बजे पटसोई पुलिस थाना क्षेत्र के न्यू कीथेलमनबी की है। उन्होंने बताया कि हमले के बाद आरोपी मौके से भाग गए, जिसके बाद से इलाके में तनाव है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाबलों और अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया।



उन्होंने बताया कि घटना के बाद इलाके में इकट्ठा हुई मेइती समुदाय की महिलाओं को सुरक्षा बलों ने आगे बढ़ने से रोक दिया। पुलिस ने बताया कि इलाके में अतिरिक्त सुरक्षाबल तैनात कर दिया गया है और स्थिति नियंत्रण में है।

मणिपुर में अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में जनजातीय एकजुटता मार्च के बाद तीन मई को जातीय हिंसा भड़क गई थी। हिंसा की घटनाओं में अब तक 180 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं।

मणिपुर की आबादी में मेइती समुदाय के लोगों की जनसंख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं। वहीं, नगा और कुकी आदिवासियों की आबादी करीब 40 प्रतिशत है और वे ज्यादातर पर्वतीय जिलों में रहते हैं।

### आतंकवाद को इस तरह कुचले कि कोई संगठन सिर न उठा पाये

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि केन्द्र और राज्य की एजेंसियों ने पिछले नौ वर्षों में देश में आतंकवाद के सभी स्वरूपों पर मज़बूती से नकेल कसने में सफलता प्राप्त की है और एजेन्सियों को ऐसा सख्त दृष्टिकोण अपनाना चाहिए जिससे कि देश में कोई नया आतंकी संगठन खड़ा ही न हो पाये। शाह ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा गुरूवार को यहां आयोजित दो-दिवसीय आतंकवाद रोधी सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि एनआईए के तत्वाधान में देश में एक आदर्श आतंकवाद रोधी तंत्र का गठन किया जाना चाहिए।

## इलेक्शन कमीशन एनसीपी सिंबल पर सुनवाई करेगा

### चिह्न चला भी जाए तो चिंता नहीं : शरद पवार

नई दिल्ली। इलेक्शन कमीशन कल यानी 6 अक्टूबर को एनसीपी के इलेक्शन सिंबल के अधिकार पर सुनवाई करेगा। कमीशन ने शरद और अजित दोनों गुटों को पर्सनल सुनवाई के लिए बुलाया है। ये दोनों ही गुट पार्टी पर अपना दावा कर रहे हैं।

उधर, शरद पवार ने दिल्ली में पार्टी की वर्किंग कमेटी की मीटिंग में कहा कि एनसीपी का चुनाव चिन्ह बदलने की कोशिश हो सकती है। अगर पार्टी का चुनाव चिन्ह चला भी जाए तो कार्यकर्ताओं को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। सिंबल बदलने से लोग नहीं बदलते हैं। उन्हें पता होता है कि कौन सा बटन दबाना है। मैंने अलग-अलग चुनाव चिन्हों पर चुनाव लड़े और जीते हैं।



### पवार बोले- भाजपा को अपना इलेक्शन सिंबल बदलना चाहिए

शरद पवार ने कहा कि भाजपा को अपना इलेक्शन सिंबल बदल लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया ने लोगों से पूछा कि भाजपा को नया चुनाव चिन्ह क्या रखना चाहिए। इस पर लोगों ने कहा कि कमल के फूल की जगह वॉशिंग मशीन को चुनाव चिन्ह बनाना चाहिए। नेताओं की धुलाई के लिए।

पवार ने कहा कि नरेंद्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जो सरकारी कार्यक्रमों में राजनीतिक बातें करते हैं। उन्होंने कहा- मैंने कई प्रधानमंत्रियों को देखा है। कॉलेज के समय जवाहरलाल नेहरू को देखा। बाद में इंदिरा गांधी, नरसिम्हा राव और एचडी देवगौड़ा को देखा। आज के पीएम और पहले के पीएम में फर्क है।


## संजय सिंह को 5 दिन की रिमांड पर भेजा

### सिसोदिया की जमानत पर 12 अक्टूबर को सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने आप सांसद संजय सिंह को ईडी की 5 दिन की रिमांड पर भेज दिया है। हालांकि ईडी ने कोर्ट से 10 दिन की रिमांड मांगी थी। एजेंसी ने कहा कि हमें डिजिटल डेटा निकालना है। संजय को दूसरे लोगों के साथ बिठाकर पूछताछ करनी है। संजय सिंह को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में 4 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था।

उधर, सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए अगली तारीख 12 अक्टूबर तय की गई है।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने ईडी से पूछा- सबूतों की कड़ी एक-दूसरे से नहीं जुड़ रही है। आपकी दलीलें अनुमान पर आधारित हैं, जबकि यह सबूतों पर आधारित होनी चाहिए।



बेंच ने ईडी से सवाल किया कि सरकारी गवाह बने कारोबारी दिनेश अरोड़ा के बयान के अलावा सिसोदिया के खिलाफ सबूत कहां हैं।

सिसोदिया को अगर पैसे मिले तो किसने दिया और यह उन तक कैसे पहुंचा? पैसे देने वाले बहुत सारे लोग हो सकते हैं। जरूरी नहीं कि यह शराब से जुड़ा हो।

सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया के बाद संजय सिंह आप के तीसरे बड़े नेता हैं, जिन्हें केंद्रीय एजेंसी ने गिरफ्तार किया है। संजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी के नेताओं ने गुरुवार सुबह 11 बजे से भाजपा मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में ले लिया है। जनवरी में ईडी की चार्जशीट में जुड़ा था संजय सिंह का नाम ईडी ने इसी साल जनवरी में अपनी चार्जशीट में संजय सिंह का नाम जोड़ा था। दरअसल, शराब नीति घोटाले में आरोपी से सरकारी गवाह बने दिनेश अरोड़ा ने कहा है कि उसके रेस्तरां में संजय सिंह और दिल्ली के बार-रेस्तरां मालिकों के बीच बैठक हुई थी।

## अनोखा यात्रा धाम बनेगा रानी दुर्गावती का भव्य स्मारक : मोदी

जबलपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मध्यप्रदेश को विकास में टॉप पर ले जाने की मेरी गारंटी है।

मोदी आज यहां वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर रानी दुर्गावती के स्मारक के भूमिपूजन के पश्चात विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि लंबे समय तक जो सत्ता में रहे जनजातीय बंधुओं और उनके सम्मानित वीरों, नेताओं को कभी सम्मान नहीं दिया। आजादी के बाद दशकों तक एक ही दल का शासन रहा। आजादी सिर्फ एक ही परिवार के कारण नहीं मिली। हमने सबका सम्मान किया।

इस अवसर पर मोदी ने मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थानों से जुड़ी 12 हजार करोड़ से अधिक राशि की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास भी किए। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल, राज्य शासन के अनेक मंत्री, प्रदेश के सांसद और अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।




प्रधानमंत्री ने कहा कि उन महापुरूषों को नहीं भुलाना चाहिए, जिनके त्याग और शौर्य के फलस्वरूप आजादी मिली। पूर्वजों का ऋण चुकाना आवश्यक है। वीरांगना रानी दुर्गावती का जीवन हमें सर्वजन हिताय की सीख देता है। जबलपुर में बनने वाला वीरांगना रानी दुर्गावती का भव्य स्मारक एवं उद्यान हर माता और हर नौजवान को यहां आने के लिए आकर्षित करेगा और प्रेरणा देगा। यह एक अनोखा यात्रा धाम बनेगा।

मोदी ने कहा कि जनजातीय समाज के आजादी के आंदोलन में योगदान का स्मरण किया जा रहा है। यह पवित्र कार्य है।

उन्होंने मध्यप्रदेश सहित संपूर्ण जनजातीय समाज और देशवासियों को

### आजादी सिर्फ एक ही परिवार के कारण नहीं मिली

इस स्मारक के भूमिपूजन पर बधाई देते हुए पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का भी स्मरण किया। उन्होंने कहा कि जनजातियों के लिए अटल जी के कार्यकाल में अलग मंत्रालय बनाया गया था। जनजातियों के विकास के लिए बजट भी बढ़ाया गया। सरकार ने जनजातियों का सम्मान सुनिश्चित किया है।

देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद को पहली बार जनजातीय समाज की प्रतिनिधि ने सुशोभित किया है। मैं दुनिया के नेताओं से मिलता हूँ तो उन्हें गोंड चित्रकला के नमूने भेंट करता हूँ। देश में पंचतीर्थ का विकास हुआ है। महू हो अथवा सागर अनुसूचित जाति के महापुरूषों के स्मारक विकसित करना और उन्हें सम्मानित करना हमारी प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि कोई भी राष्ट्र ऐसे स्वतंत्रता दिलवाने वाले नायकों और नायिकाओं पर गर्व करता है।

हमारे देश में अनेक क्रांतिकारियों को भुला दिया गया। मध्यप्रदेश में बन रहे रानी दुर्गावती स्मारक को देखने देशभर से लोग आएंगे। वंचितों को वरीयता दी गई है। करोड़ों लोगों के लिए गाँव में साफ पानी पहुंचाने का कार्य किया गया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया गया। अनुसूचित जाति वर्ग के छोटे किसानों को भी लाभान्वित किया गया। पहले सिर्फ 8 या दस वनोपजों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया था। अब केन्द्र सरकार ने 90 से अधिक वन उपज को एम.एस.पी. के दायरे में लाया है।

**मौतों का सिलसिला** — नांदेड़ मेडिकल कॉलेज डीन के खिलाफ मौत का मामला दर्ज; बॉम्बे हाईकोर्ट में सुनवाई आज

## महाराष्ट्र : नांदेड़ में में 72 घंटे में 38 लोगों की हुई मौत

मुंबई। महाराष्ट्र के नांदेड़ में डॉ. शंकरराव चव्हाण मेडिकल कॉलेज एवं सरकारी अस्पताल में मौतों का सिलसिला जारी है। बीते 72 घंटे में 38 लोगों की जान गई है। गुरुवार को नांदेड़ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में 21 साल की महिला और उसके नवजात शिशु की मौत पर नांदेड़ ग्रामीण पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

### बॉम्बे हाईकोर्ट बोला- दवा की कमी मंजूर नहीं, आज फिर सुनवाई

इधर, बॉम्बे हाई कोर्ट ने नांदेड़ और छत्रपति संभाजीनगर के सरकारी अस्पतालों में मौतों को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी करते हुए कहा- अस्पतालों में दवाओं की कमी होने का कारण हमें मंजूर नहीं है। कोर्ट ने राज्य सरकार से गुरुवार तक हेल्थ बजट का ब्योरा मांगा है। इस मामले पर आज फिर सुनवाई होगी।




### राज्य सरकार ने बनाई 3 सदस्यों वाली जांच समिति

इस बीच, अस्पताल की बदहाली को लेकर सरकार में ही मतभेद सामने आया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सब ठीक होने का दावा किया है। वहीं, चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ ने स्टाफ की कमी की बात मानी है। विपक्ष ने भी अस्पताल में दवाओं व स्टाफ की कमी और उपकरण बंद होने के आरोप लगाए हैं। महाराष्ट्र सरकार ने जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है। समिति ने मंगलवार से ही काम शुरू कर दिया है।

### नॉर्मल डिलीवरी के बाद इलाज के अभाव में हुई मां-बच्चे की मौत

नांदेड़ के कंधार की अंजलि वाघमारे को 30 सितंबर को प्रसव के लिए भर्ती कराया गया था। डॉक्टर ने बच्चे की हालत गंभीर बताते हुए ब्लड बैग और कुछ दवाएं मंगवाईं। इस पर 45 हजार का खर्च आया। लेकिन इलाज नहीं हुआ। न तो वहां डॉक्टर थे, न कोई नर्स।

अंजलि के पिता ने इसकी शिकायत डीन डॉ. श्याम वाकोड़े से की, लेकिन शिकायत है कि उन्होंने उसे भगा दिया।

इसके बाद अंजलि के बच्चे की उसी दिन मौत हो गई। सही इलाज न मिलने के कारण 4 अक्टूबर को अंजलि ने भी दम तोड़ दिया। अंजलि के पिता ने आरोप लगाया था कि इन दोनों मौतों के लिए डॉ. श्याम वाकोड़े और उनके सहयोगी जिम्मेदार थे, इसलिए ग्रामीण पुलिस ने धारा 304 के तहत मामला दर्ज किया।

## बिजली क्षेत्र में अनुसंधान और विकास अत्यधिक महत्वपूर्ण : मुर्मु

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बिजली क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को महत्वपूर्ण करार देते हुए कहा है कि बिजली क्षेत्र का भविष्य इसी पर निर्भर करेगा।

राष्ट्रपति ने गुरूवार को यहां राष्ट्रपति भवन में केन्द्रीय विद्युत इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारियों से मुलाकात की और कहा कि भारत के नेट जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ऊर्जा दक्षता और नवीकरणीय ऊर्जा प्रमुख स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तनों में ऊर्जा दक्षता को 'पहला ईंधन' कहा जाता है।

यह जलवायु परिवर्तन शमन के सबसे तीव्र और किफायती विकल्प उपलब्ध करता है। यह ऊर्जा बिल को भी कम करता है और ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ बनाता है।



उन्होंने केंद्रीय विद्युत इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारियों से ऊर्जा दक्षता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया, जिससे जलवायु परिवर्तन संबंधी लक्ष्यों को अर्जित करना सरल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ऊर्जा परिवर्तन और ग्रिड एकीकरण की प्रक्रिया में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है लेकिन उन्हें इन चुनौतियों से निपटने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि बिजली क्षेत्र का भविष्य अनुसंधान और नवोन्मेषण में निहित है, चाहे वह ऊर्जा भंडारण, ग्रिड प्रबंधन या ऊर्जा उत्पादन के नए रूपों में ही क्यों न हो। उन्होंने उनसे बिजली क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को महत्व देने का आग्रह किया ताकि भारत वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना रहे। उन्होंने कहा कि ऊर्जा की मांग और खपत किसी देश की सामाजिक-आर्थिक प्रगति के संकेतकों में से एक है।

नई दिल्ली
शुक्रवार 06 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## नये-नये तरीके ईजाद कर भ्रष्टाचार किया कांग्रेस सरकार ने : अनुराग

केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री तथा वरिष्ठ भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने सत्ता में आने के बाद भ्रष्टाचार के नए-नए तरीके ईजाद किया है। ठाकुर ने भूपेश सरकार के कथित काले कारनामों को दर्शाने वाले भूपे-एप को लांच करते हुए कहा कि जब से छत्तीसगढ़ बना है तब से पहली बार ऐसी सरकार आई है जो नए-नए तरीके निकाल कर भ्रष्टाचार के नए-नए आयाम तैयार करती है।



## शार्ट न्यूज

### कश्मीर के बडगाम में एसीबी ने राजस्व अधिकारी को रिश्वत लेते हुए किया गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक राजस्व अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। एसीबी के एक बयान में गुरुवार को कहा गया कि उसे एक लिखित शिकायत मिली जिसमें आरोप लगाया गया है कि हलका शरीफाबाद, बडगाम का पटवारी आशिक हुसैन ने शिकायतकर्ता से भूमि के संबंध में जमाबंदी के राजस्व रिकॉर्ड में ऑनलाइन प्रविष्टि के लिए दस हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायतकर्ता ने कानून के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत आरोपी लोक सेवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए एक लिखित शिकायत के साथ एसीबी से संपर्क किया। बयान में कहा गया है कि शिकायत मिलने पर पुलिस स्टेशन एसीबी श्रीनगर में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच की गई। इसके बाद एक ट्रैप टीम का गठन किया गया जिसने सफल जाल बिछाया और शिकायतकर्ता से रिश्वत स्वीकार करते हुए आरोपी लोक सेवक को रंगे हाथों पकड़ लिया। सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

### बैंकर्स समिति की बैठक में नावार्ड की पुस्तक का विमोचन

देहरादून। उत्तराखंड के देहरादून में गुरुवार को अपर मुख्य सचिव (एसीएस) आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की 86वीं बैठक आयोजित की गई और नाबार्ड द्वारा प्रकाशित स्टेट लेवल बैंकिंग प्लान ऑन गोट फार्मिंगनामक पुस्तिका का विमोचन किया। इस दौरान, श्री बर्द्धन ने कहा कि केंद्र एवं राज्य द्वारा चलाई जा रही विभिन्न ऋण संबंधित योजनाओं के अंतर्गत बैंक एवं संबंधित विभाग आपस में समन्वय कर आम जन को तय समय पर ऋण उपलब्ध करवाए। उन्होंने कहा कि समस्त बैंक लम्बित ऋण आवेदन पत्रों का तय समय पर निस्तारण करें। विभिन्न योजनाओ के अंतर्गत ऋण आवेदन पत्रों के निस्तारण के लिए बैंक, बैंक सखी एवं विभाग का सहयोग प्राप्त करें। उन्होंने कहा ऋण आवेदन के क्षेत्र पर सभी बैंक नो-पेंडेंसी के वर्क कल्चर को अपनाएं। बैंकों द्वारा जिन भी ऋण आवेदन पत्रों को अस्वीकारा गया हो, उनका पुन: आंकलन किया जाए। एसीएस ने निर्देशित करते हुए कहा कि बैंक अनुचित कारणों से ऋण आवेदन पत्रों को निरस्त ना करें। त्रुटियों के निराकरण करने के लिए आवेदकों से सम्पर्क करें तथा ऋण आवेदन पत्रों का निष्पादन करें। रोज़गार सृजन ऋण योजनाए पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### संचायिका फर्जीवाड़ा मामले में सरकार की उदासीनता पर हाईकोर्ट ने लगाया जुर्माना

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने संचायिका फर्जीवाड़ा मामले में राज्य सरकार की उदासीनता पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है और सरकार को जवाब देने के लिए अंतिम मोहलत दी है। देहरादून के आरटीआई क्लब की ओर से दायर जनहित याचिका दायर पर मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि सरकार इस मामले में जवाब देने में टालमटोल कर रही है। सरकार को जवाब देने के लिए तीन बार की मोहलत दी गई लेकिन अभी तक जवाब पेश नहीं किया गया। सरकार भी इसका कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पायी। अंत में अदालत ने शिक्षा महकमे पर जवाब न देने के लिए 25 हजार रुपए का जुर्माना लगा दिया। याचिकाकर्ता की ओर से वर्ष 2022 में एक जनहित याचिका दायर करके कहा गया कि सरकारी स्कूलों में तक छात्र छात्राओं से बचत को प्रोत्साहित करने के लिए संचायिका के रूप में कुछ धनराशि जमा करायी जाती थी जो स्कूल छोड़ने पर उन्हें वापस कर दी जाती थी। राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2016 में इसे बंद कर दिया गया। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत से संचायिका की जमा धनराशि को वापस लौटाने की मांग की गई। साथ ही, फर्जीवाड़ा के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।

### कोई शराब घोटाला नहीं है, यह आप के खिलाफ हताश भाजपा की साजिश है : चीमा

चंडीगढ़। पंजाब आम आदमी पार्टी (आप) ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए केन्द्र सरकार खिलाफ प्रदर्शन किया है। आप की पंजाब इकाई ने चंडीगढ़ में भाजपा कार्यालय के सामने केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया, जहां पुलिस ने उनके खिलाफ पानी की बौछारें चलाई। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने विरोध प्रदर्शन में शामिल होने से पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में कोई शराब घोटाला नहीं हुआ है। अगर कोई घोटाला हुआ होता तो दिल्ली सरकार को कुछ न कुछ घाटा होता, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ, जिससे अपने आप में यह साबित हो गया कि शराब नीति में कोई घोटाला नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि शराब नीति की यह जांच नेताओं, ठेकों और खुदरा विक्रेताओं पर हजारों छापे और आप नेताओं और कुछ व्यापारियों की गिरफ्तारी, यह सब आम आदमी पार्टी को रोकने के लिए भाजपा की एक विस्तृत साजिश है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में हरपाल चीमा के साथ कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ, चेतन सिंह जौड़ामाजरा, ब्रह्म शंकर जिम्पा और आप पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष विधायक बुध राम भी मौजूद थे। चीमा ने कहा कि अपने दिन-ब-दिन गिरते ग्राफ से भाजपा हताश और घबराई हुई है।

### पंजाब के पास एक बूंद फालतू पानी नहीं : मान

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को कहा कि राज्य के पास एक बूंद अतिरिक्त पानी नहीं है जो किसी अन्य राज्य को दिया जा सके। मान ने उनकी अध्यक्षता में यहां मुख्यमंत्री निवास पर हुई मंत्रिमंडल की आपात बैठक के बाद ट्वीट कर यह बात कही। उन्होंने कहा, किसी भी कीमत पर एक बूंद पानी किसी अन्य राज्य को नहीं दिया जाएगा। इस सम्बंध में विधानसभा का मानसून सत्र बुलाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सतलुज यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर के निर्माण में सहयोग नहीं करने को लेकर गत बुधवार को उच्चतम न्यायालय की पीठ ने पंजाब सरकार को कड़ी फटकार लगाई थी और कहा था कि उसका अगर यही रवैया रहता है, तो उसे कड़े निर्देश जारी करने पर मजबूर होना पड़ेगा। इसी के मद्देनजर राज्य मंत्रिमंडल की आपात बैठक बुलाई गई जिसमें एसवाईएल नहर और उच्चतम न्यायालय की इस सम्बंध में की गई टिप्पणी को लेकर चर्चा की गई। बैठक के बाद राज्य के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुये कहा कि सरकार का रुख स्पष्ट है। पंजाब एक बूंद भी अतिरिक्त पानी दूसरे राज्यों को देने की स्थिति में नहीं है। भूजल स्तर चिंताजनक स्तर तक नीचे चले जाने के कारण पंजाब खुद पानी का संकट झेल रहा है।

### गहलोत ने हरी झंडी दिखाकर सौ नए फर्स्ट रिस्पॉन्स व्हीकल को किया रवाना

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में कानून व्यवस्था संधारण के लिए पुलिस के आधुनिकीकरण की दिशा में किए जा रहे निरंतर कार्य के तहत गुरुवार को यहां सौ फर्स्ट रिस्पॉन्स व्हीकल (एफआरवी) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गहलोत ने इन वाहनों को मुख्यमंत्री आवास से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन प्रदेश के विभिन्न जिलों में पुलिस बेड़े में शामिल किए जायेंगें। इन सभी वाहनों को आधुनिक मोबाईल डाटा टर्मिनल (एमडीटी), कैमरा, एनवीआर, वायरलेस सेट जीपीएस पब्लिक एड्रेस सिस्टम, फर्स्ट एड बाक्स, स्ट्रेचर, हेलमेट एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों से युक्त किया गया है। ये वाहन कमाण्ड कन्ट्रोल सेन्टरर्स में स्थित ईआरएस डायल 112 से जुड़े रहेगें तथा इनकी वास्तविक लोकेशन को ट्रैक किया जा सकेंगा। कमान्ड कन्ट्रोल सेन्टर को डायल 112 पर प्राप्त सभी कॉल पर आमजन को आपातकालीन स्थिति में नजदीकी एफआरवी को भेजकर त्वरित गति से सहायता उपलब्ध करायी जा सकेगी तथा अपराधों की बेहतर रोकथाम हो सकेगी। इस अवसर पर जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री महेश जोशी, पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा, महानिदेशक (एससीआरबी) रवि प्रकाश मेहरड़ा एवं पुलिस महानिरीक्षक (एससीआरबी) शरत कविराज मौजूद थे।

# महाराष्ट्र में फर्जी ट्रांसफर ऑर्डर देने वाला कॉन्ट्रैक्टर गिरफ्तार

### डिप्टी सीएम फडणवीस के फेक साइन बनाकर 6 अफसरों को भेजा था

**मुंबई।** महाराष्ट्र में फर्जी ट्रांसफर का ऑर्डर देने वाले 40 साल के कॉन्ट्रैक्टर को गिरफ्तार किया गया है। गुरुवार को यह जानकारी मुंबई साइबर पुलिस ने दी है। उन्होंने बताया कि आरोपी ने डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के फेक साइन बनाकर 6 सरकारी अफसरों के तबादले का आदेश दिया था।



#### फर्जी ट्रांसफर ऑर्डर देकर पैसे ठगे

पुलिस का कहना है कि सांगली जिले के रहने वाले आरोपी का नाम मोहम्मद इलियास याकूब मोमिन है। उसने फर्जी आदेश दिखाकर कथित रूप से पैसे ठगे। मोमिन काफी पढ़ा-लिखा है और उसने पैसे कमाने के लिए यह ठगी की। मोमिन ने बिजली विभाग केअसिस्टेंट इंजीनियर और डिप्टी एग्जीक्यूटिव इंजीनियर समेत 6 लोगों को ठगा। उनके तबादले के फर्जी कागजात तैयार किए। इतना ही नहीं डिप्टी सीएम फडणवीस के निजी सचिव विद्याधर महाले की फर्जी मेल आईडी भी तैयार की और 23 जुलाई को ट्रांसफर लेटर भेजा।

#### पुलिस ने आरोपी के मोबाइल जब्त किए

शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने छानबीन कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से मिले मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश रचने से जुड़ी कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

### बंगाल के तीस्ता बैराज में तीन शव बहते हुए मिले

सिलीगुड़ी। उत्तरी पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के तीस्ता बैराज क्षेत्र से तीन अज्ञात शव बहते हुए मिले हैं। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया, लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच का एक युवक सिंगर बस्ती में पाया गया जबकि लगभग 40 वर्ष की एक महिला का शव निर्मला बस्ती में मिला है। इसके अलावा, बुधवार शाम को लगभग 35 साल के पुरुष को तीस्ता बैराज क्षेत्र से बरामद किया गया। सूत्रों ने बताया कि शवों की पहचान के प्रयास जारी हैं। गौरतलब है कि मंगलवार को उत्तरी सिक्किम के लाचेन में बादल फटने और तीस्ता बैराज से पानी छोड़े जाने के साथ-साथ ल्होनक झील में पानी छोड़े जाने से बुधवार सुबह से बंगाल के कलिम्पोंग, दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी और कूच बिहार के कई निचले जिलों में बाढ़ आ गई है।

## गरुड़ कमांडो आपदा के समय हमेशा उपलब्ध रहते हैं : वायुसेना अधिकारी

**जम्मू।** वायु सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि उनके गरुड़ कमांडो आपदा के समय हमेशा उपलब्ध रहते हैं।

हाल ही में हिमाचल प्रदेश में आई बाढ़ के दौरान आपदा राहत अभियान के रूप में जम्मू स्थित हेलीकॉप्टर इकाई द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस मौके पर जम्मू वायु सेना की हेलीकॉप्टर यूनिट के सीओ विंग कमांडर इरफान जुरियाल ने यहां पत्रकारों से कहा, मैं आपके (मीडिया) माध्यम से केवल इतना कह सकता हूं कि लोग हम पर भरोसा कर सकते हैं और हम उन्हें किसी भी प्राकृतिक आपदा या आपदा जैसी स्थिति से बचाने के लिए उपलब्ध हैं।

जम्मू वायु सेना स्टेशन के एयर-ऑफिसर-कमांडिंग (एओसी) एयर कमोडोर सागर सिंह रावत भी वरिष्ठ भारतीय वायुसेना अधिकारियों के साथ मौजूद थे। इस अवसर पर उन्होंने वायु सेना की 91वीं वर्षगांठ पर प्रतिभागियों को बधाई भी दी।

पश्चिमी सीमाओं पर मंडरा रहे ड्रोन खतरों पर एयर कमोडोर रावत ने कहा, हम किसी भी स्थिति के लिए तैयार हैं और सभी उपाय किए गए हैं। हमारा प्लेटफॉर्म दक्षता के साथ निगरानी और टोह लेने में सक्षम है। हमारे गरुड़ कमांडो फंसे हुए लोगों का कीमती जीवन बचाने के लिए उनका आत्मविश्वास बहाल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लोग हम पर भरोसा कर सकते हैं क्योंकि मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) अभियानों के दौरान हम उन्हें किसी भी आपदा से बचाने के लिए हमेशा उपलब्ध हैं।

## प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का गणेश जोशी ने किया निरीक्षण

अल्मोडा/जागेश्वर। उत्तराखंड के कृषि और सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी गुरुवार को जागेश्वर में 12 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित दौरे के संबंध में जागेश्वर स्थित शौकियाथल हेलीपेड में व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जोशी ने अधिकारियों को नियत समय पर सुनियोजित ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए ।उन्होंने कहा, उत्तराखंड वासियों के लिए यह सौभाग्य की बात है, चुनाव के बाद देश के प्रधानमंत्री उत्तराखंड आ रहे है, और उसकी शुरुवात जागेश्वर धाम से कर रहे है। उसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आदि कैलाश जाएंगे। पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ ही, राज्य की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्तराखंड आगमन को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आने से यहां के पर्यटन को अधिक बढ़ावा मिलेगा।

मंत्री ने कहा, जहां-जहां महापुरुषों के चरण पड़ते है, वहां के क्षेत्र का कायाकल्प हो जाता है। प्रधानमंत्री का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। वह जब भी उत्तराखंड आते है, राज्य वासियों को कुछ न कुछ सौगात देकर जाते है। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि निश्चित ही वे इस बार भी उत्तराखंड वासियों को बड़ी सौगात देंगे।

इस दौरान, जागेश्वर के शौकियाथल पहुँचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत किया।

# बंगाल में विहिप, बजरंग दल की रैली को दी मंजूरी

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) और बजरंग दल की प्रस्तावित पूरे पश्चिम बंगाल में रैली निकालने की अनुमति दे दी है। अदालत के सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।



दोनों हिंदू संगठनों ने एक राष्ट्रव्यापी रैली का प्रस्ताव रखा है, जिसे चार-आठ अक्टूबर के बीच पश्चिम बंगाल से गुजरने की योजना है। पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा राज्य के कुछ जिलों में रैली को आगे बढ़ाने की अनुमति देने से इनकार करने के बाद वीएचपी और बजरंग दल के सदस्यों द्वारा तीन अलग-अलग याचिकाएं दायर की गईं।

कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने बुधवार को इस मुद्दे पर प्रतिस्पर्धी अधिवक्ताओं की सुनवाई करते हुए, दो भगवा संगठनों के सदस्यों द्वारा दायर तीन अलग-अलग याचिकाओं को अनुमति दे दी।

याचिकाकर्ताओं ने कहा, इस यात्रा का उद्देश्य हिंदू धर्म से संबंधित विभिन्न मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाना है। इसका उद्देश्य विभिन्न स्वतंत्रता का सम्मान करना भी है। ऐसे सेनानी, जिन्होंने हिंदू धर्म और हिंदू संस्कृति की रक्षा करते हुए देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। यह धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व वाले विभिन्न स्थलों से होकर गुजरेगा।

उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि विहिप और बजरंग दल के सदस्य कोई भी अस्त्र-शस्त्र नहीं ले जायेंगे। याचिकाकर्ताओं ने नागरिकों के बीच राष्ट्रवाद को प्रेरित करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। याचिकाएं विहिप और बजरंग दल के तीन सदस्यों, चंदन कैटी, अमित प्रमाणिक और देबजीत भर ने अपने वकील अनामिका पांडे और फ़िरोज़ एडुलजी के माध्यम से दायर की थीं। याचिकाओं में कहा गया, लोगों को यह याद दिलाना ज़रूरी है कि 15 अगस्त, 1947 की आज़ादी के पीछे लड़ाइयों, विद्रोहों और आंदोलनों का एक अराजक इतिहास है, जिसे नहीं भूलना चाहिए। देश में ब्रिटिश उपनिवेशवाद एक मानवीय त्रासदी थी, जिसकी दर्ज इतिहास में कुछ समानताएं हैं।

याचिकाकर्ताओं ने आश्वासन दिया कि यात्रा में विहिप और बजरंग दल के अधिकतम 200 सदस्यों के भाग लेने की संभावना है और केवल तीन ट्रक और 20 मोटरसाइकिलें ही चलाई जाएंगी।

विहिप ने यात्रा का उद्घाटन उत्तरी बंगाल के अलीपुरद्वार जिले के जयगांव से किया, जो भूटान का सीमावर्ती क्षेत्र है।

## उद्यान घोटाला की जांच पूरी, 10 को होगा सीबीआई जांच पर फैसला

**नैनीताल।** उत्तराखंड के बहुचर्चित उद्यान घोटाला प्रकरण में विशेष अन्वेषण दल (एसआईटी) ने जांच पूरी कर ली है। सरकार की ओर से जांच रिपोर्ट सील बंद लिफाफे में उच्च न्यायालय में पेश कर दी गई है। अदालत 10 अक्टूबर को इसका परीक्षण करेगी।

सरकार की ओर से यह बात मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ के समक्ष हल्द्वानी निवासी दीपक करगेती की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान आज रखी गयी। सरकार की ओर से महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर अदालत में पेश हुए। उन्होंने अदालत को बताया कि एसआईटी की ओर से पूरे प्रकरण की जांच पूरी कर ली गयी है। बकायदा रिपोर्ट सील बंद लिफाफे में अदालत में जमा कर दी गयी है।

उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले में आरोपी जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश की फर्मो को नोटिस जारी करके बुलाकर याचिका में उठाये गये बिन्दुओं पर पूछताछ की गयी। इसके बाद अदालत ने रिपोर्ट के परीक्षण के लिये 10 अक्टूबर की तिथि नियत कर दी। सरकार की ओर से अगली सुनवाई के लिये समय की मांग की गयी। सरकार की ओर से कहा गया कि इसी बीच प्रधानमंत्री मोदी प्रदेश के भ्रमण पर आ रहे हैं और प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर शासन और प्रशासन काफी व्यस्त है।

अदालत ने सरकार की मांग को अस्वीकार कर दिया और सुनवाई के लिये 10 अक्टूबर की तिथि नियत कर दी।

अब अदालत 10 अक्टूबर को तय करेगी कि इस मामले की जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो को सौंपी जाये या नहीं।

यहां बता दें कि याचिकाकर्ता ने इसी साल दायर जनहित याचिका में आरोप लगाया है कि नर्सरी और पौधों की खरीद के नाम पर उद्यान विभाग में करोड़ों रूपये की हेराफेरी की गयी है। उद्यान निदेशक हरमिंदर सिंह बावेजा के इशारे पर पूरा खेल हुआ है। याचिकाकर्ता की ओर से इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की गयी है।

इस मामले के प्रकाश में आने के बाद सरकार ने श्री बावेजा को निलंबित कर दिया और कुछ समय पहले मामले की जांच एसआईटी को सौंप दी।

## अरुणाचल प्रदेश में सहकारी समितियां स्थापित करने की योजना को मंजूरी

एजेंसी

ईटानगर। सहकारी आंदोलन को मजबूत करने और जमीनी स्तर तक इसकी पहुंच का विस्तार करने के लिए अरुणाचल प्रदेश राज्य सहकारी विकास समिति ने 150 बड़े आकार की बहुउद्देश्यीय समितियों सहित 490 से अधिक सहकारी समितियों की स्थापना की जिलावार योजना की मंजूरी दी। इसके अंतर्गत अगले पांच वर्षों की अवधि में राज्य भर में बहुउद्देश्यीय सहकारी समितियों, 157 डेयरी सहकारी समितियों और 184 मत्स्य पालन सहकारी समितियों की स्थापना की मंजूरी दी गयी है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा, राज्य सहकारी विकास समिति की गुरुवार को यहां राज्य सिविल सचिवालय में मुख्य सचिव धर्मेंद्र की अध्यक्षता में पहली बैठक हुई, जिसमें पायलट आधार पर नामसाई लैंप्स द्वारा 500 मीट्रिक टन अनाज भंडारण योजना की स्थापना को भी मंजूरी दी गई।

## ईडी ने रतिन घोष के आवास पर की छापेमारी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री रथिन घोष के आवास और एक दर्जन अन्य स्थानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को राज्य भर के नागरिक निकायों में कथित नौकरी के बदले नकदी घोटाले के संबंध में छापेमारी की।

आधिकारिक सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है।

ईडी अधिकारियों की टीमें सुबह करीब छह बजे उत्तर 24 परगना जिले सहित विभिन्न स्थानों पर पहुंची और केंद्रीय सशस्त्र बलों के सहयोग से आरोपी अधिकारियों के घरों और कार्यालयों पर छापेमारी शुरू कर दी।

सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय जांच एजेंसी ने उत्तर 24 परगना जिले के माइकल नगर स्थित मंत्री के घर सहित करीब 13 स्थानों की तलाशी ली। पहली बार ईडी अधिकारियों ने कथित घोटाले के संबंध में किसी मंत्री के घर पर छापेमारी शुरू की है।

सूत्रों के मुताबिक, ईडी के अधिकारी सुबह छह बजे श्री घोष के आवास पर पहुंचे और रिपोर्ट दाखिल करने के समय भी वे वहीं थे। घोष मध्यमग्राम नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष हैं।

वह वर्तमान में मध्यमग्राम विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले तृणमूल कांग्रेस के विधायक हैं। ईडी ने उत्तर 24 परगना जिले में कमरहाटी नगर पालिका अध्यक्ष गोपाल साहा के घर पर भी छापा मारा।

मंत्री पर यह आरोप लगाया गया था कि 2014-18 के दौरान नकदी के बदले एक हजार से अधिक लोगों को विभिन्न नागरिक निकायों में नौकरी दी गई थी।

### हिमाचल में स्क्रब टायफस से मासूम की मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश में स्क्रब टायफस के मामले दिनों-दिन जानलेवा हो रहे हैं। लगातार बढ़ रहे स्क्रब टायफस के मामलों ने लोगों की नींद हराम कर रखी है। प्रदेश में इस जानलेवा बीमारी से बुधवार को एक वर्षीय मासूम की जान चली गयी है। गौरतलब है कि प्रदेश में स्क्रब टायफस से महज एक साल की मासूम बच्ची की मौत हो गई है। मासूम को स्क्रब टायफस संक्रमण होने के चलते आईजीएमसी में भर्ती किया हुआ था। जहां उसने कल रात दम तोड़ दिया। इसके साथ ही प्रदेश में स्क्रब टायफस से होने वाली मौत का आंकड़ा 14 पहुंच गया है। इससे पहले प्रदेश में 01 अक्टूबर को 65 वर्षीय व्यक्ति ने स्क्रब टायफस से दम तोड़ा था। उधर स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि डॉक्टरों की टीम पूरी नजर बनाए हुए हैं।

# फर्जी शिक्षक प्रकरण में हाईकोर्ट सख्त, सरकार से मांगी प्रगति रिपोर्ट

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने गुरुवार को फर्जी शिक्षक प्रकरण की सुनवाई के दौरान सख्त रूख अख्तियार करते हुए सरकार से 10 अक्टूबर तक अभी तक की प्रगति रिपोर्ट पेश करने को कहा।



अदालत ने कहा कि सरकार यह भी बताये कि तीन साल में इस मामले में कितनी प्रगति हुई है। काठगोदाम दमुवाढूंगा की स्टूडेंट गार्जियन वेलफेयर कमेटी की ओर से दायर जनहित याचिका पर मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में सुनवाई हुई।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता त्रिभुवन पांडे की ओर से कहा गया कि अदालत ने सन् 2020 में सरकार को निर्देश दिये थे कि तीन महीने के अदंर शिक्षा महकमे में तैनात सभी शिक्षकों के दस्तावेजों और डिग्रियों की जांच कर फर्जी शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लायें लेकिन सरकार ठोस कदम नहीं उठा पायी हैं।

सरकार की ओर से कहा गया कि प्रदेश में लगभग 33000 शिक्षक मौजूद हैं। लगभग 12000 शिक्षकों के प्रमाण पत्रों की जांच पूरी हो चुकी है। इनमें से 69 शिक्षकों के दस्तावेज फर्जी पाये गये हैं जबकि 57 के खिलाफ सरकार कार्रवाई कर चुकी है।

अदालत सरकार के जवाब से संतुष्ट नहीं हुयी।

अदालत ने इलैक्ट्रानिक माध्यमों के युग में सरकार की जांच की गति पर सवाल उठाये। अदालत ने कहा कि पिछले तीन साल से सरकार इस मामले में सोई हुई है।

अंत में अदालत ने सरकार को निर्देश दिये कि अभी तक की प्रगति रिपोर्ट अदालत में पेश करे। सरकार की ओर से प्रधानमंत्री की यात्रा का हवाला देते हुए अगली सुनवाई के लिये समय की मांग की गयी लेकिन अदालत ने इसे अस्वीकार कर दिया और सुनवाई के लिये 10 अक्टूबर की तिथि तय कर दी।

# इंजीनियरिंग के विद्यार्थी नवीनतम तकनीक से जुड़े रहें : नवीन

### बीपीयूटी देश में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित संस्थान

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरुवार को कहा कि इंजीनियरिंग के विद्यार्थी खुद को नवीनतम तकनीक से जोड़े रखना और आगे रहना होगा।



यहां बीजू पटनायक प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (बीपीयूटी) टेक कार्निवल-2023 का उद्घाटन करने के अवसर पर पटनायक ने कहा, प्रौद्योगिकी हमारे भविष्य की धुरी है। हमारा विकास, हमारी खुशहाली, सब कुछ उन्नत और उभरती प्रौद्योगिकियों पर हमारी पकड़ पर निर्भर है इसलिए हमें खुद को नवीनतम तकनीक से जोड़े रखना चाहिए और आगे रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीपीयूटी देश में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित संस्थान है। इसने राज्य और देश के विकास में बहुत योगदान देने वाले कई तकनीकी मेधावी पैदा किए हैं।

पटनायक ने कहा कि ओडिशा ने अपने युवाओं को कौशल प्रदान करने, उन्हें रोजगार योग्य बनाने और राज्य को विश्व की कौशल राजधानी बनाने में काफी प्रगति की है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड स्किल सेंटर कई व्यवसायों में उन्नत कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने वाला एक प्रमुख संस्थान है। विद्यार्थियों को विश्व स्तर पर रोजगार योग्य बनाने में ये प्रयास अत्यधिक प्रभावी रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, टेक कार्निवल-2023 की कल्पना विद्यार्थियों को तकनीकी, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों में संलग्न करने के लिए की गई है। मैंने खुशी व्यक्त की है कि यह कार्यक्रम हमारे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, ईमानदारी और समर्पण को स्वीकार करने तथा सराहना करने के लिए एक कैलेंडर कार्यक्रम होगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वेब पोर्टल एवं कार्यक्रम के पोस्टर का लोकार्पण किया। कौशल विकास राज्य मंत्री प्रीतिरंजन घराई ने कहा कि मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में ओडिशा अब तकनीकी शिक्षा का केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि जहां विद्यार्थियों को यहां गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा मिल रही है, वहीं राज्य के बाहर से भी विद्यार्थी शिक्षा के लिए भुवनेश्वर आ रहे हैं।

### हिमाचल के डगवार में स्थापित होगा स्वचालित दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित : सुक्खू

शिमला । हिमाचल प्रदेश के राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के सहयोग से जिला कांगड़ा के डगवार में अत्याधुनिक पूर्ण रूप से स्वचालित दूध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया जाएगा। इस परियोजना का शिलान्यास शीघ्र ही किया जाएगा। इस संयंत्र में 1.5 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता का होगा। यह जानकारी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरुवार को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। सुक्खू ने कहा कि इस परियोजना के प्रथम चरण में 180 करोड़ रुपये के निवेश से संयंत्र का निर्माण किया जाएगा। इस संयंत्र के स्थापित होने से दही, लस्सी, मक्खन, घी, पनीर, स्वादिष्ट दूध, खोया और मोजेरेला पनीर सहित विभिन्न प्रकार के डेयरी उत्पाद तैयार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए चंबा, हमीरपुर, कांगड़ा और ऊना जिला के दुग्ध उत्पादकों से दूध खरीद कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने दूध खरीद में पारदर्शिता के महत्व पर बल देते हुए कहा कि इससे किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दूध खरीद प्रणाली को मजबूत करने के लिए 43 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जाएगा। संयंत्र का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिदिन 2.74 लाख लीटर दूध खरीदने का लक्ष्य रखा जाएगा।

## शार्ट न्यूज

### सात अक्टूबर से सात नवंबर तक एंटी डस्ट कैंपेन चलाएगी दिल्ली सरकार

नयी दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को कहा कि केजरीवाल सरकार विंटर एक्शन प्लान के तहत सात अक्टूबर से सात नवंबर तक एंटी डस्ट कैंपेन चलाएगी। राय ने अपनी अध्यक्षता में सभी संबंधित विभागों के साथ संयुक्त बैठक के बाद आज कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार द्वारा उठाए गए कड़े कदमों की वजह से वायु प्रदूषण में लगातार सुधार हो रहा है। दिल्ली सरकार द्वारा उठाए गए कदमो के कारण पिछले आठ सालों में दिल्ली के वायु प्रदूषण में 30 फीसद की कमी देखी गई है। सर्दियों के मौसम में होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए 29 सितंबर को केजरीवाल द्वारा 15 फोकस प्वाइंट पर आधारित विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की गई थी। दिल्ली में वायु प्रदूषण में और सुधार लाने के लिए विंटर एक्शन प्लान के तहत हमारी सरकार 7 अक्टूबर से अगले एक महीने के लिए दिल्ली में एंटी डस्ट कैंपेन शुरू कर रही है। उन्होंने कहा कि एंटी डस्ट कैंपेन के तहत पूरी दिल्ली में निगरानी को लेकर 13 विभागों की 591 टीमों की तैनाती की जा रही है। यह टीमें 24 घंटे दिल्ली में डस्ट प्रदूषण की घटनाओ की निगरानी और उसे रोकने का काम करेंगी। इसकी रिपोर्ट समय-समय पर पर्यावरण विभाग और डीपीसीसी के साथ साझा की जाएगी।

### बच्चो से भरी स्कूल बस ने बाइक को मारी टक्कर : युवक के सिर में लगी चोट

नोएडाञ नोएडा में एक स्कूल बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। एक्सीडेंट होते ही सड़क पर मौजूद लोगों ने बस को रुकवा लिया। पुलिस को जानकारी दी गई। घायल को नजदीक के अस्पताल भेजा गया। उसके सिर और हाथ पैर में चोट लगी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने बस चालक को कंडक्टर को हिरासत में लिया है। जिस समय ये घटना हुई, उस समय बस में बच्चे मौजूद थे। जिनको दूसरी बस के जरिए घर भेजा गया। एसीसी रजनीश वर्मा ने बताया कि सेक्टर-33 में रॉकवुड पब्लिक स्कूल है। स्कूल की बस बच्चों से भरी हुई थी। बस में छोटे बच्चे थे। दादरी रोड पर सेक्टर-43 मोड़ के पास चालक ने बस को जैसे टर्न करने का प्रयास किया। उसने साइड से एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। बाइक साइड में जाकर गिरी। बाइक सवार के सिर और हाथ पैर में चोट लगी। झटका लगने से बस में सवार बच्चे ढर गए और शोर मचाने लगे। वहां मौजूद लोगों ने बस को रोक लिया। पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने घायल व्यक्ति की पहचान नीरज पुत्र गजराज सिंह के रूप में की है। उसे प्रयाग अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से उपचार के बाद उसे घर भेजा जा रहा है। पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया है। साथ ही बस को सीज कर दिया है। इस दौरान बस काफी देर तक मोड़ पर ही खड़ी रही।

### एमएमजी हॉस्पिटल में वसूली पर हंगामा

गाजियाबाद। गाजियाबाद के एमएमजी हॉस्पिटल में नगर निगम के सफाईकर्मियों का मेडिकल करने के नाम पर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। इसके खिलाफ अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ने गुरुवार को हॉस्पिटल पहुंचकर हंगामा किया। सीएमएस का घेराव करके उन्हें समस्या बताई और दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की। सीएमएस ने भरोसा दिया कि इस मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी। हालांकि मौके पर वो कर्मचारी मौजूद नहीं मिले, जिन पर अवैध वसूली का आरोप है। सफाई कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि ईसीजी के 70 रुपए और मेडिकल रिपोर्ट बनाने के 100-100 रुपए लिए जा रहे हैं। सफाई कर्मचारी संघ के महानगर अध्यक्ष विकास धिंगान ने बताया बीते कई दिनों से अवैध वसूली की शिकायतें आ रही थीं। जिसके बाद विकास धींगान सहित महामंत्री गुलशन चढ़ा, वाहन चालक संघ के अध्यक्ष संजय चड्डा गुरुवार को एमएमजी हॉस्पिटल पहुंचे। सभी पदाधिकारी अपने साथ उन कर्मचारियों को भी लेकर गए थे, जिनसे रुपए वसूले गए थे। सीएमएस ने स्पष्ट रूप से कहा कि मेडिकल प्रक्रिया पूरी तरह फ्री है। अगर कोई रुपयों की डिमांड करता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### गाजियाबाद में सरकारी विद्यालय का सौंदर्यीकरण

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में प्राथमिक विद्यालय हिंडन विहार के नवीनीकरण और सौन्दर्यीकरण का कार्य परवरिश केयर्स फाउंडेशन द्वारा अनमोल बिस्कुट के सीआरएस फंड के जरिये कराया गया है। गुरुवार को नवीन विद्यालय भवन का उदघाटन जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह और अनमोल बिस्कुट के मालिक गोविंद ने फीता काटकर किया। परवरिश संस्था के महासचिव फराज खान ने विद्यालय की पहले की जर्जर स्थिति से अवगत कराया। साथ ही विद्यालय में नए काम जैसे रसोईघर, अध्यापक शौचालय आदि से अवगत कराया। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने सौन्दर्यीकरण और नवीनीकरण की प्रशंसा की तथा विद्यालय परिसर में एक स्मार्ट क्लास बनवाने की सलाह दी। परवरिश संस्थान के महासचिव फराज खान ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर रामवीर तंवर, सुशांत कालरा आदि मौजूद रहे। राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोरी गाजियाबाद में मेरा हुनर मेरी पहचान कार्यक्रम के अंतर्गत नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजयी हुए बच्चों को 8 अक्टूबर को समापन समारोह में पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे।

### सो रही महिला से किया दुष्कर्म का प्रयास

मोदीनगर। मोदीनगर की एक कॉलोनी में देर रात दो बजे दीवार फांदकर घर के अंदर आए युवक ने चारपाई पर सो रही महिला से दुष्कर्म करने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। महिला ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने की बात कह रही है। नगर की एक कॉलोनी में महिला परिवार सहित रहती है। महिला का आरोप है कि बुधवार देर रात वह अपने कमरे में चारपाई पर सो रही थी। इसी बीच अचानक किसी के छूने का एहसास हुआ। जब महिला की आंख खुली तो एक युवक खड़ा था। इसके बाद युवक ने महिला के साथ जबरदस्ती करनी शुरु कर दी। विरोध करने पर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। चीख पुकार की आवाज सुन मौके पर आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। महिला ने बताया कि पडोसी युवक दीवार फांदकर घर के अंदर आया था। मेन गेट के दरवाजा बंद पड़ा हुआ था। पीड़िता ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी मोदीनगर ने बताया कि जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक महिला परिवार सहित रहती है। वह अपने घर के बाहर ही परचुन की दुकान भी करती है। उन्होने बताया किशाम के समय मेरी दस साल की पुत्री दुकान पर बैठी हुई थी।

### मोबाइल लूटने वाले गिरोह के दो गिरफ्तार

मोदीनगर। मोदीनगर में सुनसान स्थान व राह चलते लोगों से मोबाइल लूट करने वाले गिरोह के दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से लूटे गए चार मोबाइल व बाइक बरामद की है। बदमाश गए लूटे गए मोबाइल दिल्ली बेचते थे। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि बुधवार देर रात सूचना मिली कि मोबाइल लूटने वाले गिरोह के बदमाश क्षेत्र में वारदात करने के इरादे से घूम रहे है। सूचना मिलते ही पुलिस की दो टीम बदमाशों की तलाश के लिए लगाई गई। पुलिस ने चैकिंग अभियान शुरू कर दिया। इसी बीच बाइक सवार दो युवक आते हुए दिखाई दिए। जब पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो उन्होने बाइक की रफ्तार तेज कर दी। पुलिस ने एक किलोमीटर तक पीछा कर उन्हें दबोच लिया। पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम लक्की चौधरी निवासी फफराना बस्ती व हिंमाशु निवासी भूपेन्द्रपुरी कॉलोनी बताया। पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वह सुनसान स्थान पर जा रहे लोगों से लूट की वारदात को अंजाम करते थे। इतना ही नहीं राह चलते मोबाइल भी लूट लेते थे। पकडे गए बदमाश मोबाइल का लॉक तोड़ने में माहिर है ।

# मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत 79वीं ट्रेन रामेश्वरम् रवाना

## रामेश्वरम् यात्रा की सबसे ज्यादा डिमांड है, अब तक 22 ट्रेनों से करीब 20-22 हजार लोग यात्रा कर चुके हैं : अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा के तहत गुरुवार को एक बार फिर दिल्ली के 780 बुजुर्गों को लेकर यात्रा ट्रेन रामेश्वरम् के लिए रवाना हुई। पिछले कई हफ्ते से लगातार यात्रा ट्रेन बुजुर्गों को लेकर अलग-अलग तीर्थ स्थलों के लिए रवाना हो रही है। इसी कड़ी में रवाना हुई यह 79वीं ट्रेन रामेश्वरम् की यात्रा आठ दिन में पूरी करेगी। इससे पहले त्यागराज स्टेडियम में बुजुर्ग तीर्थ यात्रियों ने भजन संध्या का आनंद लिया। हर बार की तरह इस बार भी भजन संध्या में पहुंच कर सीएम अरविंद केजरीवाल ने बुजुर्ग तीर्थ यात्रियों से मुलाकात कर उनकी खुशी को साझा किया। सीएम यात्रा की शुभकामना देते हुए ने कहा कि रामेश्वरम् की यात्रा सबसे ज्यादा डिमांड है। दिल्ली से अब तक 22 ट्रेनों रामेश्वरम् जा चुकी हैं, जिसमें करीब 20-22 हजार लोग यात्रा कर चुके हैं।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अभी तक हमारी 78 ट्रेनें करीब 76 हजार तीर्थ यात्रियों को लेकर देश के अलग- अलग कोने में जा चुकी हैं। आजकल लगभग हर हफ्ते एक ट्रेन जाती है। शिरडी बाबा, हरिद्वार, त्रषिकेष, मथुरा, वृंदावन, अयोध्या समेत देश के कई तीर्थ स्थलों पर जाते हैं। हर हफ्ते मैं तीर्थ यात्रियों से मिलने आता हूं। जब आप सभी तीर्थ यात्रा पर जा रहे होते हैं, तो बहुत खुश होते हैं। आपसे थोड़ी खुशी लेने मैं भी हर हफ्ते आ जाता हूं।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज रामेश्वरम् की यात्रा पर 780 लोग जा रहे हैं। रामेश्वर देश के बिल्कुल दक्षिणी छोर पर है। हम लोग उत्तरी छोर पर उपर बैठे हैं और रामेश्वर बिल्कुल नीचे है। दिल्ली से



रामेश्वर सबसे दूर है। इसलिए भी सबसे ज्यादा मांग रामेश्वरम् की ट्रेन की रहती है।

अभी तक 22 ट्रेन रामेश्वरम् जा चुकी है और 20 से 22 हजार लोग अभी तक रामेश्वरम् की यात्रा कर चुके हैं। रामेश्वरम् की ट्रेन का बड़ी मुश्किल से नंबर आता है।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम देखते हैं कि यात्रा में सबसे ज्यादा महिलाएं जाती हैं। इसका एक कारण यह भी है कि समान्य परिवारों में आदमी तो काम आदि वजहों से घूम लेते हैं, लेकिन महिलाओं को बाहर जाने का कभी मौका नहीं मिलता है। अगर दिल्ली सरकार की यह तीर्थ यात्रा योजना नहीं होती तो पता नहीं आपको रामेश्वरम् जाने का कभी मौका मिलता या नहीं मिलता। सभी लोग पवित्र मन से यात्रा पर जाएं। ढाई दिन का रास्ता है। लेकिन यह रास्ता लंबा नहीं लगेगा। आपस में सबकी पहचान हो जाएगी और आप सभी एक परिवार बन जाएंगे। सिर्फ मंदिर नही देखना नहीं है, बल्कि ट्रेन के सफर में भी काफी आनंद आएगा। यह यात्रा पूरी जिंदगी याद रहेगी।

सीएम ने बताया कि ढाई दिन की यात्रा के बाद दो दिन मंदिर दर्शन का कार्यक्रम है।

पहले दिन रामेश्वरम् मंदिर देखने जाएंगे और अगले दिन मीनाक्षी मंदिर देखेंगे। इसके बाद उसी रात को वापस दिल्ली के लिए रवाना होंगे। दो दिन की यात्रा के बाद दिल्ली पहुंच जाएंगे। हमने सफर के दौरान खाने-रहने समेत अन्य सभी सुविधाओं का इंतजाम करने की पूरी कोशिश की है। रामेश्वरम् में पहुंचने पर वहां बसों का इंतजाम है।

किसी तरह की कोई परेशानी होगी, इसका हमने पूरा ख्याल रखा है। अगर कोई कमी रह जाए तो हमें माफ की कीजिएगा।

### रामेश्वरम् की दूरी और खर्चा ज्यादा होने के कारण बुजुर्ग नहीं जा पाते हैं, उनकी ये इच्छा केजरीवाल सरकार पूरी कर रही

इस अवसर पर राजस्व मंत्री आतिशी ने यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत अब तक 78 ट्रेनों के ज़रिए अलग-अलग तीर्थ-स्थलों पर 76 हजार से ज्यादा बुजुर्ग तीर्थ-यात्रा कर चुके हैं। आज 79वीं ट्रेन रामेश्वरम धाम के लिए रवाना हो रही है। उन्होंने कहा कि बहुत से लोगों का रामेश्वरम धाम जाने का मन होता है, लेकिन दिल्ली से रामेश्वरम की दूरी और ज्यादा खर्च के कारण मन मारकर रह जाते है लेकिन मुख्यमंत्री तीर्थ-यात्रा योजना द्वारा हम अपने बुजुर्गों की इस इच्छा को पूरा कर रहे है। इसके लिए मैं सीएम अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने दिल्ली के बुजुर्गों के बारे में सोचा और तीर्थ यात्रा पर जाने की उनकी इच्छा को पूरा किया।

# संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ आप कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पार्टी राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ गुरुवार को राजधानी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय के पास विरोध प्रदर्शन किया।

दिन की शुरूआत में दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि ईडी पिछले 15 महीनों से कथित दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाले की जांच कर रही है, लेकिन सबूत पेश करने में विफल रही है। उन्होंने भाजपा को चुनौती देते हुए यह बताने को कहा कि सिंह के आवास पर ईडी की छापेमारी में कितना पैसा बरामद किया गया है।

उन्होंने कहा कि एजेंसी को आगे आना




चाहिए और देश को इसके बारे में बताना चाहिए। आतिशी ने कहा, अगर आपके (भाजपा) पास एक पैंसे का भी सबूत है तो वह देश के सामने पेश करें या फिर राजनीति छोड़ दें।

भाजपा पर निशाना साधते हुए दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने कहा कि राज्यसभा सांसद सिंह पर ईडी की कार्रवाई केंद्र सरकार के मन में व्याप्त आगामी लोकसभा चुनाव में हार के डर को दर्शाती है।

राय ने कहा, वे सभी विपक्षी नेताओं को जेल में डालकर चुनाव जीतना चाहते हैं। इससे पहले बुधवार को ईडी ने दिल्ली आबकारी पुलिस मामले में आप नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवास पर छापेमारी के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया था।

उन्होंने बताया कि दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मामले में इडी ने 10 घंटे से अधिक समय तक श्री सिंह से पूछताछ की थी। सत्येन्द्र जैन और मनीष सिसौदिया के बाद संजय सिंह आप के तीसरे नेता हैं जिन्हें ईडी ने गिरफ्तार किया है।

इस बीच, दिल्ली भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दिल्ली की आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ राजघाट पहुंचे।

दिल्ली भाजपा इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आरोप लगाया, महात्मा गांधी जी कहा करते थे कि शराब व्यक्ति के शारीरिक और आध्यात्मिक पतन का कारण बनती है, लेकिन यहां दिल्ली में हमने देखा है कि शराब, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नैतिक पतन का कारण बना है।

# ग्रेटर नोएडा में जंगल में लटका मिला कारोबारी का शव

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में गुरुवार को कारोबारी का शव जंगल में पेड़ से लटका मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि गृह क्लेश को लेकर कारोबारी परेशान था। उसी के चलते उन्होंने यह कदम उठाया। पुलिस सभी बिन्दुओं पर जांच कर रही है। ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 थाना क्षेत्र के सेक्टर गामा वन जंगल में पेड़ पर एक व्यक्ति का शव लटका होने की सूचना पुलिस को मिली। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पाया कि 50 वर्षीय व्यक्ति फांसी का फंदा लगाकर पेड़ पर लटका हुआ था।मृतक की पहचान जगवीर सिंह राठी (50) के रूप में हुई। जोकि थाना क्षेत्र के गामा 1 सेक्टर के रहने वाले थे। उनका शव गामा वन के जंगल में पेड़ पर रस्सी से लटका हुआ था। सूचना पर थाना बीटा 2 पुलिस



द्वारा शव को कब्जे मे लेकर पंचायत नामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि नजफगढ़ में यह प्लास्टिक पाइप ट्रेडिंग का काम करते थे। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा द्वारा बताया कि जगबीर सिंह राठी प्लास्टिक पाइप ट्रेडिंग का काम करते थे।

पूछताछ में पता चला कि जगबीर सिंह राठी अपने घर से सुबह करीब 9 बजे बिना बताए निकले थे। प्रथम दृष्टया गृह क्लेश की बात भी सामने आ रही है। पुलिस सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रही है।

# टीचर के साथ दुष्कर्म करने वाला स्कूल का संचालक गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 कोतवाली पुलिस ने स्कूल की टीचर के साथ दुष्कर्म करने वाले स्कूल के संचालक को गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने फरवरी माह में उसके साथ दुष्कर्म किया था। उसका वीडियो भी बनाया और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार उसका यौन उत्पीड़न करता रहा था। पीड़ित महिला ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के सिग्मा 3 में एक प्राइवेट स्कूल है। जिसका संचालक मोहित नागर है। इसी स्कूल में पीड़िता बच्चों को पढ़ती थी। पीड़िता ने बीटा 2 थाने में 26 सितंबर को शिकायत दर्ज कराई कि मोहित ने फरवरी में स्कूल के काम के बहाने से उसे अपने ऑफिस में बुलाया और उसके साथ जबरदस्ती रेप किया। इस घटना का उसने वीडियो भी बना लिया। इसके बाद लगातार वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ यौन उत्पीड़न करता रहा। महिला ने आरोप लगाया कि वह मेरे बेटे और पति को जान से मारने की धमकी देकर कहता था कि अगर किसी को बताया तो इन दोनों को जान से मरवा दूंगा।

# भाजपा ने देश में लगाया अघोषित आपातकाल : आतिशी

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने गुरुवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में अपने निश्चित हार से भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा )ने बौखलाहट में पूरे देश में अघोषित आपातकाल लगा दिया है।

आतिशी ने आज यहां पत्रकारों से कहा, भाजपा जान चुकी है कि वर्ष 2024 में उसका सत्ता से बाहर जाना तय इसलिए बौखलाहट में विपक्ष के नेताओं को डरा-धमकाकर, उन्हें जेल में डाला जा रहा है।ईडी द्वारा संजय सिंह की गिरफ़्तारी भी इस अघोषित आपातकाल में विपक्ष की आवाज़ को



दबाने का प्रधानमंत्री मोदी का प्रयास है। भाजपा प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी) और केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के दम पर 2024 का चुनाव लड़ रही है, इसलिए अपना रास्ता साफ़ करने के लिए विपक्ष के हर नेता को निशाना बना रखा है और इसी क्रम में कल भाजपा, प्रधानमंत्री मोदी और उनके ख़ास दोस्तों के भ्रष्टाचार पर बुलंदी से आवाज़ उठाने वाले संजय सिंह को गिरफ़्तार किया गया।

उन्होंने भाजपा और टीवी पर झूठे आरोप लगाने वाले भाजपा प्रवक्ताओं को चुनौती देते हुए कहा, यदि कल की रेड में ईडी को संजय सिंह जी के घर से एक रुपये के भी भ्रष्टाचार का सबूत मिला है तो वह देश के सामने प्रस्तुत करे या फिर राजनीति छोड़ दे। संजय सिंह की गिरफ़्तारी का सिर्फ़ एक कारण है कि वह संसद में भाजपा के भ्रष्टाचार की पोल खोलते है।भाजपा ने संजय सिंह की आवाज़ को दबाने के लिए पहले उन्हें संसद से निलंबित किया और उसके बाद ईडी भेज गिरफ़्तार कर लिया। मोदी और उनके ख़ास दोस्तों और उसके भ्रष्टाचार को उजागर करना संजय सिंह की गिरफ़्तारी का कारण बना।

'आप' नेता ने कहा कि पिछले 15 महीने से भाजपा की केंद्र सरकार, उनकी सारी एजेंसियां और उनके 500 से ज़्यादा अफ़सर तथाकथित आबकारी घोटाले की जाँच कर रहे है।

इस जांच में सीबीआई और ईडी ने अपने 500 से ज़्यादा अफ़सर लगा रखे है। अफ़सरों ने हज़ारों जगह छापे मारे लेकिन भाजपा और उनकी केंद्र सरकार कोर्ट में 1 रुपये के भ्रष्टाचार का सबूत पेश नहीं कर पाई है।

# इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन ( भारत ) द्वारा नोएड़ा पुलिस आयुक्त का किया गया सम्मान

गौतमबुद्धनगर। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह को नोएड़ा पुलिस द्वारा किये गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। वहीं पुलिस और मीडिया के साथ अच्छे तालमेल व पत्रकारिता की गरिमा अक्षुण बनाए रखने समेत कई अन्य मुद्दों पर चाय पर चर्चा की गई। इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन (भारत) के पदाधिकारियों द्वारा गौतमबुद्धनगर पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह से उनके कार्यालय में



नोएड़ा पुलिस द्वारा उत्कृष्ठ कार्य करने पर आयुक्त को संस्था ने सम्मान पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। और पत्रकार व पत्रकारिता की गरिमा को अक्षुण बनाए रखने के साथ तमाम मुद्दों पर चर्चा भी हुई, और संस्था की ओर से पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इस मौके पर इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पंडित, संरक्षक व वरिष्ठ पत्रकार आलोक द्विवेदी, संरक्षक नंद गोपाल वर्मा, संरक्षक व वरिष्ठ पत्रकार आर बी उपाध्याय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव रमन ठाकुर, अमित भाटी, सुमन चौधरी, प्रमोद यादव, अभिषेक, आमिर, प्रखर वार्ष्णेय, ब्रह्मानंद झा, दीपू पंडित, सूंदर सिंह समेत कई अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद की 35 हाईराइज सोसाइटियों में बनेंगे पोलिंग बूथ

गाजियाबाद। गाजियाबाद में जिला प्रशासन ने 35 हाईराइज सोसाइटी चिह्नित की हैं, जहां पर पोलिंग बूथ बनाए जाने हैं। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ सके। दरअसल, हाईराइज सोसाइटीज में रहने वाले लोग चुनाव के दिन को हॉली-डे के रूप में इंजॉय करते हैं और दूर पोलिंग बूथ होने की वजह से वोट डालने नहीं जाते। मतदान प्रतिशत में लगातार गिरावट देख प्रशासन ने फैसला लिया था कि हाईराइज सोसाइटीज के अंदर ही पोलिंग बूथ बनाए जाएं। डीएम राकेश कुमार सिंह ने इस संबंध में गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक की। डीएम ने बताया, सर्वे के आधार पर लोनी विधानसभा क्षेत्र में तीन, मुरादनगर में पांच, साहिबाबाद में 21 और गाजियाबाद में 6 बहुमंजिला भवनों, ग्रुप हाउसिंग सोसाइटीज को मतदेय स्थल बनाने के लिए चिह्नित किया गया है। यहां पर या तो स्कूल भवन है या फिर कम्युनिटी हॉल है।

# ऊंची इमारतों में रहने वाले लोग पी रहे गंदा पानी

गुरुग्राम। शहर की ऊंची इमारतों में रहने वाले लोग गंदा पानी पी रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने शहरी क्षेत्र और हाईराइज सोसाइटियों से बीते पांच माह में 254 पानी के सैंपल लिए। इनमें से 25 पेयजल की शुद्धता में फेल साबित हो गए। स्वास्थ्य विभाग ने नगर निगम गुरुग्राम, मानेसर और जीएमडीए को आवश्यक कदम उठाने के लिए चेताया है। स्वास्थ्य विभाग ने सितंबर में 46 नमूने लिए थे। इसमें एक नमूना फेल हो गया। अगस्त माह में लिए गए 53 पानी के नमूनों में से आठ फेल हो गए। जुलाई में 75 नमूनों में से 13 फेल हुए। उधर, जून माह में पेयजल संकट रहा। इस दौरान भी 24 में से दो पानी के सैंपल फेल निकले। मई में 56 में से एक सैंपल फेल हो गया। डेंगू मलेरिया रोकथाम विभाग के प्रभारी डॉ. जय प्रकाश ने बताया कि ज्यादातर नमूने न्यू गुरुग्राम और मानेसर क्षेत्र से लिए गए। इसमें हाईराइज सोसाइटियों से शिकायत के आधार पर ज्यादातर नमूने लिए गए।

# जेवर एयरपोर्ट से पहले ही दिन 65 विमान भरेंगे उड़ान

ग्रेटर नोएडा। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पहले दिन ही 65 विमान उड़ान भरेंगे। यहां से न सिर्फ यात्री अपने गंतव्य तक जा सकेंगे, बल्कि सामानों का आयात-निर्यात भी शुरू हो सकेगा। पहले दिन 62 घरेलू, दो अंतरराष्ट्रीय और एक कार्गो की फ्लाइट उड़ान भरेगी।

नोएडा एयरपोर्ट से इंडिगो और एयर इंडिया की सेवा मिल सकेगी। दोनों कंपनियां अपना बेस बनाने की पेशकश कर चुकी हैं। एयरपोर्ट को 30 सितंबर 2024 से चालू करने का करार किया गया है, लेकिन इससे पहले ही शुरू होने की पूरी संभावना है। जेवर में विश्व का छठा और एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन रहा है। यहां पर साल-2050 तक एक करोड़ से अधिक यात्री हर रोज यात्रा कर सकेंगे। केंद्र सरकार ने एयरपोर्ट का संचालन अगले साल 30 सितंबर तक शुरू होने का समय दिया है। एयरपोर्ट में पहले दिन से 65 फ्लाइट उड़ान की तैयारी है।

इनको दो श्रेणियों में बांटा जाएगा। इनमें मुंबई, बेंगलूरू और हैदराबाद समेत 25 स्थान शामिल होंगे, जबकि देहरादून, पिथौरागढ़, हुबली सहित अन्य शहरों के लिए 37 फ्लाइट शुरू होगी। सबसे पहली विदेशी उड़ान ज्यूरिख के लिए होगी, बाकी दुबई और सिंगापुर समेत अन्य देशों के लिए भी उड़ान भरी जाएगी।

### 30 सितंबर 2024 से पहले शुरू होगा संचालन

करार के अनुसार, 30 सितंबर 2024 को ही एयरपोर्ट का काम पूरा करके विकासकर्ता कंपनी को संचालन करना है, मगर इसका एयरपोर्ट का संचालन पहले ही होने की पूरी उम्मीद जताई जा रही है। एयरपोर्ट में टर्मिनल वन बिल्डिंग 90 हजार वर्ग मीटर में बनेगी। विकासकर्ता कंपनी के साथ किए गए अनुबंध के मुताबिक, सितंबर 30 सितंबर 2024 से पहले उड़ान शुरू हो जाएगी।

पिछले साल अक्तूबर में लखनऊ में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नियाल) और विकासकर्ता कंपनी के बीच 40 साल का अनुबंध हुआ था। इसके अंतर्गत एक अक्तूबर 2021 से कंस्ट्रक्शन शुरू करना माना गया है और 1095 दिन के अंदर संचालन शुरू होना है। यानी कागजों में निर्माण कार्य एक अक्तूबर से शुरू होना माना गया है। अगर निर्माण कार्य व उड़ान में देरी होती है दस लाख रुपये प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना लगाया जाएगा।

# संपादकीय

## विद्यार्थियों के बीच आत्महत्या के बढ़ते मामले चिंता की बात

स्कूल से लेकर समाज और खुद अभिभावकों के भीतर परीक्षा में ऊंचे अंक के आधार पर देखने की भूख ने बच्चों के कोमल मन-मस्तिष्क को इस कदर नुकसान पहुंचाया है कि पढ़ाई-लिखाई के बीच उनके विवेक, धीरज और संतुलन पर इसका घातक असर पड़ता है। जब पढ़ाई और परीक्षा में प्रदर्शन के दबाव की वजह से विद्यार्थियों के बीच आत्महत्या के बढ़ते मामले चिंता के केंद्र में आ गए हैं, ऐसे समय में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से एक बेहद जरूरी पहल की गई है। 'उम्मीद' नाम से तैयार अपने मसविदा दिशानिर्देशों में मंत्रालय ने कहा है कि बच्चों के बीच आत्महत्या की बढ़ती समस्या को रोकने के लिए 'वेलनेस' यानी आरोग्य टीम गठित की जाए और साथ ही अगर कोई विद्यार्थी आत्महत्या के जोखिम से जुड़ा कोई संकेत प्रदर्शित करता है तो उसकी तत्काल पहचान करके उसे ऐसी स्थिति से बाहर लाने में सहयोग किया जाए। दरअसल, यह एक जटिल समस्या के रूप में चिह्नित किया जा सकता है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान पढ़ाई-लिखाई में उपजी नई परिस्थितियां कुछ विद्यार्थियों के सामने ऐसा दबाव पैदा कर रही हैं कि कई बार वे उसे बर्दाश्त कर पाने में सक्षम नहीं हो पाते और आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं। इस स्थिति की मूल वजहों के साथ-साथ समस्या यह भी है कि ऐसी स्थिति में पड़े बच्चों को ठीक समय पर आसपास का सहयोग नहीं मिल पाता है और वे अपने उलझे हालात में और गहरे फंसते चले जाते हैं। ऐसे में स्कूलों या शैक्षिक संस्थानों के भीतर भी अगर कोई ऐसा तंत्र खड़ा किया जा सके जो दबाव और उससे उपजी परिस्थितियों का सटीक आकलन करे और इसके असर में पड़े विद्यार्थियों की पहचान करके समय पर ठोस मदद मुहैया कराए तो इस समस्या पर काबू पाना मुश्किल नहीं है। इस मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के दिशानिर्देश एक बेहतर रास्ता तैयार करने की कोशिश है, जिसे विकसित करने के पीछे का मुख्य विचार है- 'हर बच्चे का महत्त्व है'। इसके तहत स्कूलों को संवेदनशीलता और समझ बढ़ाने के साथ-साथ अपना नुकसान करने से बचाने के लिए बच्चों को समय पर सहायता प्रदान करने को कहा गया है। यों भी आत्महत्या आमतौर पर अचानक उपजी परिस्थिति का नतीजा नहीं होते और इसमें सामाजिक धारणाएं और सोच एक प्रमुख कारक और प्रभाव के रूप में काम करती हैं। इसलिए दिशानिर्देश में स्कूलों, अभिभावकों और समुदाय के बीच साझेदारी को बढ़ावा देने, खुदकुशी को रोकने और आत्मघाती व्यवहार से जुड़ी नकारात्मक सोच को खत्म करने के मकसद से सामाजिक सहयोग और समर्थन को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया है। यह विडंबना ही है कि बच्चों के लिए स्कूली या किसी भी स्तर की जो शिक्षा सहजता से ज्ञान प्राप्त करने, बौद्धिक विकास और व्यक्तित्व निर्माण का जरिया होना चाहिए, वह एक ऐसे दबाव के रूप में काम करने लगती है, जिसका बोझ सह पाना उनके लिए मुश्किल हो जाता है। सवाल है कि हर परीक्षा में सबसे ज्यादा अंक लाने, किसी प्रतियोगिता में हर हाल में सफल होने और पद हासिल करने की बेलगाम होड़ बच्चों में कैसे पैदा हो जाती है? स्कूल से लेकर समाज और खुद अभिभावकों के भीतर परीक्षा में ऊंचे अंक के आधार पर देखने की भूख ने बच्चों के कोमल मन-मस्तिष्क को इस कदर नुकसान पहुंचाया है कि पढ़ाई-लिखाई के बीच उनके विवेक, धीरज और संतुलन पर इसका घातक असर पड़ता है। शिक्षा और शिक्षण की परिस्थितियों को सहज और ज्ञान प्राप्ति का जरिया बनाने के साथ-साथ अगर बच्चों के भीतर उथल-पुथल की पहचान समय पर करके उन्हें मनोवैज्ञानिक सहायता मुहैया कराई जा सके तो इस समस्या का हल निकाला जा सकता है। लेकिन इसके लिए अंक आधारित महत्त्वाकांक्षा की परिभाषा को बदल कर बेहतर, संवेदनशील और बुद्धिमान मनुष्य बनाने की कसौटी तैयार करनी होगी। इस लिहाज से देखें तो केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर जारी ताजा दिशानिर्देश एक स्वागतयोग्य पहल है।

## अस्पताल प्रशासन की लापरवाही ने ली 31 लोगों की जानें

नांदेड़ के जिस अस्पताल में मरीजों के मरने की घटना सामने आई है, वह करीब अस्सी किलोमीटर के दायरे में एकमात्र सरकारी अस्पताल है और वहां दूर-दूर से मरीज इलाज के लिए आते हैं।

इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है कि लोग किसी बीमारी या आपात अवस्था में इलाज और जान बचाने की भूख में अस्पताल का रुख करें, लेकिन वहां एक तरह से मौत बंट रही हो! महाराष्ट्र में नांदेड़ के एक सरकारी अस्पताल में बीते दो दिनों में जैसा मंजर सामने आया, वह अपने आप में यह बताने के लिए काफी है कि जहां मरीजों की जान बचाना सबसे बड़ा दायित्व होना चाहिए, वहां लापरवाही का आलम एक त्रासदी खड़ी कर रहा है।

गौरतलब है कि नांदेड़ के सरकारी अस्पताल में इकतीस लोगों की मौत हो गई, जिनमें सोलह बच्चे थे। एक ओर एक-एक करके मरीजों की जान जाती रही और दूसरी ओर अस्पताल प्रशासन की लापरवाही कायम रही। जिस स्थिति पर अस्पताल प्रशासन को जवाब देना चाहिए, उस पर यह अफसोसनाक प्रतिक्रिया आई कि वहां न दवाइयों की कमी है, न डाक्टरों की। सटीक इलाज के बावजूद मरीजों पर कोई असर नहीं हुआ। बच्चों की मौत के मामले में एक तरह से रटा-रटाया जवाब पेश किया गया कि उनकी स्थिति पहले से ही बेहद कमजोर थी और उनका वजन कम था।

हालात का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि नांदेड़ के बाद नागपुर के भी एक सरकारी अस्पताल में चौबीस घंटों में कई लोगों के मरने की खबर आई। सवाल है कि इतनी बड़ी तादाद में मरीजों की मौत को क्या स्वाभाविक घटना मान लिया जाए? अगर किसी अस्पताल में दो दिनों के भीतर इतनी संख्या में लोगों की मौत होती है तो क्या यह किसी अव्यवस्था और लापरवाही का नतीजा नहीं है? जब मामले ने तूल पकड़ लिया तब सरकार की ओर से इसकी जांच कराने की बात कही गई है।

लेकिन क्या यह राज्य में इस तरह की कोई पहली घटना है? ज्यादा दिन नहीं हुए जब महाराष्ट्र के ही ठाणे जिले के एक अस्पताल में अड़तालीस घंटे में अठारह लोगों की मौत हो गई थी। आखिर सबक लेने के लिए कितनी घटनाओं की जरूरत होती है? इस तरह की हर घटना के बाद यह सफाई दी जाती है कि मरीज की बीमारी गंभीर अवस्था में पहुंच गई थी।

नांदेड़ के जिस अस्पताल में मरीजों के मरने की घटना सामने आई है, वह करीब अस्सी किलोमीटर के दायरे में एकमात्र सरकारी अस्पताल है और वहां दूर-दूर से मरीज इलाज के लिए आते हैं। अगर किसी वजह से मरीजों की संख्या बढ़ जाती है तो दवा और अन्य संसाधनों के मामले में समस्या खड़ी हो जाती है। आरोप यहां तक सामने आए कि तपेदिक के मरीजों को अपने स्तर ही दवा खरीद कर खाने के लिए कहा जाता है।

सवाल है कि ऐसी स्थिति में किसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी? यों महाराष्ट्र की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को अपेक्षया बेहतर स्थिति में माना जाता रहा है। लेकिन विपक्षी दल आरोप लगाते हैं कि पिछले एक साल से स्थिति तेजी से बिगड़ती गई है और आज स्वास्थ्य विभाग सबसे उपेक्षित महकमों में गिना जाता है। कोई भी अस्पताल लोगों का जीवन बचाने के लिए होता है। अगर वहां एक साथ इतनी संख्या में लोगों की जान जाने लगे तो इसके पीछे अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही, संसाधनों का अभाव, डाक्टरों की कमी आदि बहुस्तरीय समस्याएं हो सकती हैं। लेकिन इस तरह अप्रत्याशित तरीके मरीजों की जान जाने की घटनाएं अक्सर सामने आने के बावजूद सरकार को यह सुनिश्चित करना जरूरी नहीं लगता कि उचित इलाज और जीवन रक्षा की जगहों को ऐसी त्रासद जगहों के रूप में तब्दील होने से हर हाल में बचाया जाए।

## भाजपा में चल रही है बदलाव की बयार



**रमेश सर्राफ धमोरा**



कभी चाल, चरित्र व चेहरा की बात करने वाली भाजपा में अब बड़े बदलाव की बयार चल रही है। इन दिनो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक नई भाजपा बन रही है। पार्टी के सभी पुराने छत्रपों को एक-एक कर किनारे लगाया जा रहा है। प्रदेशों में भाजपा के बड़े नेताओं को सक्रिय राजनीति से दूर कर घर बैठा दिया गया है। जो थोड़े बहुत पुराने नेता अभी सक्रिय है उनको भी अगले लोकसभा चुनाव तक राजनीति से आउट कर दिया जाएगा।

2014 में जब नरेंद्र मोदी पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने थे। तब पार्टी में बड़ी संख्या में बुजुर्ग नेताओं का दबदबा कायम था। लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, सुषमा स्वराज जैसे बड़े नेताओं की पार्टी में तूती बोलती थी। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद सबसे पहले लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी जैसे बड़े नेताओं को सक्रिय राजनीति से दूर किया गया था। उसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में भी बड़ी संख्या में पुराने नेताओं के टिकट काटकर उनके स्थान पर नए लोगों को आगे लाया गया था। कई प्रदेशों के विधानसभा चुनाव में भी वर्षों से जमे वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार कर नए लोगों को मुख्यमंत्री बनाया गया। अब ऐसा लगता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा पूरी तरह से बदल जाएगी। पार्टी नेतृत्व में ऐसे लोगों की बहुलता होगी जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना नेता मानते हैं।

कभी भाजपा में संगठन का बहुत महत्व होता था। संगठन से जुड़े लोगों को ही राजनीति में आगे बढ़ने का अवसर मिलता था। मगर अब स्थिति उसके एकदम उलट हो गई है। आज पार्टी में संगठन का महत्व पहले की तुलना में कम हो गया है। भाजपा का अब एक ही ध्येय रह गया है की जिताऊ प्रत्याशी को मैदान में उतार जाए। दूसरे दलों से आने वालों को पार्टी में महत्व मिल रहा है। इससे पार्टी के मूल कार्यकर्ता खुद को उपेक्षित महसूस करने लगे हैं।

देश के पूर्वोत्तर में स्थित असम, त्रिपुरा, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री के पदों पर पार्टी ने दूसरे दलों से आए नेताओं को बैठा रखा है। हालांकि राजनीति के बदलते दौर में सभी दलों की यही स्थिति है। मगर भाजपा में ऐसा खेल कुछ ज्यादा ही चल रहा है। पंजाब में कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए सुनील कुमार जाखड़ को तुरंत ही प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया है। वही झारखंड में बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता बना दिया गया है। हालांकि बाबूलाल मरांडी मूलतः भाजपा से ही जुड़े रहे थे। मगर पिछले कई वर्षों से वह भाजपा विरोध की राजनीति करते थे। यही स्थिति पश्चिम बंगाल में है। पहले कांग्रेस फिर तृणमूल कांग्रेस की राजनीति करने वाले शुधेंदु अधिकारी वहां पार्टी के मुख्य चेहरे व विधायक दल के नेता है।

कर्नाटक में भाजपा ने कांग्रेस व जनता दल एस की राजनीतिक कर चुके बसवराज बोम्मई को मुख्यमंत्री बनाया था। जिनके शासन में वहां भ्रष्टाचार के पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। कर्नाटक में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार सहित कई वरिष्ठ नेताओं के टिकट काटे थे। जिससे नाराज होकर कई नेताओं ने पार्टी से बगावत कर चुनाव लड़ा। फलस्वरुप भाजपा को वहां अपनी सरकार तो गवानी ही पड़ी साथ ही पार्टी विधानसभा में 66 सीटों पर सिमट कर रह गई। कर्नाटक में पहले बीएस येदयुरप्पा के नेतृत्व में भाजपा की सरकार चल रही थी। मगर उन्हें हटाकर दूसरे दल से आए बसवराज बोम्मई को मुख्यमंत्री बनाने का खामियाजा भाजपा को सत्ता गवां कर चुकाना पड़ा। आज कर्नाटक में भाजपा हासिये पर पहुंच गई है।

इसी तरह महाराष्ट्र में शिवसेना को सत्ता से हटाने के लिए भाजपा ने जो हथकंडे अपनाये हैं उसका खामियाजा उन्हें आगे आने वाले चुनाव में उठाना पड़ेगा। महाराष्ट्र में शिवसेना को तोड़कर भाजपा ने सरकार तो बना ली मगर वहां मुख्यमंत्री शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे को बनाकर अपने ही पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को तगड़ा झटका दिया है। फिर से मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे फडणवीस को उपमुख्यमंत्री बनाकर पार्टी ने उनका कद कम कर दिया है। रही सही कसर वहां अजीत पवार को भी गठबंधन में शामिल करने से पूरी हो गई है। भाजपा के जो विधायक मंत्री बनने का सपना देख रहे थे। गठबंधन बनने से अब उनका सपना कभी पूरा नहीं होगा। अगले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा कर्नाटक की तरह महाराष्ट्र में भी बहुत कमजोर हो जाएगी।

कांग्रेस से भाजपा में आए असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा अपनी आक्रामक शैली को लेकर भाजपा नेताओं के बहुत प्रिय हो रहे हैं। मगर जिस तरह से वह भाजपा का कांग्रेसीकरण कर रहे हैं। उससे असम भाजपा के पुराने नेताओं में गहरी नाराजगी व्याप्त हो रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेन गोहेन ने नगांव लोकसभा क्षेत्र के परिसीमन के विरोध में असम खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। जिसका उन्होंने चार बार प्रतिनिधित्व किया है। असम भाजपा में पुराने नेताओं और हाल ही में दूसरी राजनीतिक पार्टियों से शामिल हुए नेताओं के बीच खींचतान तेज हो गई है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेन गोहेन, असम भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और विधायक सिद्धार्थ भट्टाचार्य, पूर्व विधायक अशोक सरमा, मोरीगांव के विधायक रमाकांत देवरी ने भाजपा छोड़ने की धमकी दी है। राज्य में पार्टी के नए और पुराने कार्यकर्ताओं के बीच मतभेद के कारण असम भाजपा एक गंभीर संकट का सामना कर रही है। काफी दिनों से भाजपा के पुराने कार्यकर्ता और पार्टी के वफादार आरोप लगाते रहे हैं कि नए कार्यकर्ता और जो अन्य दल छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं। वे पार्टी पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं और पुराने कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान नहीं दे रहे हैं।

मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, कैलाश मेघवाल, देवीसिंह भाटी, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री विप्लव कुमार देव, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका गांधी, महाराष्ट्र में पंकजा मुंडे, हरियाणा में पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह, दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल जैसे कई प्रभावशाली नेता पार्टी में लगातार हो रही अपने उपेक्षा से नाराज है। मध्य प्रदेश में उमा भारती ने तो खुलेआम ऐलान कर दिया है कि वह अभी राजनीति में पूरी तरह से सक्रिय रहेगी तथा अगला चुनाव भी लड़ेगी। उमा भारती तो यहां तक बोल गई कि किसी में हिम्मत नहीं है जो उसे अगला चुनाव लड़ने से रोक सके।

राजस्थान विधानसभा के चुनाव में वसुंधरा राजे भी अपने अपेक्षा से नाराज नजर आ रही है। उनके कट्टर समर्थक कैलाश मेघवाल को पार्टी ने निलंबित कर दिया है। उनके समर्थक विधायकों को भी अपना टिकट कटने की संभावना लग रही है। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने पिछले दिनों बयान देकर अपनी उपेक्षा करने पर नाराजगी जाहिर की थी। मेनका गांधी के सांसद पुत्र वरुण गांधी अक्सर पार्टी लाइन से हटकर बयान बाजी करते रहते हैं।

भाजपा में वरिष्ठ नेताओं को जिस गति से किनारे लगाया जा रहा है। उसे लगता है आने वाले समय में सभी वरिष्ठ नेता सक्रिय राजनीति से दूर कर दिए जाएंगे।

## रूस की सनक से विश्व शांति को खतरा

अमेरिका और चीन फिर आमने-सामने आ गए है। इस बार कोई अंतरराष्ट्रीय मुद्दा ना होकर ताइवान के मामले को लेकर अमेरिका और चीन में बेहद तनाव बढ़ गया है। पहले अमेरिका ने ताइवान के बारे में चीन को स्पष्ट बता दिया था कि विस्तार वादी नीति के कारण चीन को आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगाद्य उधर रूस-यूक्रेन युद्ध में पूरा विश्व चिंतित और परेशान है खासकर यूरोप अमेरिका और ब्रिटेन इन्हें चिंता सता रही है कि कहीं पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ परमाणु बम का इस्तेमाल किया तो उसका प्रभाव ज्यादातर यूरोपीय देशों में पड़ने की संभावना होगी और फिर पलटवार से विश्व युद्ध की संभावना बलवती हो जाएगी। वहीं दूसरी तरफ वर्तमान में चीन ने सख्त रुख अपनाते हुए अमेरिका को चेतावनी दे डाली है कि वह अपने हितों की रक्षा करने में किसी भी तरह की रियायत नहीं करने वाला हैद्य चीन ने कहा कि वह अपने अंदरूनी मामले में किसी को दखलंदाजी नहीं करने देगा एवं अपने हितों की रक्षा करना अच्छे से जानता है, चीन ने कहा कि ताइवान को लेकर अमेरिका पूरे विश्व में गलत संदेश प्रसारित करते आ रहा है। ताइवान के मामले में चीन किसी भी तरह का समझौता नहीं करेगाद्य उल्लेखनीय है कि चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग बेनबिन एक बार फिर चीन के रुख को स्पष्ट करते हुए कहा है कि ताइवान उनका हिस्सा है और चीन अपने हितों की रक्षा करना अच्छे से जानता है वह इतना सक्षम है कि किसी भी देश से मुकाबला करने के लिए तैयार है। यह विदित हो कि हाल ही में चीन ने ताइवान पर अपना नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से उस पर बलपूर्वक कब्जा करने की धमकी दी थीद्य विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा है कि ताइवान का मामला पूर्णता उनका अंदरूनी मामला है। ऐसे में विदेशी दखलअंदाजी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जावेगी।

कुछ दिन पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बयान दिया था कि अगर चीन ताइवान पर हमला करता है तो हम निश्चित तौर पर ताइवान की मदद करेंगे, क्योंकि ताइवान की रक्षा करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति के इस बयान को ताइवान के प्रशासक तथा आम जनता ने गर्मजोशी से स्वागत किया था, पूरी दुनिया ने इस बात का समर्थन भी किया था।

चीन ने अपने जवाब में जबरदस्त प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ताइवान के मुद्दे पर समझौते की कोई गुंजाइश नहीं है। अमेरिका गलत संदेश देना बंद करें क्योंकि चीन अपने आंतरिक हितों की रक्षा करने में कोई भी रियायत नहीं करेगा। अक्टूबर 2020 में चीन ने ताइवान पर बड़ा हमला किया था चीन के लगभग 200 लड़ाकू विमान ताइवान की सीमा पर घुस गए थे और इसके बाद चीन तथा ताइवान में तनाव चरम सीमा पर पहुंच गया था चीन ताईवान को अपने देश का एक हिस्सा मानता है और ताइवान इसका जबरदस्त विरोध करता है। इसके पूर्व चीन ने ताइवान पर बलपूर्वक कब्जा करने की सार्वजनिक रूप से धमकी दी थी और चीन बहुत पहले से कहता आ रहा है कि ताइवान का मामला पूरी तरह चीन का अंदरूनी मामला है और इसमें किसी भी देश की दखलअंदाजी के लिए भी सरसों में स्वीकार नहीं की जावेगी।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा है कि ताइवान के मामले में किसी भी रियायत की कोई गुंजाइश नहीं है।

## कहां पर बोलना है

कहाँ पर बोलना है
और कहाँ पर बोल जाते हैं।
जहाँ खामोश रहना है
वहाँ मुँह खोल जाते हैं।

कटा जब शीश सैनिक का
तो हम खामोश रहते हैं।
कटा एक सीन पिक्चर का
तो सारे बोल जाते हैं।

नयी नस्लों के ये बच्चे
जमाने भर की सुनते हैं।
मगर माँ बाप कुछ बोले
तो बच्चे बोल जाते हैं।

बहुत ऊँची दुकानों में
कटाते जेब सब अपनी।
मगर मज़दूर माँगेगा
तो सिक्के बोल जाते हैं।

अगर मखमल करे गलती
तो कोई कुछ नहीँ कहता।
फटी चादर की गलती हो
तो सारे बोल जाते हैं।
हवाओं की तबाही को
सभी चुपचाप सहते हैं।
चरागों से हुई गलती
तो सारे बोल जाते हैं।

बनाते फिरते हैं रिश्ते
जमाने भर से अक्सर।
मगर जब घर में हो जरूरत
तो रिश्ते भूल जाते हैं।

कहाँ पर बोलना है
और कहाँ पर बोल जाते हैं।
जहाँ खामोश रहना है
वहाँ मुँह खोल जाते हैं।

## जातीय जनगणना की राजनीति

**अवधेश कुमार**

इसमें दो राय नहीं कि जातीय जनगणना 2024 लोकसभा चुनाव में आईएनडीआईए की ओर से एक बड़ा मुद्दा बन चुका है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को संपूर्ण गठबंधन से वाहवाही मिल रही है। उनके पास कहने के लिए भी है कि मैंने जो कहा उसे कर दिखाया। यानी जो मैं कर सकता हूं वह सभी राज्य कर सकते हैं और देश भी। पहली नजर में यह तर्क सामान्य तौर पर गले उतरता है कि आरक्षण का आधार जातियां है तो क्यों न देख लिया जाए कि कहां किस जाति की कितनी संख्या है तथा उनकी आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक स्थितियां क्या हैं? जातीय जनगणना के पक्ष में सबसे सबल तर्क यही है। बिहार में नीतीश सरकार ने इसके आंकड़े जारी किए हैं तो देश अवश्य देखेगा कि इनका इस्तेमाल वहां किस तरीके से होता है। बिहार सरकार कह रही है कि सरकार की नीतियों में इन आंकड़ों की वास्तविकता दिखाई देगी। इसके मायने क्या हैं?

क्या गणना में जिस जाति की जितनी संख्या बताई गई है उसके अनुसार ही उन्हें आरक्षण एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा? या फिर उसका उपयोग अलग तरीके से किया जाएगा?

सच यही है कि इन पर बिहार सरकार की ओर से कुछ नहीं कहा गया है। कारण, जब आपकी सोच में व्यापक सामाजिक हित की जगह संकीर्ण राजनीति हो तो आप दूरगामी दृष्टि से विचार नहीं कर सकते। जातीय जनगणना होनी चाहिए, नहीं होनी चाहिए इसको छोड़ भी दें तो इसका उद्देश्य और क्रियान्वयन की परवर्ती रूपरेखा सामने होनी चाहिए थी। यह तभी संभव होता जब सामाजिक न्याय के वास्तविक सिद्धांत की सोच से काम किया जाता। आज यह मानने में कोई समस्या नहीं है कि नीतीश जी ने जब भाजपा से अलग होने का मन बना लिया तभी से उन्होंने जातीय जनगणना की आवाज उठाई अन्यथा इसके पूर्व उनका जोर बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने तक सीमित था। क्या इसका कारण यह था कि संपूर्ण भारत में हिंदुओं के जागरण के कारण लोग हिंदुत्व राजनीति की ओर आकर्षित हुये हैं? चुनावी सर्वेक्षण प्रमाणित करते हैं कि जहां भी भाजपा का जनाधार है वहां कुछेक स्थानों को छोड़ दें तो पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों का सर्वाधिक मत इसके खाते जाता है।

वास्तव में लगभग 100 वर्ष से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्य तथा अन्य हिंदू संगठनों की अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रियता से पूरे भारत का माहौल बदला है। हालांकि संघ भारत के दीर्घकालीन भविष्य के लिए काम करता दिखता है। राजनीति में भाजपा किसी हद तक इसको अभिव्यक्त कर रही है तो स्वाभाविक ही वोटों का बड़ा अंश उसी के खाते जाएगा। देश का दुर्भाग्य है कि सामाजिक न्याय और उसके एक पहलू आरक्षण को राजनीति का सबसे बड़ा हथियार बना लेने के कारण उसका वास्तविक उपयोग, परिणाम और समीक्षा की विवेकपूर्ण गुंजाइश न के बराबर रह गई है। इसका सबसे बड़ा कारण यही है कि पिछड़ों-दलितों के नाम पर राजनीति करने वाले नेता और पार्टियां इसका उत्तर नहीं दे सकतीं कि उन्होंने अपने लंबे शासन काल में अब तक क्या किया? केंद्र में मंडल आयोग की सिफारिशें लागू किए जाने के बाद 1990 से लगातार लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार बिहार की सत्ता शीर्ष पर हैं। आरंभ के 15 वर्ष लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी राबड़ी देवी, उसके बाद नीतीश कुमार, कुछ काल के लिए जीतन राम मांझी और फिर नीतीश कुमार लगातार मुख्यमंत्री हैं। ये पिछड़ों- दलितों के मसीहा हैं तो इन तीन दशक से ज्यादा समय में बिहार की दुर्दशा का अंत क्यों नहीं हुआ? बिहार इतना पिछड़ा क्यों है? जीएसटी कर संग्रह में बिहार का स्थान नकारात्मक है। विकास के अन्य मापदंडों विकास दर, गरीबी, प्रति व्यक्ति आय, रोजगार सृजन, निवेश? आदि में भी बिहार फिसड्डी राज्यों की सूची में ही पड़ा हुआ है? । इसके विपरीत लंबे समय तक बिहार की दशा का ही शिकार उत्तर प्रदेश ऊंचाइयां छू रहा है। समय है कि बिहार के लोगों को जातीय सीमाओं से परे उठकर इन नेताओं से पूछना चाहिए कि आप सामाजिक न्याय के पुरोधा हैं तो संपूर्ण बिहार आपके ही शासन के परिणामों में अन्याय का शिकार क्यों दिखता है?

लालू जी के शासनकाल का सच यही है कि बिहार के लोग प्रदेश से बाहर स्वयं को बिहारी कहने में शर्म महसूस करते थे। अशासन और कुशासन का उससे दर्दनाक उदाहरण भारत में दूसरा नहीं? नीतीश जी बड़ी उम्मीद लेकर आए और आरंभ के पांच वर्ष तक उन्होंने सुशासन दिया भी। राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं और अदूरदर्शिता के कारण वे उस पार्टी के साथ गए जिस पर उन्होंने ही कुशासन और जंगल राज का आरोप लगाया था। तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में राजद बदली हुई पार्टी है तो वह व्यवहार में दिखना चाहिए। बिहार के सामाजिक - आर्थिक -सांस्कृतिक उन्नयन की दृष्टि से उम्मीद पैदा करने वाले कदम उठाते हुए दिखें तो विश्वास हो कि वाकई ऐसा है। गणना के आंकड़ों के अनुसार जिन जातियों, परिवारों को आरक्षण का लाभ ज्यादा मिला है उन्हें अलग करके जो वंचित हैं उन तक पहुंचाने की नीति बनाएं, क्रीमी लेयर का कठोरता से पालन हो तो माना जाएगा कि उनका उद्देश्य विवेकपूर्ण था। गणना की इतनी बड़ी कवायद के बावजूद आरक्षण एवं अन्य योजनाएं पहले की तरह ही जारी रहती हैं तो इसे क्या कहा जाएगा? समस्या यह है कि आंकड़ों में अनेक जातियों की संख्या पर प्रश्न उठ रहे हैं। इसके अनुसार 14.27 प्रतिशत यादव एवं 17 प्रतिशत से ज्यादा मुसलमान ही लालू जी और तेजस्वी यादव के एमवाई समीकरण को पूरा कर सत्ता तक पहुंचाने के लिए पर्याप्त है। नीतीश कुमार की कुर्मी जाति 3 प्रतिशत से नीचे है। जातीय समीकरणों के अनुसार बिहार में लंबे समय तक लालू जी के परिवार के नेतृत्व में ही बिहार की सत्ता रहनी चाहिए। अगड़ी जातियों में ब्राह्मणों, भूमिहारों और राजपूतों सबकी संख्या इतनी कम कर दी गई है कि जातीय समीकरणों की राजनीति में उनकी हैसियत ही नहीं रहेगी। गणना के बाद बिहार में व्यापक हलचल है और अलग-अलग जातियों के अंदर असंतोष है। एक बड़ा समूह गणना रिपोर्ट को सामाजिक स्थिति की सच्चाई नहीं मानेगा तो इसकी विश्वसनीयता क्या रहेगी? सरकारी स्तर पर आप इसे स्वीकार कर लीजिए, जमीन पर लोग इसे मैनिपुलेटेड मानेंगे। स्वाभाविक ही उसका राजनीति पर भी व्यापक असर होगा। संभव है बिहार की राजनीति में एमवाय समीकरण के विरुद्ध नए जातीय समीकरण खड़े हों। ध्यान रखिए, कांग्रेस के नेतृत्व में यूपीए सरकार ने 2011 में आम जनगणना के समानांतर ही ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत जातियों की गणना कराई थी जिसे आर्थिक सामाजिक गणना कहा गया था। उसने उसे जारी नहीं किया। सिद्धारमैया की पूर्व सरकार ने कर्नाटक में गणना कराई और वैसा ही राजस्थान में हुआ। कांग्रेस ने इन्हें जारी नहीं किया। यह प्रश्न अवश्य उठेगा कि आपने तब जारी नहीं किया और आज क्यों अपरिहार्य मान रहे हैं? सच यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने यूपीए की गणना को जारी करने का फैसला किया किंतु इसके लिए बनी समिति ने काफी परिश्रम के बाद हाथ खड़े कर दिए क्योंकि लाखों की संख्या में जाती और गोत्र थे। इनमें राष्ट्रीय स्तर पर अनेक जातियों, गोत्रों की एक संख्या बताना संभव ही नहीं। हिंदुत्व की बात करने वाली शिवसेना के उद्धव ठाकरे समूह ने सुप्रीम कोर्ट में जातीय जनगणना के लिए दरवाजा खटखटाया और केंद्र को कहना पड़ा कि यह व्यावहारिक नहीं है। यही वास्तविकता है लेकिन राजनीति जो न कराये। आईएनडीआईए को नहीं भूलना चाहिए कि विश्वनाथ प्रताप सिंह ने अयोध्या आंदोलन के कारण भाजपा के पक्ष में हिंदुओं के हो रहे ध्रुवीकरण की काट का भी ध्यान रखते हुए मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू कर दिया। उम्मीद की गई थी कि इससे पिछड़े दलित आदिवासी जातियां भाजपा के साथ नहीं जाएगी।

नई दिल्ली
शुक्रवार 06 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### खंदौली में छात्र ने टीचर को मारी गोली

आगरा। आगरा के थाना खंदौली अंतर्गत टीचर को दो छात्रों ने गोली मार दी। गोली टीचर के पैर से रगड़ती हुई गई। पुलिस टीचर से पूछताछ कर रही है। उसने बताया कि छात्र बाइक से आए थे। आते ही उन्होंने तमंचे से फायर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। खंदौली के मलूपुर निवासी सुमित रामस्वरूप स्कूल में शिक्षक हैं। स्कूल के बाद वो खंदौली में ही अपनी कोचिंग चलाते हैं। सुमित ने बताया कि दोपहर करीब तीन बजे वो बच्चों को पढ़ा रहे थे। उसी समय बाइक से उनके पूर्व छात्र तरुण और उत्तम आए। तरुण ने आवाज देकर बाहर बुलाया। वो जैसे ही बाहर पहुंचे तो तरुण ने उत्तम से तमंचा लेकर फायर कर दिया। गोली उनके पैर से रगड़ती हुई गई है। इसके बाद दोनों भाग गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने टीचर से पूछताछ की है। टीचर गोली मारने की वजह नहीं बता पाया। टीचर ने बताया कि दोनों छात्र दो साल पहले उनसे पढ़ते थे। उनकी कोई रंजिश नहीं है। न ही कोई विवाद हुआ है। पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

### किशोरी से रेप करने वाला गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले की पुलिस ने नाबालिग किशोरी के साथ रेप करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पीड़िता के परिजनों ने जिले के कंधरापुर थाने में शिकायत दर्ज कराई कि 26 सितंबर को नाबालिग किशोरी स्कूल पढ़ने के लिए गई थी पर घर के लोगों ने काफी तलाश की पर पता नहीं चल सका। जिसके बाद परिजनों ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। इसी क्रम में पीड़िता को बरामद कर लिया गया। पीड़िता का मेडिकल कराया गया तो रेप की पुष्टि हुई। जिसके बाद धाराओं में वृद्धि किया गया। आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई। इसी क्रम में आरोपी की गिरफ्तारी की गई। पुलिस की इस विवेचना में गाजीपुर निवासी सूरज लाल गुप्ता का नाम सामने आया। सूरज गुप्ता मुंबई में रहता था और कादीपुर नेवादा गाजीपुर का निवासी बताया गया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। इसी क्रम में आरोपी को भंवरनाथ चौराहे से हिरासत में ले लिया गया। आरोपी को न्यायालय भेजा जा रहा है जहां से जेल रवाना किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### कानपुर में नगर आयुक्त ने किया कोर्ट में सरेंडर

कानपुर। कानपुर नगर आयुक्त जीएन शिव शरणप्पा ने एनबीडब्ल्यू जारी होने के बाद गुरुवार को सीएमएम कोर्ट में सरेंडर कर दिया। नगर निगम के कर्मचारियों की नियुक्ति मामले में कोर्ट के बार-बार आदेश के बाद भी वह हाजिर नहीं हो रहे थे। इसके बाद कोर्ट ने नगर आयुक्त के खिलाफ एनबीडब्ल्यू वारंट जारी किया था। हाईकोर्ट से भी राहत नहीं मिलने पर उन्होंने सीएमएम कोर्ट में सरेंडर कर दिया। नगर निगम में कार्यरत कपिलमुनि सिंह समेत 25 कर्मचारियों को वर्ष-2006 में सेवा से हटा दिया गया था। नौकरी बहाली के लिए सभी ने श्रमायुक्त की कोर्ट में केस किया था। श्रमायुक्त ने सुनवाई के बाद वर्ष 2010 में कर्मचारियों की बहाली के आदेश दिए थे। लेकिन आदेश का पालन नहीं होने पर सीएमएम कोर्ट में वाद दाखिल किया था। बार-बार सम्मन भेजने के बाद भी नगर आयुक्त के कोर्ट में हाजिर न होने पर 22 जून 2023 को गैर जमानतीय वारंट जारी हो गया था। अधिवक्ता ने वारंट निरस्त करने के लिए अर्जी दी थी। लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया और नगर आयुक्त को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने के निर्देश दिए थे।

### कांस्टेबल ने नाबालिग छात्र के साथ किया कुकर्म

**देवरिया।** देवरिया में एक थाने में तैनात कांस्टेबल ने थाने के बगल में रहने वाले एक नाबालिग छात्र से अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। मामले को जिले के पुलिस अफसर दबाने में लगे रहे। 112 पुलिस को सूचना देने के बाद मामला सामने आ गया। बताया जाता है कि आरोपी छात्रा के परिवार से दूध लेता है, छात्र उसे उसके कमरे पर दूध देकर लौटा था। उसके बाद रात को आरोपी कांस्टेबल उसके घर में घुस गया और गंदी हरकत कर दी। मामला जिले के खामपार थाने के पास का है। थाने में तैनात एक कांस्टेबल खामपार बाजार में किराए का कमरा लेकर रहता है। बुधवार की शाम को दूध देने वाले परिवार का नाबालिग छात्र दूध देने गया था। कांस्टेबल ने उससे रात में मिलने की बात कही थी। आधी रात को आरोपी कांस्टेबल नाबालिग छात्र के घर में घुस गया और उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। इसकी भनक जैसे ही परिजनों को हुई कांस्टेबल भागकर अपने कमरे में चला आया। आसपास के जुटे आक्रोशित ग्रामीणों ने बाहर से दरवाजा बन्द कर 112 नंबर को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को शांत कराया और थानाध्यक्ष को घटना की जानकारी दी।

### गोंडा में अवैध कब्जों पर चला बुलडोजर

**गोंडा।** गोंडा में नगर पालिका की सरकारी जमीन पर सालों से किए गए अवैध अतिक्रमण को 3 दिन से जेसीबी से तोड़ करके हटाया जा रहा है। गुरुवार को तीसरे दिन भी जिला प्रशासन का बुलडोजर गरजा। अब तक जिला प्रशासन 23 से ज्यादा दुकानों, मकानों, होटल और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को तोड़कर के अवैध अतिक्रमण हटा चुका। प्रथम चरण में 25 दुकानों, मकानों को तोड़कर अवैध अतिक्रमण हटाया जाना है। इन लोगों द्वारा नगर पालिका परिषद की सरकारी नजूल की भूमि को अवैध तरीके से कब्जा करके मकान, दुकान, होटल व शॉपिंग कंपलेक्स का निर्माण कर लिया गया था, जिसको लेकर के जिला प्रशासन ने सभी अवैध अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर खुद अवैध अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। लेकिन जिला प्रशासन के नोटिस के बावजूद भी अतिक्रमणकारियों ने कब्जा नहीं हटाया। इसके बाद अब लगातार तीन दिन से जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई करके जेसीबी के माध्यम से अवैध अतिक्रमण को तोड़कर हटाया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई से अवैध आक्रमणकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### अपहरण के 9 दोषियों को आजीवन कारावास

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद में जिला सत्र न्यायालय ने रहमत अली के अपहरण मामले में फैसला सुनाया। जिसमें कोर्ट ने 9 आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 53-53 हजार जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माने की धनराशि नहीं जमा करने पर दोषियों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। थाना नारखी क्षेत्र में बदमाशों ने नलकूप से 24 फरवरी 2012 की रात रहमत अली का अपहरण कर लिया। बदमाश आलू के खेत पर सो रहे इकरार तथा इज्जत अली को वहीं पर चारपाई से बांध गए। अपहृत के भाई करामत अली ने नूर निवासी राजमल नारखी ने थाने में अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने 7 मार्च 2016 को कायथा के समीप से एक गाड़ी में मुठभेड़ में बदमाशों को पकड़ लिया था। पुलिस ने विवेचना के बाद न्यायालय में सभी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। मुकदमा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावी क्षेत्र नवनीत कुमार गिरी की अदालत में चला। अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र राठौर, अजय शर्मा व ललित बघेल ने की।

### पति संग आगरा से लौट रही महिला को मारी गोली

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद में मिलिट्री अस्पताल से रिपोर्ट लेकर पति संग बाइक से घर लौट रही महिला पर बाइक सवारों ने फायरिंग कर दी। गोली महिला के गले में लगी, जिससे वह गंभीर रूप उसे घायल हो गईं। हमलावर मौके से फरार हो गए। महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने जेठ को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। थाना नारखी क्षेत्र के गांव मीठना निवासी सूरजपाल सिंह बुधवार रात आगरा के मिलिट्री अस्पताल से पत्नी वर्षा की जांच रिपोर्ट लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। सूरजपाल बाइक चला रहे थे, पत्नी पीछे बैठी थीं। रात को वह जैसे ही पुराने बाइपास होते हुए गांव के समीप पहुंचे तभी सामने से एक बाइक पर आए दो युवकों ने उन पर फायरिंग कर दी। गोली पीछे बैठी पत्नी वर्षा के गले में लगी। घटना के बाद बाइक सवार मौके से भाग गए। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। हालत बिगड़ने पर आगरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# राजस्वकर्मियों व पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज, निलंबन, स्थानांतरण और विभागीय कार्यवाही का मिला दंड

- वर्तमान उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी निलंबित
- देवरिया प्रकरण में योगी आदित्यनाथ की कठोर कार्रवाई
- 01 उपजिलाधिकारी, 01 क्षेत्राधिकारी, दो तहसीलदार, तीन लेखपाल, 01 हेड कांस्टेबल, 04 कांस्टेबल , 02 हल्का प्रभारी व 01 थाना प्रभारी निलंबित
- मुख्यमंत्री ने की देवरिया के घटना की गहन समीक्षा, कहा दोषी कोई भी हो बचेगा नहीं
- लापरवाह तहसीलदारों, क्षेत्राधिकारी के खिलाफ होगी विभागीय कार्यवाही

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने विगत दिनों जनपद देवरिया में घटित प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लिया है। गुरुवार को घटना की गहन समीक्षा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि दोषी कोई भी हो, हर एक पर कार्रवाई की जाएगी।

शासन की रिपोर्ट में जनपद देवरिया की तहसील एवं थाना रूद्रपुर स्थित ग्राम फतेहपुर में घटित घटना के संबंध में दोषी कर्मचारी/अधिकारी की घोर लापरवाही एवं कर्तव्यपालन में शिथिलता संज्ञान में आयी है। उक्त विवाद के संबंध में स्व.सत्य प्रकाश दुबे द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा के संबंध में आईजीआरएस के अंतर्गत अनेक



शिकायतें मुख्यमंत्री संदर्भ के रूप में आनलाइन पुलिस विभाग/राजस्व विभाग को भेजी गई थीं एवं दोनो विभाग के संबंधित अधिकारियों द्वारा गम्भीरतापूर्व संज्ञान लेकर निस्तारण नहीं कराया गया।

अतएव, मुख्यमंत्री जी ने राजस्व एवं पुलिस विभाग के विभिन्न अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध निम्न विवरण के अनुसार कार्यवाही के निर्देश दिए हैं...

☞ वर्तमान उपजिलाधिकारी योगेश कुमार गौड़ एवं क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर जिलाजीत को तत्काल निलंबित किया जाए।

☞ पूर्व में उपजिलाधिकारी रहे राम विलास, ओम प्रकाश, ध्रुव शुक्ला एवं संजीव कुमार उपाध्याय के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाए।

☞ सेवानिवृत्त तहसीलदार वंशराज राम एवं सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक रामानन्द पाल के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही शुरू करें।

☞ अभय राज (वर्तमान में निलंबित तहसीलदार) को अतिरिक्त आरोप पत्र जारी किया जाए।

☞ रामाश्रय तत्कालीन तहसीलदार, सम्प्रति तहसीलदार जनपद बलरामपुर को निलंबित करते हुए विभागीय कार्यवाही संस्थित की जाए तथा केशव कुमार तहसीलदार रूद्रपुर को निलंबित करते हुए विभागीय कार्यवाही की जाए।

☞ विशाल नाथ यादव (राजस्व निरीक्षक), राजनन्दनी यादव (क्षेत्रीय लेखपाल), अखिलेश (लेखपाल) को निलंबित करते हुए विभागीय कार्यवाही की जाए।

☞ हेड कॉन्स्टेबल राजेश प्रताप सिंह, कॉन्स्टेबल अवनीश चौहान, हल्का प्रभारी / उपनिरीक्षक जय प्रकाश दुबे व प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह को निलंबित कर विभागीय कार्यवाही शुरू की जाए।

☞ पूर्व में आईजीआरएस के संदर्भों में निस्तारण में लापरवाही के लिये उत्तरदायी पाए गए का. कैलाश पटेल, कॉन्स्टेबल राम प्रताप कन्नौजिया, सुभाष यादव एवं उ.नि. सुनील कुमार, पूर्व प्रभारी निरीक्षक, रूद्रपुर को निलंबित किया जाए तथा तत्कालीन क्षेत्राधिकारी, रूद्रपुर दिनेश कुमार सिंह यादव के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ की जाए।

# एएसआई को ज्ञानवापी सर्वेक्षण पूरा करने को मिले 28 दिन

### जिला जज का एक्सटेंशन अप्लीकेशन पर सुनवाई के बाद आदेश; मुस्लिम कमेटी ने जताई आपत्ति

**वाराणसी।** वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर में सर्वेक्षण कार्य के लिए भारतीय पुरातत्व विभाग की टीम को चार सप्ताह यानी 28 दिन का समय और मिल गया है। यह आदेश आदेश गुरुवार को एएसआई टीम की ओर से एक्सटेंशन अप्लीकेशन पर सुनवाई के बाद जिला जज ने दिया। दूसरी बार एएसआई के सर्वे का समय बढ़ाया गया है।

वहीं व्यासजी तहखाने पर अधिकार को दाखिल याचिका के मामलों में जिला जज 12 अक्टूबर को सुनवाई करेंगे। वहीं सर्वे का समय बढ़ाने पर मुस्लिम कमेटी ने आपत्ति जताई। इसके साथ मसाजिद कमेटी ने एक माह का समय बढ़ाने को गैर जरूरी बताया।

#### व्यासजी तहखाने के अधिकार केस की सुनवाई का जजमेंट 12 अक्टूबर को

ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यासजी का तहखाना डीएम की निगरानी में सौंपने संबंधी दाखिल वाद के संबंध में ट्रांसफर करने के लिए जिला जज 12 अक्टूबर को फैसला देंगे। वादी शैलेन्द्र कुमार व्यास ने 25 सितंबर को वाद दाखिल कर कहा था कि उनके दादा



व्यासजी का तहखाना वर्षों से व्यासजी के परिवार के कब्जे में रहा है। वर्ष 1993 के पूर्व पूजा-पाठ, राग-भोग होता रहा, इसके बाद इस तहखाने को प्रदेश सरकार के आदेश से घेरकर उन लोगों को पूजा-पाठ से वंचित कर दिया गया। वर्तमान में नंदीजी के सामने स्थित इस तहखाने का दरवाजा खुला है। उस जगह वादी और उनके परिवार को जाने से रोका जाता रहा है।

याचिका में वादी ने आरोप लगाया कि अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की ओर से तहखाने पर कब्जा किया जा रहा है, जिसके संबंध में वादी की ओर से एक वाद लोअर कोर्ट में लंबित है। जिसे जिला जज अपने स्वयं के कोर्ट में ट्रांसफर कर सुनवाई करें। जिस पर प्रतिवादी मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता मुमताज अहमद ने विरोध किया था। उन्होंने कहा था कि वादी की ओर से ट्रांसफर अर्जी सुनवाई योग्य नहीं है, जो मुकदमा लोअर कोर्ट में दाखिल किया गया है, उसी कोर्ट से सबंधित ट्रांसफर की मांग की जा सकती है, न कि अपीलीय न्यायालय की कोर्ट में सुनवाई के लिए मांग की जा सकती है। हालांकि जिला जज ने मामले में सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा है। जिसे पांच अक्तूबर को सुनाया जाएगा।

उधर, ज्ञानवापी और श्रृंगार गौरी के मूलवाद की भी सुनवाई होगी। जिला जज की कोर्ट ने सात मुकदमों को एक साथ समायोजित कर सुनवाई शुरू की है। अब इसमें साध्वी पूर्णंबा का केस भी शामिल किया जाएगा। जिसे बाद आज से जिला जज कोर्ट में मूलवाद के आठ मुकदमों की सुनवाई की जाएगी। वहीं केस से जुडे अन्य मामलों में भी मूलवाद की प्रकृति को समझा जाएगा। केस में वादिनी चारों महिलाओं समेत वकीलों को तलब किया गया है। सूत्रों के अनुसार वादी पक्ष आज एक नई याचिका दायर करेगा। जिसे कथित शिवलिंग को छोड़कर पूरे वजूस्थल के भी साइंटिफिक सर्वे की मांग की जाएगी।

### कुशीनगर में सेवामित्र पोर्टल के माध्यम से मिलेंगी आवश्यक सेवाएं

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में सेवामित्र पोर्टल के माध्यम से सभी आवश्यक सेवाएं मिलेंगी। जिला रोजगार सहायता अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सेवामित्र पोर्टल डिजिटल व्यवस्था के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न प्रकार की सेवाएं जैसे- इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, कारपेण्टर मैकेनिक ड्राईवर, सैलून, पेण्टर, एसी रिपेयर, आर0ओ0 रिपेयर, मैनपावर सर्विसेज, नर्सिंग, टूर एण्ड ट्रेवल्स, लान्ड्री, मोबाइल रिपेयर इत्यादि सर्विसेज प्राप्त कर सकते है । प्रदेश सरकार ने नागरिकों को अपने द्वार पर ही दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति कराने के लिए सेवामित्र पोर्टल को विकसित किया गया है। इन सेवाओं का लाभ सेवामित्र पोर्टल अथवा सेवामित्र मोबाईल एप्लीकेशन या हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर-155330 के माध्यम से उठाया जा सकता है। सेवामित्र व्यवस्था के अन्तर्गत कौशल प्राप्त युवाओं को सेवा प्रदाता एजेन्सी के माध्यम से स्वावलम्बन का अवसर प्राप्त हो रहा है। सेवामित्र डॉट यूपी डॉट जीओवी डॉट इन पर सेवा प्रदाता फर्म्स एवं कुशल कामगार भी अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते है, जिससे इस व्यवस्था से उन्हें डे वर्क और प्रोजेक्ट वर्क के अन्तर्गत स्टार्टअप के अवसर भी उपलब्ध हो रहे है।

# मयूर ग्रुप पर आयकर विभाग की बड़ी रेड

### यूपी के 20 और एमपी के 15 ठिकानों पर हुई छापेमारी

**कानपुर।** कानपुर की बड़ी वनस्पति तेल कंपनी मयूर ग्रुप पर आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। सूत्रों के मुताबिक, कानपुर समेत यूपी में करीब 20 और मध्य प्रदेश के 15 ठिकानों पर कार्रवाई जारी है। इसमें 150 से अधिक अफसर कार्रवाई में शामिल हैं। गुरुवार सुबह 6 बजे टीमें पहुंच गईं। इसके बाद सभी परिसर सील कर दिए गए हैं। सोर्स के मुताबिक, करीब 1 हजार करोड़ की टैक्स चोरी का मामला बताया जा रहा है।

#### 5 मंजिला आलीशान कोठी में 2 दर्जन से अधिक अधिकारी

सिविल लाइन स्थित मयूर ग्रुप की कोठी 5 मंजिला बेहद आलीशान बनाई गई है। सूत्रों के मुताबिक यहां 2 दर्जन से अधिक आयकर अधिकारियों की टीमें मौजूद हैं। आयकर अधिकारियों ने तब छापेमारी की है, जब कंपनी के दोनों डायरेक्टर इसी आलीशान कोठी में मौजूद हैं। बता दें कि मयूर ग्रुप वनस्पति तेल, फूड आइटम्स और पैकेजिंग का काम करते हैं।

कानपुर देहात के रनियां क्षेत्र में मयूर ग्रुप की सबसे बड़ी फैक्ट्री है। मयूर ग्रुप ने फैक्ट्री के आसपास भी 1000




एकड़ से ज्यादा जमीनों की खरीद फरोख्त की है। वहीं आयकर सूत्रों के मुताबिक कंपनी में बड़े पैमाने पर आयकर चोरी की जा रही थी। करीब 1 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का आयकर चोरी की बात फिलहाल सामने आ रही है। हालांकि अधिकारियों ने दस्तावेजों को खंगालना शुरू कर दिया हैं। रनियां स्थित फैक्ट्री में भी आयकर की टीम मौजूद है।

कानपुर में मयूर वनस्पति के ठिकानों 30 दिसंबर 2021 को भी छ्रत्नत्नढ्ढ लखनऊ के छापे में आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) में बड़ी गड़बड़ी पकड़ी गई थी। चार साल पुराने इस मामले में कंपनी के मालिक सुनील गुप्ता और सुरेश गुप्ता भी फंसे थे। वर्ष 2019 में डीआरआई ने ने मयूर वनस्पति पर छापा मारकर कंपनी के एक निदेशक को गिरफ्तार भी किया था।

# कुशीनगर दुर्घटना में दो की हुई मौत, तीन घायल

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में कप्तानगंज थाना क्षेत्र में अनियंत्रित कार पेड़ से टकराकर गड्ढे में गिर गई। इस दौरान कार में सवार दो युवकों की मौत हो गई। वहीं तीन घायलों को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया गया ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कप्तानगंज थाना के बोदरवार और घोघरा गांव के बीच पांच युवक कार से भोर में गोरखपुर से बर्थडे पार्टी मनाकर आ रहे थे। तेज रफ्तार के कारण कार अनियंत्रित हो गई और पलट गई। जिसमें कार में अगली सीट पर बैठे कार सवार अरमान पुत्र सलाउद्दीन शाह (17) निवासी वार्ड नं 9 कप्तानगंज तथा दीपक चौधरी पुत्र गणेश चौधरी(17) निवासी वार्ड नं 13 कप्तानगंज मौके पर ही मौत हो गई। इनके शव कार में फंस गए थे।

# सोनभद्र : मालगाड़ी के इंजन समेत तीन बोगी बेपटरी

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में चोपन-गढ़वा रेल मार्ग पर गुरुवार सुबह झारखण्ड से डोलोमाइट लेकर दुद्धी आ रही मालगाड़ी के इंजन समेत तीन बोगी दुद्धी रेलवे स्टेशन से तीन सौ मीटर पहले चेंजिंग पॉइंट पर पटरी से उतर गयीं।

रेलवे सूत्रों के अनुसार झारखण्ड से एक मालगाड़ी डोलोमाइट लेकर दुद्धी आ रही थी। जब मालगाड़ी मेन लाइन से आगे यार्ड में पहुंची तो प्वाइंट पर मालगाड़ी का इंजन और दो अन्य



बोगियां पटरी से उतर गई। रेल पटरी के चेंजिंग प्वाइंट के पास हुई दुर्घटना से रेलवे के स्थानीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया। स्टेशन मास्टर शैलेष कुमार ने तत्काल इसकी सूचना धनबाद मण्डल के अधिकारियों के साथ ही चोपन व रेनुकूट के स्टेशन मास्टरों को दे दी।


दुर्घटना की जानकारी होते ही रेनुकूट और चोपन से राहत कार्यों के लिए रेल कर्मचारियों को तत्काल मौके पर भेज दिया गया। मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने मालगाड़ी की अन्य बोगियों को काटकर महुली की तरफ ले गए। तब जाकर दुद्धी -आश्रम मार्ग पर बंद रेलवे फाटक खोला गया। वहीं इंजन और बोगियों को पटरी पर वापस लाने के लिए धनबाद मण्डल से दुर्घटना सहायता ट्रेन और क्रेन के साथ मौके पर रेलवे के उच्चाधिकारी पहुंच गए।

रेलवे के अधिकारी दोपहर बाद एक बजे तक इंजन और वोगियों को पटरी पर वापस लाने में जुटे रहे। मौके पर पीसीएसओ हाजीपुर,डिवीजन सुरक्षा अधिकारी धनबाद मण्डल अभिनव कुमार,असिस्टेंट ट्रैफिक मैनेजर अब्दुल हक, गढ़वा के ट्रैफिक इंस्पेक्टर सुनील सिंह मौजूद रहे।

# बरेली में फिल्म अभिनेत्री नीना गुप्ता को एयरपोर्ट वीआईपी लाउंज में नहीं मिली एंट्री

**बरेली।** बालीवुड अभिनेत्री नीना गुप्ता को बरेली एयरपोर्ट स्थित वीआईपी लाउंज में जगह नहीं मिल पाई। एयरपोर्ट परिसर पर ही वह अन्य यात्रियों के साथ बैठीं। वहीं से उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया। वीडियो तेजी से प्रसारित हो रहा है।

फिल्म अभिनेत्री नीना गुप्ता लॉन्च बरेली नीना गुप्ता बीते दिनों उत्तराखंड में मुक्तेश्वर सर सपाटा करने गई थीं। वह अक्सर काम से फ्री होने के बाद मुक्तेश्वर आती हैं। मुक्तेश्वर से मुंबई



वापसी के लिए उन्हें बरेली एयरपोर्ट से फ्लाइट पकड़नी थी। बरेली एयरपोर्ट से मुंबई फ्लाइट समय बुधवार दोपहर 2.25 बजे था। नीना गुप्ता मुक्तेश्वर से वाया सड़क मार्ग होते हुए समय से करीब एक घंटा पहले बरेली एयरपोर्ट पहुंच गई थीं। यहां वह रिजर्व लाउंज में बैठने जा रही थीं, लेकिन उन्हें बैठने नहीं दिया गया।

आरोप है कि अधिकारियों से बात की तो एयरपोर्ट अधिकारियों ने उन्हें बताया कि उनके पास उपलब्ध वीआइपी की सूची में उनका नाम शामिल नहीं है। इस पर नीना वहां सामान्य यात्रियों की तरह ही बैठकर फ्लाइट का इंतजार करने लगीं। वहीं, से उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया।

### गोरखनाथ मंदिर के मुख्य गेट पर कारतूस सहित दो युवक गिरफ्तार

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में स्थित गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा मे लगे सुरक्षा कर्मियों ने झारखंड के दो युवकों को मंदिर गेट पर तीन कारतूस के साथ पकड लिया गया है। पुलिस ने गुरूवार को बताया कि झारखंड के गढवा के रहने वाले दोनों युवको हिरासत मे लेकर पुलिस, एलआईयू और आईबी की टीमें दोनों से पूछताछ कर रही है। उन्होंने बताया कि मंदिर सुरक्षा में लगे कर्मचारी मुख्य गेट पर श्रध्दालुओं की जांच कर रहे थे कि पैदल जा रहे दोनों युवकों की तलाशी ली गयी तो उनके पिटठू बैग से 315 बोर के तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए।

# मिर्जापुर : ट्रक की चपेट में आकर दो की मौत

मिर्जापुर। उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के देहात कोतवाली थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह एक ट्रक की चपेट में आ जाने से बाइक सवार दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि एक महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई है।

पुलिस उपाधीक्षक शैलेन्द्र तिवारी ने बताया कि दुर्घटना इटावा गांव के पास हुई । हताहत तीनों एक ही बाईक पर कटरा कोतवाली थाना क्षेत्र के कतवारू का पुरा मोहल्ला निवासी छोटकऊ देव पाण्डेय (52) अपनी पत्नी सावित्री पाण्डेय एवं देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के देवरी गांव निवासी रोहित मिश्र (23)पुत्र मनोज मिश्र के साथ बाईक से गुरुवार की सुबह लालगंज की ओर जा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या सात मिर्जापुर जबलपुर रोड़ पर स्थित इटवा गांव के पास एक ट्रक की चपेट में आ गए जिससे छोटकऊ देव पाण्डेय और रोहित मिश्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि सावित्री देवी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डाक्टरों के अनुसार सावित्री देवी की स्थिति नाजुक हैं।

### बलिया : युवक का शव बरामद

बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद के रसड़ा थाना क्षेत्र में एक विद्यापीठ के समीप नदी के छाड़न में गुरुवार की सुबह एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई । पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के रसड़ा कस्बा मल्लाह टोली निवासी मछली व्यवसायी काशी साहनी (45) क्षेत्र के रत्तोपुर गांव में एक नदी में जाल लगाकर मछली मारता व वहीं रहता था । गुरुवार की सुबह काशी का शव नदी के छाड़न में उतराया मिला । घटना की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद फहीम कुरैशी ने गुरुवार को बताया कि सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । पुलिस मामले की छानबीन कर रही है । उधर मृतक के बेटे अखिलेश साहनी ने अपने पिता की हत्या करने का आरोप लगाया है। उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि उसके पिता का मछली मारने को लेकर एक व्यक्ति से विवाद चल रहा था। उसके पिता की विवाद को लेकर ही हत्या की गई है। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करेगी ।

### ट्रक की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार की सुबह ट्रक की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ऊंझ थाना क्षेत्र के नवधन गांव निवासी अलाउद्दीन उर्फ नंदू उम्र सुबह सड़क पार कर रहा था कि अचानक उसे राजमार्ग पर एक ट्रक दिखाई दिया। ट्रक देखते ही उसने भाग कर सड़क पार करने का प्रयास किया कि इसी दौरान वह चपेट में आ गया।

# संभल में 2 दोस्तों को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

### सुबह सड़क पर दौड़ लगाते समय रौंदा, मौके पर ही दोनों ने तोड़ा दम

संभल। संभल में बाइक ने 2 दोस्तों को टक्कर मारकर रौंद दिया। हादसे में दोनों दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची डायल 112 दोनों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची जहां उन्हें चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बाइक और चालक को हिरासत में ले लिया है।

भीषण सड़क हादसा जनपद संभल के थाना बहजोई क्षेत्र के गांव किसौली के निकट हुआ। गांव निवासी महेश का 15 वर्षीय पुत्र सुमित यादव एवं नवरत्न का 11 वर्षीय पुत्र वरुण यादव रोजाना दौड़ लगाते हैं, गुरुवार की सुबह 06 बजे दौड़ लगा रहे थे तभी तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। इसके बाद दोनों को रौंदते हुए निकल गई।

हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस दोनों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची, जहां चिकित्सक ने दोनों दोस्तों को मृत घोषित कर दिया। सड़क हादसे की जानकारी मिलने के बाद दोनों के परिजन एवं अन्य ग्रामीण भी अस्पताल पहुंच गए जहां दोनों दोस्तों के शव देखकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

थाना बहजोई इंस्पेक्टर विद्युत गोयल ने बताया कि सड़क हादसा हुआ है। जिसमें दो दोस्तों की मौत हुई है। दोनों दोस्त सुबह दौड़ लगा रहे थे, बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मारी है।

नई दिल्ली
शुक्रवार 06 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### नोकिया ने बेंगलूरु स्थापित किया अपना पहला 6जी अनुसंधान विकास केंद्र

नी दिल्ली। नोकिया ने गुरुवार को घोषणा की उसने बैंगलुरु में अपना वैश्विक अनुसंधान एवं विकास केंद्र (आर एंड डी सेंटर) में 6जी लैब स्थापित किया है। इस प्रयोगशाला का उद्घाटन रेल, दूरसंचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया। वैष्णव ने कहा, आज बेंगलुरु में नोकिया 6जी अनुसंधान प्रयोगशाला का उद्घाटन भारत को नवाचार का केंद्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह अपनी तरह की पहली परियोजना है और इसका लक्ष्य 6जी तकनीक पर आधारित मौलिक प्रौद्योगिकियों और नवीन उपयोग के मामलों के विकास में तेजी लाना है। नोकिया के मुख्य रणनीति और प्रौद्योगिकी अधिकारी निशांत बत्रा ने कहा, नोकिया भारत सरकार के 'भारत 6जी विजन' को साकार करने में योगदान देने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा है। कंपनी का कहना है कि नोकिया का यह 6जी आरएंडडी केंद्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के %भारत 6जी विजन% में सहायक होगी। इस केंद्र के माध्यम से 6जी तकनीक के मानकीकरण, विकास और कार्यान्वयन में भारत एक महत्वपूर्ण वैश्विक भूमिका की कल्पना की गयी है।

### स्वस्थ औद्योगिक प्रौद्योगिकी, प्रक्रिया क्षेत्र में सहयोग के लिए यूएई-भारत में समझौता

नयी दिल्ली। भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने उद्योग और उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग का करार किया है। इस समझौते का उद्देश्य ऐसी प्रौद्योगिकियों के विकास में तेजी लाना भी है जो उद्योगों को कार्बन प्रदूषण कम करने करने और नवीकरणीय ऊर्जा को आगे बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार अबूधाबी में अमीरात पैलेस होटल में गुरुवार को इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए इसके तहत दोनों पक्ष स्वस्थ औद्योगिक विकास तथा उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को अधिक घनिष्ट करेंगे। समझौता ज्ञापन पर यूएई के उद्योग और उन्नत प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. सुल्तान अल जाबेर और भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अबू धाबी की अधिशासी परिषद के सदस्य महामहिम शेख हमीद बिन जायद अल नाहयान की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। विज्ञप्ति के अनुसार इस समझौते के तहत यूएई और भारत के बीच आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने, स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, अंतरिक्ष, डिजिटल विनिर्माण और औद्योगिक मानकों पर एक दूसरे के साथ सहयोग बढ़ाएंगे।

### 20 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगा टाटा समूह

नई दिल्ली। टाटा ग्रुप टाटा प्ले में लगभग 20 प्रतिशत हिस्सेदारी वापस खरीदने के लिए टेमासेक होल्डिंग्स के साथ बातचीत कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। एक रिपोर्ट में मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के हवाले से कहा गया है कि इस सौदे के लिए मनोरंजन सामग्री वितरण मंच टाटा प्ले का मूल्य 1 अरब डॉलर से अधिक हो सकता है। सूत्रों ने एक समाचार एजेंसी को बताया कि टाटा ग्रुप और सिंगापुर के सरकारी निवेशक टाटा प्ले लिमिटेड में करीब 20 पर्सेंट हिस्सेदारी को लेकर बातचीत के अंतिम चरण में हैं, लेकिन इस बात की कोई निश्चितता नहीं है कि टेमासेक और टाटा प्ले डील के साथ आगे बढ़ेंगे। टाटा प्ले टाटा समूह और वॉल्ट डिज्नी कंपनी की ट्वेंटी-फर्स्ट सेंचुरी फॉक्स के बीच एक संयुक्त उद्यम है, जो सेट-टॉप बॉक्स के माध्यम से पे टेलीविजन और अपने ऐप के माध्यम से ओवर-द-टॉप वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा प्रदान करता है। इसके पास 2.3 करोड़ कनेक्शन हैं। जुलाई में ब्लूमबर्ग ने खबर दी थी कि टाटा ग्रुप टाटा प्ले में टेमासेक की करीब 20 पर्सेंट हिस्सेदारी बायबैक करने की पेशकश करने पर विचार कर रहा है।

### जीएसटी परिषद की बैठक 52वीं बैठक शनिवार को

नई दिल्ली। जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक शनिवार को होगी। ऐसे बात पर चर्चा शुरू हो गई हे कि इस बार की बैठक में जीएसटी परिषद कौन-कौन से बदलाव का फैसला लेगी। सूत्रों के अनुसार इस बार जीएसटी परिषद की बैठक के बाद लिकर कंपनियों को अच्छी खबर मिलेगी। जानकारी के अनुसार इस बार की बैठक में मोलासेस पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत किया जा सकता है। मोलासेस एक तरह का गुड़ शीरा है यह गन्ने या चुकंदर का रस निकालने के दौरान निकलता है। इसे फर्मेंट करके लिकर या शराब तैयार की जाती है। रम इसी तरीके से बनाया गया लिकर है। इस बार की जीएसटी परिषद की मीटिंग में ईवी बैटरी, बीमा कंपनियों और मिलेट्स पर लगने वाले दरों पर भी बड़ा फैसला लिया जा सकता है। जीएसटी परिषद की फिटमेंट कमिटी की ओर से मिलेट्स पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत करने की सिफारिश की गई है। मिलेट्स से बने आटे को खुले में बेचने पर कोई जीएसटी चार्ज नहीं करने की बात कही गई है। फिटमेंट कमिटी ने ऐसा प्रावधान करने की सिफारिश की है कि अगर आप प्री-पैकेज्ड मिलेट्स बेच रहे हैं तो आपको 18 फीसदी जीएसटी देना होगा, वहीं अगर इन अनाजों का आटा भेज रहे हैं तो इसके लिए 12 फीसदी जीएसटी देय होगा।

### देश में सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर सितंबर में 13 साल के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली। मजबूत मांग के बीच नए कारोबार में तेज वृद्धि से सितंबर में देश में सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 13 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स अगस्त में 60.1 से बढ़कर सितंबर में 61 हो गया, जो उत्पादन में तेज वृद्धि का संकेत है। परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का सूचकांक विस्तार को दर्शाता है जबकि 50 से नीचे का स्कोर संकुचन को दर्शाता है। यह सर्वेक्षण सेवा क्षेत्र की करीब 400 कंपनियों के पैनल को भेजी गई प्रश्नावली के जवाब से तैयार किया गया है। नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि भारतीय सेवा प्रदाताओं के साथ नए व्यवसाय में काफी वृद्धि हुई है, जो जून 2010 के बाद से दूसरा सबसे तेज था। कुल बिक्री में वृद्धि के अलावा, फर्मों ने विदेशों से मांग में वृद्धि देखी, विशेष रूप से एशिया, यूरोप और उत्तरी अमेरिका में स्थित ग्राहकों से। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस में अर्थशास्त्र की सहायक निदेशक पॉलियाना डी लीमा ने कहा, पीएमआई के नवीनतम परिणाम भारत की सेवा क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के लिए अधिक सकारात्मक खबर लेकर आए हैं, सितंबर में व्यावसायिक गतिविधि और नए काम की संख्या 13 वर्षों में सबसे बड़ी सीमा तक बढ़ी है।

### पीएम की अपील के बाद लोगों ने जमकर खरीदे खादी उत्पाद

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित खादी भवन में 1.52 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड तोड़ बिक्री पर खुशी जताई और कहा कि देश भर में हाथ से बुने कपड़े की खरीद दिखाती है कि यह किस तरह जनभावना का प्रतीक बन गया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, देश भर में हमारे परिवार के सदस्यों द्वारा खादी की खरीद का नया रिकॉर्ड दिखाता है कि यह किस तरह जनभावना का सशक्त प्रतीक बन गया है। मुझे विश्वास है कि खादी के प्रति यह प्रेम हर दिन नए कीर्तिमान रचता रहेगा, जो आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को नई ताकत देगा। प्रधानमंत्री ने 24 सितंबर को अपने मन की बात कार्यक्रम के दौरान लोगों से गांधी जयंती पर खादी खरीदने का आग्रह किया था। इसी का नतीजा है कि कनॉट प्लेस स्थित खादी भवन में एक ही दिन में 1.52 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बिक्री हुई। वहीं खादी इंडिया ने एक्स पर लिखा, पूज्य बापू की विरासत खादी के संरक्षक और नए भारत के आधुनिक खादी के निर्माता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 सितंबर को मन की बात कार्यक्रम में गांधी जयंती पर लोगों से खादी खरीदने की अपील की थी। नतीजतन, खादी के इतिहास में पहली बार, दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित खादी भवन में एक दिन में 1.52 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बिक्री हुई। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, दिल्ली के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की खरीद में एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है।

# भारतीय माइक्रोन्यूट्रिएंट बाजार होगा 105 करोड़ डॉलर का

**नयी दिल्ली।** भारतीय कृषि माइक्रोन्यूट्रिएंट बाजार 2022 में 57.16 करोड़ डॉलर का था जिसके वर्ष 2029 तक बढ़कर 105.76 करोड़ डॉलर होने का अनुमान है।
इंटरनेशनल जिंक एसोसिएशन (आईजेडए) ने फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई) के सहयोग से आज यहां आयोजित ग्लोबल माइक्रोन्यूट्रिएंट शिखर सम्मेलन के दूसरे संस्करण में विशेषज्ञों ने यह अनुमान व्यक्त किया। इस सम्मेलन का आईजेडए के अध्यक्ष और हिंदुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा ने शुभारंभ किया।
फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महानिदेशक अरविंद चौधरी और रियो टिंटो के कंट्री हेड इंडिया विक्रम मर्चेंट, विशेष अतिथि थे। मिट्टी, फसलों और मानव स्वास्थ्य में माइक्रोन्यूट्रिएंट की कमी के महत्वपूर्ण मुद्दे को संबोधित करने के लिए अन्य प्रमुख विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और उद्योग जगत के साथ ही भारतीय डाक के दिल्ली सर्कल की चीफ पोस्टमास्टर जनरल मंजू कुमार, केपीएमजी इन इंडिया, हैदराबाद के पार्टनर कुचिभोटला श्रीनिवासय और इंटरनेशनल जिंक एसोसिएशन के निदेशक साउथ एशिया (जेडएनआई) डॉ. सौमित्रा दास उपस्थित थे।
इसमें देश विदेश के 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस दौरान विशेषज्ञों ने हाल में जारी रिपोर्ट का हवाला देते हुये कहा कि भारतीय कृषि माइक्रोन्यूट्रिएंट बाजार 2022 में 57.16 करोड़ डॉलर से बढ़कर 2029 तक 105.76 करोड़ डॉलर होने का अनुमान है, जो 9.19 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ेगा। हाल ही में,




भारतीय उपभोक्ताओं की प्राथमिकताएं स्वास्थ्यप्रद भोजन विकल्पों की ओर बढ़ी हैं जो स्वास्थ्य को बनाए रखने और सुधारने में सहायता कर सकते हैं। इसके परिणामस्वरूप पोषक तत्वों से भरपूर फलों और सब्जियों जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों की मांग में वृद्धि हुई है, जिससे भारतीय कृषि उद्योग में सूक्ष्म पोषक तत्वों की आवश्यकता बढ़ गई है।
इस मौके पर श्री दास ने कहा कि सर्वोत्तम स्वास्थ्य और कल्याण की दिशा में भारत की यात्रा हमारे आहार, स्वास्थ्य देखभाल और कृषि प्रथाओं में सूक्ष्म पोषक तत्वों के व्यापक एकीकरण पर निर्भर करती है। सूक्ष्म पोषक तत्व हमारे शरीर की मूलभूत प्रक्रियाओं की आधारशिला के रूप में काम करते हैं, समग्र जीवन शक्ति का पोषण करते हैं। ग्लोबल माइक्रोन्यूट्रिएंट शिखर सम्मेलन के माध्यम से, हम अपने दैनिक जीवन में, अपने भीतर और अपने कृषि प्रयासों दोनों में चरम प्रदर्शन के लिए उत्प्रेरक के रूप में माइक्रोन्यूट्रिएंट की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करने का प्रयास करते हैं।
यह व्यक्तियों के लिए अपने शरीर के पोषण, दीर्घायु सुनिश्चित करने और स्वास्थ्य प्रतिकूलताओं के खिलाफ मजबूती सुनिश्चित करने के गहरे प्रभाव को स्वीकार करना अनिवार्य है। वैश्विक स्तर पर, एक मजबूत, स्वस्थ और लचीली आबादी को बढ़ावा देने के लिए कृषि में माइक्रोन्यूट्रिएंट की अपरिहार्यता को पहचानना सर्वोपरि है।
एफएआई के निदेशक श्री चौधरी ने कहा कि कृषि की जटिल प्रक्रिया में, माइक्रोन्यूट्रिएंट अज्ञात नायक हैं, जो विकास और प्रचुरता के जीवंत नृत्य को बढ़ावा देते हैं।
ग्लोबल माइक्रोन्यूट्रिएंट समिट के साथ, हम माइक्रोन्यूट्रिएंट-समृद्ध उर्वरकों के उपयोग के बारे में जागरूकता पैदा करना चाहते हैं। वे मौलिक आधार हैं, जो हर बीज के भीतर की क्षमता को खोलते हैं, और बंजर खेतों को समृद्ध परिदृश्य में बदलते हैं। इन सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर फॉर्मूलेशन को अपनाना सिर्फ एक विकल्प नहीं है, यह सतत कृषि के वादे में एक निवेश है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक पोषित भविष्य सुरक्षित करेगा।

# यूपी की कृषि संस्कृति से अवगत होंगे दो लाख से अधिक किसान

## दिसंबर में लखनऊ में संभावित है कृषि कुंभ 2.0, आयोजन को ग्लोबल बनाने में जुटी योगी सरकार

लखनऊ। देश-दुनिया के लगभग दो लाख से अधिक किसान यूपी की कृषि संस्कृति से अवगत होंगे। इसके लिए योगी सरकार दिसंबर में संभावित कृषि कुंभ 2.0को अभूतपूर्व बनाने की तैयारियों में जुट गई है। नवीन तकनीक व नवाचार से भी यूपी के किसान अवगत होकर तकनीकी रूप से और संपन्न होंगे।
इसका आयोजन लखनऊ स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में कराया जाएगा। 2017 में योगी सरकार के गठन के पश्चात 2018 में कृषि कुंभ 1.0 आयोजित किया गया था, जो काफी सफल रहा।
विगत दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्चस्तरीय बैठक ली थी। इसमें कृषि कुंभ के दूसरे संस्करण में 02 लाख से अधिक किसानों की प्रतिभागिता पर उनका जोर रहा। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की कृषि एवं संवर्गी सेक्टर की ख्यातिलब्ध कंपनियों/संस्थाओं, कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्रों, प्रगतिशील किसानों को आमंत्रित करने का निर्देश दिया था। इसमें जापान, इजरायल, जर्मनी, यूएसए समेत कई देशों में खेती-किसानों के नए कार्यों को जानने के लिए इनके सहभागिता पर भी बल दिया।

### कृषि से जुड़े कई विषयों पर होगी चर्चा

कृषि कुंभ के दौरान गौ-आधारित प्राकृतिक खेती, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने की तैयारियों, श्री अन्न के प्रोत्साहन, एफपीओ आधारित व्यवसाय, खेती की लागत को कम करने, पराली प्रबन्धन के साथ-साथ 1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था वाले राज्य में कृषि सेक्टर के योगदान को बढ़ाने के प्रयासों पर चर्चा भी पर सीएम का जोर रहा।
इसमें कृषि के विभिन्न आयामों से जुड़े विषयों पर चर्चा-विमर्श, व्याख्यान, कृषि ड्रोन का प्रदर्शन, कृषि प्रदर्शनी आदि भी लगेगी।

### उपलब्धियों से भरा था कृषि कुंभ 1.0

2017 में योगी सरकार बनने के बाद 2018 में पहला कृषि कुंभ लगा था। इसकी सराहना पूरे देश में की गई थी। कृषि व अन्य विभागों की तरफ से एक लाख से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया था। 14 सत्रों में कई विषयों पर चर्चा भी हुई। इसमें 300 से अधिक कंपनियों व संस्थाओं ने हिस्सा लिया था। इसमें दो करोड़ की राजस्व प्राप्ति भी हुई थी। पराली प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला भी हुई थी। कृषि कुंभ 1.0 काफी उपलब्धियों भरा रहा।

# 1.89 लाख टन गेहूं, पांच हजार टन चावल की बिक्री

नयी दिल्ली। सरकार ने गुरुवार को बताया कि उसने खुले बाजार के लिए और 1.89 लाख टन गेहूं तथा पांच हजार टन चावल की बिक्री की है।
उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार खुली बाजार बिक्री योजना (घरेलू) (ओएमएसएस[डी]) के तहत 15वीं ई-नीलामी के दौरान 2255 बोलीदाताओं को कुल 1.89 लाख टन गेहूं और पांच हजार चावल की बिक्री की गई।
विज्ञप्ति के अनुसार गुरुवार को आयोजित इस ई-नीलामी में देशभर के 481 डिपो से 2.01 लाख टन गेहूं और 264 डिपो से 4.87 लाख टन चावल की बिक्री की पेशकश की गई थी। चावल, गेहूं और आटे की खुदरा कीमत को नियंत्रित करने के लिए बाजार में हस्तक्षेप की भारत सरकार की पहल के एक भाग के रूप में, गेहूं और चावल दोनों की साप्ताहिक ई-नीलामी आयोजित की जाती है। ई-



नीलामी में गेहूं और चावल दोनों के लिए 2447 सूचीबद्ध खरीदारों ने भाग लिया।
पूरे भारत में अच्छे औसत किस्म के गेहूं का आरक्षित मूल्य 2150 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया था। जबकि बिक्री औसत भारित 2185.05 रुपये/क्विंटल के भाव पर की गयी थी। इसी तरह कम गुणवत्ता के गेहूं का आरक्षित मूल्य 2125 रुपये प्रति क्विंटल था और बिक्री औसतन 2193.12 रुपये प्रति क्विंटल पर हुई। इसी तरह चावल की बिक्री के लिए आरक्षित मूल्य 2932.83 रुपये प्रति क्विंटल रखा। इसके मुकाबले औसत मूल्य 2932.91 रुपये प्रति क्विंटल बिक्री हुई है।

## यूएई में डिजिटल भुगतान प्रणाली के विकास में रणनीतिक मदद देगा भारत

नयी दिल्ली। यूपीआई भुगतान और रुपे कार्ड जैसी डिजिटल भुगतान सुविधाओं का प्रबंधन करने वाली कंपनी यूनीफाइड भुगतान प्रणाली नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में घरेलू कार्ड योजना (डीसीएस) कार्यान्वयन के लिए अल एतिहाद पेमेंट्स (एईपी) के साथ एक रणनीतिक साझेदारी समझौता किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार एईपी सेंट्रल बैंक ऑफ यूएई (सीबीयूएई) की एक अप्रत्यक्ष सहायक कंपनी है। समझौते के अनुसार, एनआईपीएल और एईपी यूएई की राष्ट्रीय घरेलू कार्ड योजना के निर्माण, कार्यान्वयन और संचालन के लिए मिलकर काम करेंगे।
डीसीएस का लक्ष्य यूएई में ई-कॉमर्स और डिजिटल लेनदेन के विकास को सुविधाजनक बनाना, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना, यूएई के डिजिटलीकरण एजेंडे का समर्थन करना, वैकल्पिक भुगतान विकल्पों को बढ़ाना, भुगतान की लागत को कम करना और वैश्विक स्तर पर यूएई की प्रतिस्पर्धात्मकता और स्थिति को मजबूत करना है। एनआईपीएल द्वारा प्रदान किए गए डीसीएस समाधान में रुपे स्टैक और धोखाधड़ी निगरानी सेवाओं और विश्लेषण जैसी मूल्य वर्धित सेवाएं शामिल हैं।

## व्हाइटओक कैपिटल म्यूचुअल ने पेश किया बैलेंस्ड हाइब्रिड फंड

मुंबई। व्हाइटओक कैपिटल म्यूचुअल फंड ने गुरुवार को निवेशकों के लिए एक नयी साझा निवेश कोष योजना व्हाइटऑक कैपिटल बैलेंस्ड हाइब्रिड फंड पेश करने की घोषणा की। व्हाइटओक कैपिटल म्यूचुअल के अधिकारियों ने संवाददाताओं को बताया कि नए कोष की यह प्रस्तुति (एनएफओ) आज से 19 अक्टूबर तक निवेशकों के लिए खुली रहेगी। यह शेयर और बांडों में निवेश करने वाली एक ओपन-एंडेड संतुलित योजना है। कंपनी ने कहा है कि इसका उद्देश्य निवेशकों को दीर्घकालिक पूंजी लाभ प्रदान करना और एक अच्छी आय उत्पन्न करना है। इस योजना को तुलना के लिए क्रिसिल हाइब्रिड 50+50 मॉडरेट इंडेक्स के समक्ष रखा है।

# भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर


**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि अभी भारत दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था है और यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।
सीतारमण ने श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के 97वें वार्षिक दिवस कार्यक्रम में कहा कि वर्ष 2013-14 में भारत दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी। अगले कुछ सालों में यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक स्थिरता और नीतियों में सुधार का लाभ मिल रहा है। सरकार की निर्णय लेने की क्षमता से भारतीय



अर्थव्यवस्था का तेजी से विस्तार हो रहा है। इनके कारण भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में कोई बाधा नहीं है।
वित्त मंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान ना तो हमने विदेश से कर्ज लिया और ना ही जमकर पैसे छापे। जो लोग उस समय करेंसी छापने की वकालत कर रहे थे, वे लोग ही आज राजस्व घाटे पर सवाल उठा रहे हैं। आर्थिक चुनौतियों का उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा कि इस समय फर्टिलाइजर, फूड और फ्यूल को लेकर पूरी तरह अनिश्चितता की स्थिति है। यह नहीं पता है कि अनाज की आपूर्ति काला सागर के रास्ते से होगी या फिर किसी और रास्ते से। यही हाल फर्टिलाइजर और फ्यूल मार्केट का है। यहां उतार चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। पूरा वैश्विक सप्लाई चेन बिगड़ा हुआ है।

# गिरावट से उबरा शेयर बाजार

मुंबई। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी गिरावट और अमेरिकी श्रम आंकड़ों में नरमी से विश्व बाजार की बढ़त से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर में दो दिन बाद तेजी लौट आई।
बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 405.53 अंक अर्थात 0.62 प्रतिशत की छलांग लगाकर 65631.57 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 109.65 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ 19545.75 अंक पर पहुंच गया। वहीं, बीएसई का मिडकैप 0.03 प्रतिशत फिसलकर 31,866.42 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.59 प्रतिशत की तेजी लेकर 37,649.51 अंक पर रहा।
इस दौरान बीएसई में कुल 3785 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2278 में लिवाली जबकि 1384 में बिकवाली हुई वहीं 123 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 35 कंपनियां हरे जबकि शेष 15 लाल निशान पर रही।
बीएसई में एफएमसीजी, हेल्थकेयर, दूरसंचार, यूटिलिटीज, धातु और पावर समूह की 0.56 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर 14 समूहों में लिवाली हुई। इस दौरान




कमोडिटीज 0.13, सीडी 0.93, ऊर्जा 0.19, वित्तीय सेवाएं 0.41, इंडस्ट्रियल्स 0.95, आईटी 0.98, ऑटो 0.81, बैंकिंग 0.69, कैपिटल गुड्स 1.31, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.92, तेल एवं गैस 0.19, रियल्टी 0.38, टेक 0.83 और सर्विसेज समूह के शेयर चढ़ गए।
अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सकारात्मक रुझान रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.41, जापान का निक्केई 1.80, हांगकांग का हैंगसेंग 0.10 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.10 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.04 प्रतिशत की नरमी रही।
कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 372 अंक की तेजी लेकर 65,598.26 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 65,443.34 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 65,753.20 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 65,226.04 अंक के मुकाबले 0.62 प्रतिशत की उड़ान भरकर 65,631.57 अंक पर रहा।
इसी तरह निफ्टी भी 86 अंक चढ़कर 19,521.85 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,487.30 अंक के निचले जबकि 19,576.95 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,436.10 अंक की तुलना में 0.56 प्रतिशत की छलांग लगाकर 19,545.75 अंक पर पहुंच गया।
इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में एलटी 2.35, टाइटन 1.54, टीसीएस 1.48, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.19, इंफोसिस 1.19, आईसीआईसीआई बैंक 1.09, एसबीआई 1.08, एक्सिस बैंक 1.00, टाटा मोटर्स 0.99, मारुति 0.82, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.59, विप्रो 0.46, भारती एयरटेल 0.39, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.37, एचडीएफसी बैंक 0.33 और इंडसइंड बैंक 0.09 प्रतिशत शामिल रही।
वहीं, नुकसान उठाने वाली कंपनियों में पावरग्रिड 1.26, एनटीपीसी 0.47, नेस्ले इंडिया 0.46, एचसीएल टेक 0.26, बजाज फाइनेंस 0.07, टाटा स्टील 0.04 और रिलायंस 0.02 प्रतिशत शामिल है।

## फ़्लेयर का नया अभियान बस फ़्लेयर और कुछ नहीं

नयी दिल्ली। भारत में पेन सेगमेंट की सबसे बड़ी कंपनी फ़्लेयर राइटिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने ब्रांड एंबेसडर रणवीर सिंह के साथ नया अभियान बस फ़्लेयर और कुछ नहीं की शुरूआत की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि तेज़ गति से भाग रहे डिजिटल युग में, जहां प्रौद्योगिकी अक्सर केंद्र में रहती है उसका मानना है कि कागज पर कलम से लिखने का हमेशा जिंदा रहने वाला आकर्षण है। ब्रांड ने इसके साथ ही लिख के दूं क्या अभियान भी शुरू किया है जो फ़्लेयर राइटोमीटर की विशेषता पर प्रकाश डालता है। ब्रांड फ़्लेयर राइटोमीटर 10,000 मीटर तक लिख सकता है। कंपनी के निदेशक मोहित राठौड़ ने कहा इनके माध्यम से, एफडब्ल्यूआइएल लोगों को हाथ से लिखे शब्दों की भावनात्मक शक्ति की याद दिलाने के मिशन पर है। यह अभियान हाथ से लिखने से जुड़ी यादों को जगाएगा, स्कूल में आदान-प्रदान किए गए प्रेम पत्रों से लेकर परिवार की छुट्टियों के पोस्टकार्ड तक, आपको दूसरे समय में ले जाने के लिए, प्यारी यादों को वापस लाने के लिए, और आपके आपके भीतर के कहानीकार से जुड़ने से जुड़ी यादगार यादों को ताजा करेगा।

## भारत-ब्राजील व्यापार में तेजी, आपसी व्यापार दो वर्ष में हुआ दो गुना

नयी दिल्ली। भारत-ब्राजील व्यापार निगरानी प्रणाली (टीएमएम) की ब्राजील में हाल ही में हुई छठी बैठक में आपसी व्यापार संबंधों में 'उत्साहजनक वृद्धि' के संकेतों का उल्लेख किया गया और दोनों देशों के बीच व्यापार के नए अवसरों की तलाश तथा वैश्विक विनिर्माण श्रृंखला के माध्यम से द्विपक्षीय संपर्क को मज़बूत बनाने के विषय में चर्चा की गयी।
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार ब्राजली में एक से चार अक्टूबर तक हुई बैठकों में वाणिज्य विभाग के सचिव सुनील बर्थवाल ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। उनकी इस यात्रा के दौरान वहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के बैनर तले 20 उद्यमियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी था।
विज्ञप्ति के अनुसार यह यात्रा ऐसे समय में हुई जब द्विपक्षीय व्यापार में तीव्र वृद्धि हुई है और यह पिछले दो वर्षों में दोगुनी होकर 16 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। ब्राजील के अधिकारियों के साथ बातचीत के दौरान, वाणिज्य सचिव ने भारत के जी-20 का अध्यक्ष रहने की अवधि में ब्राजील की ओर से मिले समर्थन की प्रशंसा की और भारत की ओर से यह प्रतिबद्धता भी जताई कि जी-20 की अध्यक्षता संभालने पर भारत भी उसका उसी प्रकार समर्थन करेगा।
भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने ब्राजील के प्रमुख संगठनों के साथ चर्चा और व्यापारिक बैठकें कीं तथा नए व्यापार अवसरों की खोज की। इन संगठनों में ब्राज़ील का उद्योग परिसंघ, साओ पाउलो का वाणिज्यिक संघ, साओ पाउलो राज्य का उद्योग महासंघ (एफआईईएसपी) और रियो डी जनेरियो के उद्योग शामिल थे।
बर्थवाल ने आखिरी दिन चार अक्टूबर कोब्रासीलिया में ब्राजील की विदेश व्यापार सचिव तातियाना लेसेर्दा प्राजेरेस के साथ भारत-ब्राजील व्यापार निगरानी तंत्र (टीएमएम) की छठी बैठक की सह-अध्यक्षता की। वाणिज्य सचिव ने दोनों देशों के बीच आर्थिक और वाणिज्यिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए ब्राजील के विकास, उद्योग, व्यापार और सेवा विभाग की उप मंत्री मार्सियो एलियास रोजा के साथ भी व्यापक चर्चा की।
विज्ञप्ति के अनुसार इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के उद्योग मंडलों के प्रतिनिधियों ने एक दूसरे की कंपनियों के बीच प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और निवेश पर बातचीत की।

## शार्ट न्यूज

### स्क्वैश में दीपिका-संधू ने मिश्रित युगल में स्वर्ण और सौरव घोषाल ने रजत जीता

हांगझोउ। दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल सिंह संधू की जोड़ी ने गुरुवार को एशियाई खेलों के इतिहास रचते हुए स्क्वैश मिश्रित युगल स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक जीता और सौरव घोषाल को पुरुष एकल मुकाबले में रजत मिला है।आज यहां हुए मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने फाइनल में मलेशिया के आइफा अजमान और मोहम्मद सयाफिक कमाल को 11-10, 11-10 से हराया।इस जोड़ी ने अपने सभी एशियाड मुकाबलों में सिर्फ दो गेम गंवाए थे।यह एशियाई खेलों में दीपिका का पहला स्वर्ण पदक है, जबकि संधू ने महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपना तीसरा पदक जीता। पुरुष टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले सौरव ने पहले मुकाबले को 11-9 के अंतर से जीता लेकिन फिर 9-11, 5-11, 7-11 से हार का सामना करना पड़ा। सौरव घोषाल को मलेशिया के इयान यो एनजी से 3-1 से हार मिली। सौरव घोषाल ने इससे पहले, एशियाई खेल 2023 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम का हिस्सा थे।महाद्वीपीय प्रतियोगिता में उनकी मेडल टैली में पदकों की संख्या 10 हो गई है, जिसमें तीन टीम स्वर्ण, दो एकल रजत, तीन एकल कांस्य और दो टीम कांस्य पदक शामिल हैं।

### साक्षी मलिक ने की वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में भाग लेने की अपील

नई दिल्ली। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक ने दिल्ली के लोगों से 15 अक्टूबर को वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन में भाग लेने की अपील की है।'रन फार जीरो हंगर' के लक्ष्य के साथ दिल्ली हाफ मैराथन में भाग लेने के बारे में साक्षी मलिक ने कहा, आइए हम सभी एक कारण के लिए दौड़ें।आपके दौड़ने वाले प्रत्येक किलोमीटर के लिए, वेदांत अपनी नंद घर पहल के माध्यम से एक बच्चे को एक भोजन प्रदान करेगा। आइए हम सब आएं साथ मिलकर इस अभियान से जुड़ें। टीवी अभिनेता कंगन नांगिया ने भी सभी से अभियान में शामिल होने का आग्रह किया औश्र कहा अब समय आ गया है कि आप अपने दौड़ने के जूते पहनें और वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में एक उद्देश्य के लिए दौड़ें। आइए हम सभी रन फार जीरो हंगर अभियान के लिए दौड़ें। फिल्म स्टार और रियलिटी टीवी सनसनी पायल रोहतगी ने कहा, आइए हम सब एक साथ आएं और वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन का समर्थन करें। आप बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने में मदद कर सकते हैं। पहलवान और अभिनेता संग्राम सिंह ने भी अभियान को अपना समर्थन दिया और कहा आइए एक साथ आएं और इस खूबसूरत अभियान में शामिल हों। कहीं भी दौड़कर, आप एक बच्चे को भोजन प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं।हम पूरे भारत में कई बच्चों को भोजन प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं।

### तीरंदाजी में पुरुष टीम ने भी जीता स्वर्ण पदक

हांगझोउ। भारत के ओजस देवतले,अभिषेक वर्मा और जावकर प्रथमेश समाधान की जोड़ी ने पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी में गुरुवार को दक्षिण कोरिया को 235-230 के अंतर से हराकर इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया है।इससे भारत की महिला टीम ने चीनी ताइपे को 230-229 से हराकर स्वर्ण पदक जीता था। आज यहां खेले गये मुकाबले में दक्षिण कोरिया के पांच नौ-पॉइंटर्स की मदद से 58-55 की बढ़त के साथ भारत आगे बढ़ने वाला पहला खिलाड़ी था। कोरियाई लोग फिर से एंड 2 के शुरुआती शॉट्स में 10 से चूक गए और एक और अंक पीछे रह गए। दूसरे छोर से भारतीय टीम ने अंदरूनी घेरे पर प्रहार करना जारी रखा। इससे पहले दिन में भारतीय तीरंदाजी महिला कंपाउंड टीम ने फाइनल में मुकाबले में चीनी ताइपे को 230-229 से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया था।अदिति, ज्योति और परनीत की भारतीय जोड़ी शुरुआत में दो अंकों से पीछे चल रही थी, लेकिन दूसरे छोर के छठे तीर में चीनी ताइपे के 7-प्वाइंटर ने भारत को बढ़त दिला दी।फिर, अंतिम छोर तक स्कोर 171-171 रहा और भारत ने अंत मे चीनी ताइपे को एक अंक से हराकर स्वर्ण पदक मैच जीत लिया।

### भारतीय महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में चीन से हारी

हांगझोउ। भारतीय महिला हॉकी टीम को गुरुवार को चीन के खिलाफ महिला हॉकी सेमीफाइनल में 4-0 से हार का सामना करना पड़ा। आज हुए इस मुकाबले में शुरुआत में भारतीय टीम रक्षात्मक तरीके से खेलती नजर आयी। भारत का कोई भी खिलाड़ी ने गोल नहीं कर सका। जबकि चीन के लिए जियाकी झोंग ने 25वें मिनट, जू मीरोंग ने 40वें मिनट, मियु लिआंग ने 55वें मिनट और बिंगफ़ेंग गु ने 60वें मिनट में गोल दागे। मैच का पहला क्वार्टर गोलरहित रहा और इस तरह से दोनों टीमें गोल करने में सफल नहीं हुईं। भारतीय टीम ज्यादा मौके बनाने में कामयाब नहीं हुई। वहीं, चीन अपने तीन पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करने में नाकाम रहा।दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमें पहले गोल की तलाश में मैदान पर उतरीं। भारतीय डिफेंस पर चीन ने दबाव बनाना जारी रखा और 17वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन गोलकीपर सविता पूनिया ने गोल को रोक दिया।इसके बाद भारत ने लगातार हमले किये, लेकिन टीम को गोल करने में सफलता हासिल नहीं हुई। वहीं, 25वें मिनट में जियाकी झोंग ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए चीन को बढ़त दिलाई। पहले हाफ की समाप्ति पर चीन ने 1-0 की बढ़त बनाई। 1-0 की बढ़त को बरक़रार रखते हुए चीन ने तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम पर दबाव बनाया और अटैक करना जारी रखा।

### पुरुष मैराथन में मान सिंह को आठवां और बेलियप्पा अप्पाचांगदा बो को 12वां स्थान

हांगझोउ । चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में गुरुवार को कियानतांग रिवर ग्रीन बेल्ट रूट पर हुई मैराथन दौड़ में भारतीय एथलीट मान सिंह आठवें और बेलियप्पा अप्पाचांगदा बो 12वें स्थान पर रहे।आज यहां हुई इस मैराथन में मान सिंह ने दो घंटे, 16 मिनट और 59 सेकेंड का समय लिया और वह चीन के स्वर्ण पदक विजेता जी हे से तीन मिनट और 57 सेकेंड पीछे रहे। उत्तर कोरिया के इलरीओंग हान ने 2: 13: 27 समय के साथ रजत पदक जीता, जबकि चीन के शाओहुई यांग ने 2:13: 39 समय के साथ कांस्य पदक हासिल किया। भारत के 31 वर्षीय बेलियप्पा अप्पाचांगदा ने 2: 20: 52 समय के साथ 12वें स्थान पर रहे।उल्लेखनीय है कि शिवनाथ सिंह का 2: 12: 00 का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 1978 में जालंधर में एक मैराथन में बनाया गया था और यह भारत का सबसे लंबे समय तक चलने वाला राष्ट्रीय रिकॉर्ड है।मैराथन एशियाई खेल 2023 में एथलेटिक्स में अंतिम प्रतियोगिता थी। भारत ने 19वें संस्करण में एथलेटिक्स में कुल 29 पदक जीते, जिसमें छह स्वर्ण, 14 रजत और नौ कांस्य पदक है।

### दीपिका-संधू ने मिश्रित युगल में जीता स्वर्ण पदक




**हांगझोउ।** दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल सिंह संधू की जोड़ी ने गुरुवार को एशियाई खेलों के इतिहास रचते हुए स्क्वैश मिश्रित युगल स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक जीत लिया है। आज यहां हुए मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने फाइनल में मलेशिया के आइफा अजमान और मोहम्मद सयाफिक कमाल को 11-10, 11-10 से हराया।जोड़ी ने अपने सभी एशियाड मुकाबलों में सिर्फ दो गेम गंवाए थे। यह एशियाई खेलों में दीपिका का पहला स्वर्ण पदक है, जबकि संधू ने महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपना तीसरा पदक जीता। स्क्वैश मिश्रित युगल की सफलता ने 19वें एशियाई खेलों में भारत के स्वर्ण पदकों की संख्या 20 हो गयी है।

# भारत ने ग्रुप मुकाबले चीनी ताइपे के बाद जापान को हराया



हांगझोउ। भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने गुरुवार को ग्रुप 'ए' के चौथे और अंतिम मुकाबले में जापान को 56-30 हरा दिया है। इससे पहले तीसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने चीनी ताइपे के खिलाफ 50-27 से जीत दर्ज की थी।

इस जीत के साथ भारतीय कबड्डी टीम अपने ग्रुप ए के सभी चार मैचों में से चार जीतकर एशियन खेल 2023 कबड्डी सेमीफाइनल में जगह बनाने तक अजेय रही।चीनी ताइपे तीन जीत और भारत के खिलाफ एक हार के साथ दूसरे स्थान पर रहा। बंगलादेश और थाईलैंड ने अपनी एकमात्र जीत जापान के खिलाफ दर्ज की।

सात बार के चैंपियन भारत का सेमीफाइनल में दो बार के रजत पदक विजेता पाकिस्तान से मुकाबला होगा, वहीं चीनी ताइपे का सामना मौजूदा चैंपियन ईरान से होगा।

एशियाई खेल 2023 में कबड्डी में पुरुषों का सेमीफाइनल शुक्रवार को ज़ियाओशान गुआली स्पोर्ट्स सेंटर में खेला जाएगा। सेमीफाइनल में हारने वाले खिलाड़ियों को भी कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा।

पवन सहरावत की अगुवाई में भारतीय टीम ने अपनी चौथी जीत के दौरान जापान को कुल 5 बार ऑल-आउट किया, पहले हाफ में 3 बार और दूसरे हाफ में 2 बार ऑल-आउट किया।

कबड्डी मुकाबले में भारतीय टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल प्रदर्शन जारी रखा। भारत ने पहले हाफ में जापान की टीम को 3 बार ऑल-ऑउट और दो बोनस अंक हासिल करते हुए स्कोरशीट में कुल 35 अंक दर्ज किए।जबकि जापान की टीम ने 6 बोनस अंक हासिल करते हुए कुल 11 अंक दर्ज किए। दोनों ही टीमें इस दौरान कोई भी टेक्निकल और सुपर टैकल अंक हासिल नहीं कर सकीं। इसी के साथ पहला हाफ 35-11 के स्कोर पर समाप्त हुआ।

दूसरे हाफ में जापान ने वापसी करते हुए भारत को कड़ी टक्कर दी और लगातार बोनस अंक बटोरने का सिलसिला जारी रखा। इस बीच भारतीय टीम जापान को एक बार फिर ऑल-आउट करने में सफल रही। जापानी खेमे से लगातार अच्छा प्रदर्शन देखने को मिला, लेकिन भारत के डिफेंस ने अपना दबाव बनाए रखा। भारतीय टीम ने जापान के खिलाफ दूसरे हाफ में 21 अंक हासिल किए, जबकि जापान ने 19 अंक दर्ज किए। भारत ने अंततः जापान पर 56-30 से जीत दर्ज की।

ईरान, जिसने जकार्ता 2018 में सेमीफाइनल में भारत को हराया था, वह भारत के अलावा ग्रुप चरण में अजेय रहने वाली एकमात्र टीम थी। एशियन गेम्स 2023 में पुरुष कबड्डी का फाइनल शनिवार को खेला जाएगा।

इससे पहले भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने गुरुवार को ग्रुप 'ए' मुकाबले में चीनी ताइपे को 50-27 से हराकर अपनी तीसरी जीत दर्ज की।

भारत तीन मैचों में लगातार जीत दर्ज करते हुए एशियन गेम्स 2023 कबड्डी की ग्रुप ए अंक तालिका में भी शीर्ष स्थान पर है।भारतीय पुरुष कबड्डी टीम आज दोपहर ग्रुप ए के अपने चौथे मैच में जापान से भिड़ेगी। अगर जापान के ख़िलाफ़ भारत 74 अंकों से अधिक के अंतर से नहीं हारता है तो सेमीफाइनल में उसका मुक़ाबला पाकिस्तान से होगा।

पवन सहरावत की अगुवाई में भारतीय टीम ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपनी तीसरी जीत में चीनी ताइपे की टीम को तीन बार ऑल-आउट किया, जबकि एक बार उन्हें ऑल-आउट का सामना करना पड़ा।

भारत बनाम चीनी ताइपे मुकाबले में भारतीय टीम ने शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी।कप्तान पवन सहरावत के रेड की मदद से भारत ने शुरुआती कुछ ही मिनट के बाद चीनी ताइपे को ऑल-आउट कर 10-2 की मज़बूत बढ़त हासिल की।इसके बाद सुरजीत ने भी भारत को लगातार कई टैकल प्वाइंट दिलाए और नवीन ने दो रेड में एक टच प्वाइंट और एक बोनस हासिल किया।

हालांकि, चीनी ताइपे की टीम ने पहले हाफ के ख़त्म होने से ठीक पहले कुछ अच्छे प्रयास किए।उन्होंने पहले पवन सहरावत को मैट से बाहर किया और फिर एक सुपर रेड करते हुए 4 अंक बटोरते हुए टीम को 12 अंक पर पहुंचा दिया।

## सब जूनियर हॉकी में हरियाणा, हिमाचल की लड़कियां जीतीं

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी में खेली जा रही हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष और महिला नॉर्थ ज़ोन चैंपियनशिप 2023 में गुरुवार को हॉकी हरियाणा और हॉकी हिमाचल ने सब जूनियर महिला वर्ग में अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की जबकि हॉकी हिमाचल और हॉकी पंजाब ने सब जूनियर पुरुष वर्ग में अपने-अपने मैच जीते।दिन के पहले मैच में सब जूनियर महिला वर्ग में हरियाणा ने कड़े मुकाबले में उत्तर प्रदेश को 3-2 से हरा दिया। हॉकी हरियाणा की कप्तान दीक्षा (2) ने खेल का पहला गोल किया, उसके बाद मेघा (5) और सीमा (17) ने गोल करके हॉकी हरियाणा को ठोस बढ़त दिला दी।उत्तर प्रदेश की वापसी की शुरुआत करने के लिए रश्मि रायकवार (30%, 39) ने दूसरे हाफ में दो गोल किए, लेकिन आगे फायदा उठाने में असफल रहीं। सब जूनियर महिला वर्ग के दूसरे मैच में हॉकी हिमाचल ने उत्तराखंड को 5-1 से हराया। हिमाचल के लिए गोलस्कोरर यामिनी (11), पलक चौधरी (12, 26), शिखा सैनी (40) और कौर नवनीत (53) थे। इस बीच हॉकी उत्तराखंड के लिए एकमात्र गोल मानसी कटारिया (13) ने किया। तीसरा मैच सब जूनियर पुरुष वर्ग में हॉकी हरियाणा और उत्तर प्रदेश हॉकी के बीच 3-3 से रोमांचक ड्रा पर समाप्त हुआ। उत्तर प्रदेश हॉकी के लिए कप्तान अली शाहरुख (21), सत्यम पांडे (35), और अजीत पाल (41) ने गोल किए, जबकि हर्ष (35) और रोहित सिंह (47, 57) ने गोल कर स्कोर बचाया।

## कुश्ती में अंतिम पंघाल ने जीता कांस्य पदक

**हांगझोउ ।** भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल ने गुरुवार को महिलाओं की फ्रीस्टाइल 53 किग्रा में स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में पंघाल ने आज टोक्यो 2020 ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मंगोलिया की बोलोरतुया बैट-ओचिर को 3-1 से हराया। अंतिम पंघाल मौजूदा अंडर-20 विश्व चैंपियन भी हैं। 19 वर्षीय भारतीय पहलवान को आज क्वार्टरफाइनल में जापान के अकारी फुजिनामी से हार मिली थी।हालांकि, अंतिम पंघाल ने रेपेचेज राउंड में बाई के माध्यम से कांस्य पदक मैच में जगह बनाई थी। वहीं, भारत की मानसी महिलाओं के 57 किग्रा कांस्य पदक मैच में मौजूदा एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता उज्बेकिस्तान की लैलोखोन सोबिरोवा से कुछ ही सेकेंड के भीतर हार गईं।

## सेमीफाइनल से पहले भी खत्म हो सकता है पाकिस्तान का सफर : हरभजन सिंह

मुबंई। भारत के पूर्व फिरकी गेंदबाज हरभजन सिंह पाकिस्तान को मौजूदा विश्व कप का दावेदार नहीं मानते। उनकी नजर मे पड़ोसी देश का सफर विश्व कप के सेमीफाइनल से पहले भी खत्म हो सकता है।

क्रिकेटर से कमेंटेटर बने हरभजन ने ईएसपीएनक्रिकइंफो के कार्यक्रम रोड टू द वर्ल्ड कप में अपने विचार रखते हुये कहा बल्लेबाजी पाकिस्तान की कमजोर कड़ी है और नसीम शाह के न खेलने से उनकी गेंदबाजी में गिरावट देखी जा सकती है।मेरा मानना है कि भारत इस बार खिताब का प्रबल दावेदार है मगर आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना प्रबल है और यदि सेमीफाइनल की चौथी टीम की बात की जाये तो इसमें दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिल सकता है।

हरभजन के तर्क से पूर्व कोच रवि शास्त्री पूरा इत्तेफाक नही रखते।उनका मानना है कि सेमीफाइनल में पहुंचने के लिये पाकिस्तान पूरा जोर लगायेगा। उन्होंने कहा, कई टीमों को चोटें आई हैं, लेकिन मेरा मानना है कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत निश्चित रूप से सेमीफाइनल में पहुंचेंगे। नसीम शाह के नहीं होने से पाकिस्तान की ताकत थोड़ी कम हो गई है मगर वे इन परिस्थितियों में अपने खेल को जानते हैं।मैं कहूंगा कि यह चौथी टीम के रूप में पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबला होगा।



हरभजन ने कहा सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली तीन टीमें मेरे लिए निश्चित हैं,इंग्लैंड, भारत और ऑस्ट्रेलिया। चौथी टीम कोई भी हो सकती है लेकिन हम पहले पाकिस्तान के बारे में सोच रहे थे, लेकिन हाल ही में मैंने देखा है कि उन्होंने जिस तरह से बल्लेबाजी की है, वह बहुत नाजुक लग रही है। इसके अलावापाकिस्तान की मौजूदा स्पिन गुणवत्ता उनके पिछले दौर की तुलना में कम हुई है।

# पाकिस्तानी मीडिया पर कंट्रोल चाहता है चीन

### रिपोर्ट का दावा- दुनिया में छवि सुधारने अरबों डॉलर खर्च कर रहा; भारत में भी फंडिंग का आरोप

चीन पाकिस्तान की मीडिया पर कंट्रोल करना चाहता है। इसके लिए चीन ने इंटरनेशनल ऑपरेशन्स का जाल बिछाया है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि की गई है। चीन दुनियाभर में कई ऑपरेशन्स के जरिए पाकिस्तान समेत चीन के अन्य सहयोगी देशों में मीडिया नरेटिव को अपने पक्ष में करना चाहता है।



अमेरिकी विदेश विभाग ने रिपोर्ट में बताया कि चीन हर साल कई अरबों डॉलर दुनियाभर में शेयर हो रही जानकारी में हेरफेर करने पर खर्च करता है। चीन देश और कम्युनिस्ट पार्टी को लेकर सकारात्मक छवि बनाने के लिए झूठी और गलत जानकारी फैलाता है। साथ ही वो कई मुद्दों पर ऐसी अहम जानकारियों को दबा देता जो चीन के पक्ष में नहीं होती हैं।

#### चीन की अपने प्रोपेगैंडा के खिलाफ मौजूद जानकारियों को दबाने की कोशिश

रिपोर्ट के मुताबिक, चीन उन जानकारियों को भी दबाने की कोशिश करता है, जिसमें ताइवान, ह्यूमन राइट्स, साउथ चाइना सी जैसे मुद्दों पर चीन के नरेटिव के खिलाफ जाकर बात की गई हो।

चीन अपने ऑपरेशन्स के जरिए ऐसी जानकारियां फैलाने की कोशिश कर रहा है, जिससे विदेशी सरकारें, पत्रकार और आम लोग भी चीन के रुख का समर्थन करें और उसकी आलोचना करने से बचें।

चीन ने पाकिस्तान के साथ सहयोग और गहरा करने की बात कही है। बीजिंग के मुताबिक, इसके जरिए दोनों देशों को दुष्प्रचार से निपटने में मदद मिलेगी। इसके लिए दोनों देश चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर मीडिया फोरम का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। बीजिंग और इस्लामाबाद मीडिया फोरम का उपयोग उन चीजों को संबोधित करने के लिए करते हैं जिन्हें वे दुष्प्रचार मानते हैं।

#### नर्व सेंटर से पाकिस्तान में सर्कुलेट हो रही खबरों पर नजर

दोनों देशों ने CPEC रैपिड रिस्पॉन्स इन्फॉर्मेशन नेटवर्क जैसी पहल की है। इसके अलावा उन्होंने चीन-पाकिस्तान मीडिया कॉरिडोर लॉन्च करने की भी घोषणा की थी।2021 में विदेश विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने मीडिया कॉरिडोर के हिस्से के तौर पर पाकिस्तानी मीडिया पर कंट्रोल के लिए बातचीत करने की मांग की थी।

इसमें पाकिस्तान में सूचना के वातावरण की निगरानी करने के लिए साथ मिलकर एक नर्व सेंटर की स्थापना की भी बात कही गई थी। ये नर्व सेंटर थिंक टैंक्स, मीडिया ऑर्गेनाइजेशन्स, स्टडी सेंटर्स और ओपिनियन लीडर्स के इनपुट्स की मदद लेंगे।

इसके अलावा चीन ने एक न्यूज फीड एप्लिकेशन बनाने का भी प्रस्ताव रखा, जो गलत जानकारी या अफवाहों का खंडन करेगी।साथ ही ये चीन की तरफ से मंजूर की गई खबरों को प्राथमिकता के साथ लोकल मार्केट में प्रमोट करेगी।

#### न्यूजक्लिक वेबसाइट पर विदेशी फंडिंग के आरोप

दूसरी तरफ, 5 अगस्त को न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक रिपोर्ट जारी कर बताया था कि भारत में मीडिया हाउस न्यूजक्लिक को एक अमेरिकी अरबपति नेविल रॉय सिंघम ने फाइनेंस किया था।वे चीनी प्रोपेगैंडा को बढ़ावा देने के लिए भारत समेत दुनियाभर में संस्थाओं को फंडिंग करते हैं। इस रिपोर्ट के आधार पर 17 अगस्त को न्यूजक्लिक के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

इसके बाद दिल्ली पुलिस ने 3 अक्टूबर को सुबह न्यूजक्लिक से जुड़ी 30 से ज्यादा लोकेशंस पर छापेमारी की थी। पुलिस ने वेबसाइट के फाउंडर प्रबीर पुरकायस्थ और ।।क्र प्रमुख अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया था।

## नॉर्वे के राइटर जॉन फॉसे को मिला साहित्य का नोबेल

### पहली किताब आत्महत्या पर लिखी; कमेटी ने कहा- वे लोगों की अनकही भावनाएं सामने लाए

साहित्य का नोबेल प्राइज 64 साल के नॉर्वे के राइटर जॉन फॉसे को दिया गया है।कमेटी ने माना है कि उनके नाटकों और कहानियों ने उन लोगों को आवाज दी है जो अपनी बातें कहने में सक्षम नहीं थे।जॉन ने अपने नाटकों में ड्रामा के जरिए उन इंसानी भावनाओं को जाहिर किया है जो आमतौर पर जाहिर नहीं की जा सकती हैं।जिसे समाज में टैबू समझा जाता है।

जॉन ने अपने पहले ही उपन्यास रेड एंड ब्लैक में आत्महत्या जैसे गहरे और संवेदनशील मुद्दे पर लिखा था।इनकी मशहूर किताबों में पतझड़ का सपना भी शामिल है। साहित्य में अब तक 120 लोगों को नोबेल मिला है।इसमें केवल 17 महिलाएं हैं।इसकी वजह से नोबेल कमेटी की काफी आलोचना भी हुई है।नोबेल जीतने वाले को 8.33 करोड़ रुपए की राशि और एक गोल्ड मेडल दिया जाता है। नोबेल की घोषणा के बाद जॉन ने कहा- मैं काफी खुश हैं। मुझे लगता है कि ये प्राइज उस तरह के साहित्य के लिए दिया गया है, जो साहित्य के अलावा कुछ नहीं।



#### कौन हैं नोबेल विजेता जॉन फॉसे

जॉन 1959 में नॉर्वे में पैदा हुए।7 साल की उम्र में उनका भयानक एक्सीडेंट हुआ था।इसमें वो बाल-बाल बचे थे। उनकी लिखावट पर इस हादसे का गहरा असर दिखाई देता है। उनकी पहली नॉवेल रेड-ब्लैक 1983 में छपी थी।

उनकी किताबों को 40 से ज्यादा भाषाओं में ट्रांसलेट किया जा चुका है। लेखक के तौर पर शुरुआती दिनों में जॉन को संगीत का भी काफी शौक था।वो गानों की धुन खुद क्रिएट करते थे।जॉन को डेली टेलीग्राफ ने दुनिया के 100 लिविंग जीनियस की लिस्ट में 83वें नंबर पर रखा है।

जॉन फॉसे अपनी कहानियों और नाटकों के जरिए इंसान के अस्तित्व को लेकर भी कई तरह के सवाल उठाते हैं। उनका नॉवेल ए न्यू नेम सात किताबों का संग्रह है।

## अफगानिस्तान में बस पलटने से दो लोगों की मौत, 28 घायल

तालुकान। उत्तरी अफगानिस्तान के तखर प्रांत में एक यात्री बस के पलट जाने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गयी और 28 अन्य घायल हो गये है। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता अब्दुल मुबीन सफ़ी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुधवार रात प्रांत के बंगी जिले में सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और महिलाओं और बच्चों सहित 28 अन्य घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। अधिकारी ने सड़क दुर्घटना के लिए लापरवाह ड्राइविंग को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि भीड़भाड़ वाली सड़कों पर चालकों की लापरवाही अक्सर प्रांत में घातक दुर्घटनाओं का कारण बनती है।

## साहित्य का नोबेल पुरस्कार नार्वे के जॉन फॉसे को

स्टॉकहोम ।नार्वे के साहित्यकार जॉन फॉसे को वर्ष 2023 के नोबेल साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किये जाने की गुरुवार को घोषणा की गयी।फॉसे को यह पुरस्कार उनके नाटकों, उपन्यासों और बच्चों के लिए लिखी गयीं उनकी किताबों के लिए दिया जा रहा है। यह पुरस्कार देने वाली नोबेल साहित्य समिति के अध्यक्ष एंडर्स ओल्सन ने कहा कि फॉसे को नार्वे की पृष्ठभूमि वाली उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक रचनाओं के लिए नोबेल साहित्य सम्मान से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। फॉसे (64) ने इस पुरस्कार की घोषणा पर अपने प्रकाशक सैमलागेट के माध्यम से जारी अपनी प्रतिक्रिया में कहा, मैं अभिभूत हूं, मैं इसे विशुद्ध- साहित्य साधना के लिए एक पुरस्कार के रूप में देखता हूं, जिसका सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य बिना किसी अन्य विचार के साहित्य होता है।फॉसे कविताएं भी लिखते हैं।उन्होंने लगभग 40 नाटकों के साथ-साथ कुछ उपन्यास, लघु कथाएँ, बच्चों के लिए साहित्यिक पुस्तकें, कविताएं और अनेक निबंध भी लिखे हैं। नोबेल सम्मान देने वाली स्वीडिश अकादमी ने कहा, यह सम्मान उनके (फॉसे के) अनूठे नाटकों और गद्य के लिए है जो आम लोगों का आवाज देते हैं। वर्ष 2022 के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार फ्रेंच लेखिका एर्नाक्स को दिया गया था।सुश्री एर्नाक्स 119 नोबेल साहित्य पुरस्कार विजेताओं में से सिर्फ 17वीं महिला थीं। साहित्य नोबेल पुरस्कार विजेता को 1.1 करोड़ स्वीडिश क्रोनर (लगभग 997,700 अमेरिकी डॉलर) दिये जाते हैं।

## मेक्सिको में अप्रवासियों की तादात बढ़ने के बाद बाइडेन ने सीमा पर दीवार के नए खंड को दी मंजूरी

मेक्सिको सिटी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन आप्रवासन के बढ़ते स्तर को रोकने के प्रयासों तहत दक्षिणी टेक्सास में सीमा पर दीवार के एक नये हिस्सा का निर्माण करेगा। बीबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि यह हिस्सा लगभग 32 किमी (20 मील) का होगा और इसका निर्माण मेक्सिको के साथ सटी सीमा पर स्टार काउंटी में किया जाएगा।यह वहीं हिस्सा है, जहां से अधिकारी अप्रवासियों को सीमा पार से इस पास बड़ी संख्या में घुसने की रिपोर्ट का दावा करते हैं।सीमा पर दीवार बनाना राष्ट्रपति के तौर पर डोनाल्ड ट्रम्प की एक महत्वपूर्ण नीति थी और इसका डेमोक्रेट्स ने इसका कड़ा विरोध किया था।बाइडेन ने 2020 में वादा किया कि यदि वह राष्ट्रपति चुने गए तो वह एक और फुट भी दीवार नहीं बनाएंगे, लेकिन अवैध सीमा पार करने वालों की बढ़ती संख्या ने इस मुद्दे को राष्ट्रपति को दोबारा सोचने का मजबूर कर दिया। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल दो लाख 45 हजार से अधिक लोग सीमा पार से आये और इस मामले में सितंबर महीना में रिकॉर्ड अप्रवासियों की सीमा पर से आयी हैं।कई अमेरिकी शहरों का कहना है कि सीमा पर से इस तरह की घुसपैठ से वे दबाव महसूस कर रहे हैं।

## ताइवान में तूफान कोइनु से लगभग 200 लोग घायल

ताइपे। ताइवान में तूफान कोइनु के कारण हुए हादसों में कम से कम 190 लोग घायल हो गए और बिजली खम्भों और तारों के क्षतिग्रस्त होने से 60,000 से अधिक घरों और वाणिज्यिक इमारतों में अभी भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की जा सकी है। ताइवान की सेंट्रल न्यूज एजेंसी (सीएनए) ने गुरुवार को बताया कि कोइनु तूफान स्थानीय समयानुसार लगभग 8: 20 बजे द्वीप के दक्षिण में पिंगटुंग काउंटी के तट पर पहुंचा। तूफान की अधिकतम हवा की गति 48 मीटर प्रति सेकंड (106.8 मील प्रति घंटा) थी।हवा ने व्यावसायिक बैनरों, तारों, शहर के निर्माणों को नष्ट कर दिया।तूफान से बड़ी संख्या में पेड़ भी गिर गये।द्वीप के दक्षिण-पूर्वी तट, लैन यू द्वीप (ऑर्किड द्वीप) पर 95 मीटर प्रति सेकंड (212 मील प्रति घंटा) तक हवा चली।हवा की यह गति सबसे तेज़ रही। ताइवान पावर कंपनी के अनुसार तूफ़ान ने 174,500 से अधिक घरों और वाणिज्यिक भवनों को विद्युत ऊर्जा से वंचित कर दिया है। वर्तमान में, अधिकतर तूफान प्रभावित क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति बहाल कर दी गई है। तूफान के कारण करीब 60,000 से अधिक घरों में अभी विद्युत आपूर्ति बाधित हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस शुक्रवार को

नयी दिल्ली। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय का दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) शुक्रवार को विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस के अवसर पर देशभर में जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यहां बताया कि विश्व सेरेब्रल पाल्सी (सीपी-मस्तिष्क पक्षाघात) दिवस, 2023 की मुख्य विषय वस्तु टुगेदर स्ट्रॉन्गर है। यह विषय सेरेब्रल पाल्सी समुदाय के भीतर और उससे परे एकता, सहयोग और आपसी समर्थन के महत्व पर प्रकाश डालता है। विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस पूरी दुनिया में मनाया जाता है। सेरेब्रल पाल्सी (सीपी-मस्तिष्क पक्षाघात) दिवस व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों पर इसके प्रभाव पर प्रकाश डालता है। सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित बच्चों और वयस्कों को अक्सर ऐसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जो समाज में उनकी पूर्ण भागीदारी में बाधा डालती हैं।प्रत्येक वर्ष छह अक्टूबर को मनाया जाने वाला यह दिवस सेरेब्रल पाल्सी के बारे में जागरूकता बढ़ाने, इस स्थिति से पीड़ित लोगों का सहयोग करने और अधिक समावेश तथा समझ बढ़ाने के लिए है।

### मनरेगा कार्यक्रम के लिए धन की उपलब्धता में कोई बाधा नही : सरकार

नयी दिल्ली। केन्द्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए धन की उपलब्धता में कोई बाधा नहीं है। सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि मनरेगा एक मांग-आधारित मजदूरी रोजगार कार्यक्रम है और विभिन्न राज्यों/ केन्द्र-शासित प्रदेशों को धनराशि जारी करना एक सतत प्रक्रिया है। केन्द्र सरकार काम की मांग को ध्यान में रखते हुए धनराशि उपलब्ध करा रही है। मंत्रालय विभिन्न राज्यों / केन्द्र-शासित प्रदेशों को श्रम बजट (एलबी) पर सहमति, शुरुआती शेष राशि, पिछले वर्ष की लंबित देनदारियां, यदि कोई हों, और समग्र प्रदर्शन के आधार पर धनराशि जारी करता है। मंत्रालय जमीनी स्तर पर काम की मांग को पूरा करने के लिए आवश्यकता पड़ने पर मनरेगा के लिए अतिरिक्त निधि की मांग करता है। केन्द्र सरकार के निर्देशों का पालन न करने के कारण महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 की धारा 27 के प्रावधानों के अनुरूप पश्चिम बंगाल राज्य की धनराशि नौ मार्च, 2022 से रोक दी गई है। मंत्रालय ने सभी राज्यों को स्पष्ट कर दिया है कि जो भी लाभार्थी काम करने के लिए आयेंगे, उनसे आधार नंबर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जाए, लेकिन सिर्फ इस वजह से लाभार्थी को काम देने से मना नहीं किया जाएगा।

### खडगे-राहुल ने सिक्किम में बादल फटने की घटना पर जताया शोक

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पार्टी नेता राहुल गांधी ने सिक्किम में बादल फटने की घटना में सैनिकों के साथ ही कई लोगों के मारे जाने तथा अन्य कई के लापता होने की घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। खडगे ने कहा सिक्किम में स्थिति अनिश्चित है क्योंकि बादल फटने और अचानक आई बाढ़ के कारण कई लोगों की जान चली गई है और हमारे बहादुर सेना के जवानों सहित कई लोग लापता हैं। हमारी संवेदनाएं सिक्किम के लोगों के साथ हैं जो संकटपूर्ण समय से जूझ रहे हैं। केंद्र सरकार को लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और लापता लोगों को ढूंढने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए, जिनकी संख्या कथित तौर पर लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा बुनियादी ढांचे को बहुत नुकसान हुआ है और केंद्र तथा राज्य सरकार को सिक्किम के पुनर्निर्माण के लिए मिलकर काम करना चाहिए। कांग्रेस पार्टी और उसके कार्यकर्ता संकट से पीड़ित लोगों को राहत देने में हर संभव मदद करेंगे। केंद्र सरकार को पारिस्थितिक रूप से नाजुक हिमालयी राज्यों में इस तरह के संकट से निपटने के लिए अपनी रणनीति को फिर से तैयार करना चाहिए और सिक्किम तथा हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों में आई त्रासदियों को राष्ट्रीय आपदा घोषित करना चाहिए ताकि इन राज्यों को अधिक टिकाऊ तरीके से पुनर्निर्माण का कार्य करने को पर्याप्त धन मिल सके। पीड़ित परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं।

### शिवराज लोक और स्मारकों का करेंगे भूमिपूजन

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कल शुक्रवार को ग्वालियर में अटल स्मारक, मंदसौर में पशुपतिनाथ लोक, अमरकंटक में मां नर्मदा महालोक और बड़वानी में नागलवाड़ी लोक का भूमिपूजन करेंगे। चौहान शुक्रवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के पर्यटन स्थलों के विकास के 616 करोड़ 99 लाख रूपये के कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। प्रदेश के पर्यटन स्थलों को विश्व स्तरीय बनाने और पर्यटकों के लिए पर्यटन सुविधाओं का विकास करने के उद्देश्य से प्रदेश में स्मारक, लोक, म्यूजियम के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया जायेगा। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक शिवशेखर शुक्ला ने बताया कि पर्यटन के 3 विकास कार्यों का लोकार्पण और 13 कार्यों का भूमि पूजन किया जायेगा। पर्यटकों की सुविधा के लिए रीक्रिएशनल जोन पचमढ़ी में 2 करोड़ 80 लाख रूपये की लागत से बने हाट बाजार, कैफेटेरिया और लैंड स्कैपिंग के कार्य, शाही किला बुरहानपुर में 5 करोड़ 50 लाख रूपये की लागत से बने लाइट एंड साउंड शो और सोन तलैया भांडेर जिला दतिया में 2 करोड़ 18 लाख रूपये से निर्मित विभिन्न पर्यटन सुविधाओं का लोकार्पण किया जाएगा। भूमि पूजन कार्यों में मुख्य रूप से चित्रकूट जिला सतना में 31 करोड़ 53 लाख रूपये से निर्मित होने वाले कामदगिरि परिक्रमा पथ (श्रीराम चंद्र पथ गमन), ग्वालियर में 20 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले पूर्व प्रधानमंत्री और भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का अटल स्मारक, मंदसौर में 25 करोड रूपये की लागत से बनने वाला पशुपतिनाथ लोक, जबलपुर में 10 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले रानी अवंती बाई स्मारक, अनूपपुर में 5 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले मां नर्मदा महालोक और बड़वानी में एक करोड़ की लागत से बनने वाला नागलवाड़ी लोक शामिल है।

# समाधान अभियान ने किया 5 विशिष्ट लोगों को सम्मानित

### हर वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया जाता है सम्मानित




नई दिल्ली। समाधान अभियान संस्था ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दिल्ली में सामाजिक एवम सी एस आर सहयोग से सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। दिल्ली के वाईएमसीए में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षा, बाल अधिकार, स्वास्थ्य, समाज सेवा और पर्यावरण क्षेत्र में जमीनी स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 5 विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दक्षिण दिल्ली से लोकसभा सांसद और भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री रमेश बिधूड़ी मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे एवम उन्होंने चयनित वा सम्मानित व्यक्तियों को पुरुस्कार प्रदान किया।

इस वर्ष ये पुरस्कार शिक्षा क्षेत्र में श्री राजेश श्रीवास्तव, चाइल्ड राइट्स क्षेत्र में श्री जेपी भद्रदास, स्वास्थ्य क्षेत्र में डॉ. पवन, सामाजिक कार्य क्षेत्र में डॉ. ऋतु सक्सेना और पर्यावरण क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए श्री रामवीर तनवर को प्रदान किया गया।

इस अवसर पर समाधान अभियान की डायरेक्टर अर्चना अग्निहोत्री ने कहा कि समाधान अभियान समाज के लिए लगातार कार्य कर रहा है और बच्चों के खिलाफ हो रहे अपराधों के खिलाफ भी आवाज़ उठा रहा है। उन्होंने बताया कि यह प्रोग्राम स्वर्गीय श्री उदय अग्निहोत्री की याद में किया जाता है। उन्होंने आईआईटी खड़कपुर से आर्किटेक्चर करने के बाद केमेगी मेलान अमेरिका से मास्टर्स किया। अपने देश की सेवा करने के लिए वह वापस आ गए। उनका उद्देश्य था कि किसी को ऐसी मदद नहीं करो कि वह अपाहिज बने बल्कि ऐसी मदद करो कि वह सशक्त बने। उनकी इसी विचारधारा पर इस संस्था का गठन हुआ है।

समाधान अभियान की डायरेक्टर शीलम वाजपेयी एवम सौम्या द्विवेदी ने संस्था के बारे में बताते हुए कहा कि हम लोग बाल यौन उत्पीड़न से बचने के लिए जागरूकता के कार्यक्रम चलाते हैं। साथ ही जिन बच्चों के साथ दुर्घटना हो जाती है उनको वापस से समाज में पुनर्स्थापित करते हैं।

बाल मित्र केंद्र उसी कड़ी में एक प्रयास है। 2022 में हम लोगों ने दो बाल मित्र केंद्र बनाए। इस वर्ष उनकी सफलता को देखकर विभिन्न सरकारी विभागों ने और इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड ने हम लोगों को पांच और बाल मित्र केंद्र बनाने के लिए सहयोग दिया है। इसके अलावा उन्होनें यह भी जानकारी दी कि गोरखपुर और सिद्धार्थनगर में 2 और नए बाल मित्र केंद्र खोले जाएंगें।

### पंजाब में 36,796 नौजवानों को दी गयीं नौकरियां

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने विभिन्न विभागों में 36,796 नौजवानों को नियुक्ति पत्र देने की प्रक्रिया मुकम्मल करके पंजाब के युवाओं को सरकारी नौकरियाँ देने की मुहिम जारी रखी हुई है। मुख्यमंत्री ने सहकारी विभाग में नव-नियुक्त 272 सहकारी इंस्पेक्टरों को नियुक्ति पत्र देने के बाद कहा कि सभी 36,796 नियुक्तियाँ पूरी तरह मेरिट के आधार पर हुई हैं। उन्होंने कहा कि पूरी पारदर्शी प्रक्रिया अपनाने के बाद यह नियुक्तियाँ की गई हैं और इन नौजवानों ने बेहद मुकाबले वाली परीक्षाएं पास करने के बाद यह नौकरियाँ हासिल की हैं। मान ने कहा कि हमारी सरकार का पहले दिन से ही एकमात्र एजेंडा नौजवानों को नौकरियाँ मुहैया करके उनको अधिक अधिकार देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सभी उम्मीदवार पंजाब लोक सेवा आयोग (पी. पी. एस. सी.) के द्वारा पूरी तरह मेरिट के आधार पर चुने गए हैं। उन्होंने कहा कि यह नौजवानों के लिए ऐतिहासिक मौका है, क्योंकि वह अपनी काबिलियत के आधार पर सरकारी नौकरियाँ हासिल कर रहे हैं। श्री मान ने कहा कि हमारी सरकार एक घंटा भी व्यर्थ नहीं करना चाहती क्योंकि नौजवानों को नौकरियाँ देने के मामले में राज्य पहले ही 70 साल पीछे चल रहा है।

### इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ योगा प्रोफेशनल्स (आई.एफ.वाई.पी.) द्वारा आयोजन




आज ऋषिकेश में फूल चट्टी आश्रम, ऋषिकेश, उत्तराखंड में अंतरराष्ट्रीय योग सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पूरे विश्व के 40 देशों के योग विशेषज्ञ, प्रतिनिधि मंडल,योग विश्वस्तरीय के स्कॉलर, अनुसंसंधानकर्ताओ सहित अंतरराष्ट्रीय योग विशेषज्ञों ने एकत्र होकर अपने अपने अनुभवों की चर्चा किया ! इस सेमिनार विशेषता यह रही कि संगोष्ठी के दौरान जो भी चर्चा में सम्मिलित हुए उनमें से सुयोग्य लोगों को IFYP के प्रतिनिधि के रूप में नामांकित किया गया, को अपने देश में IFYP के अभियान को सफल बनाने हुवे , विश्व भर में योग के चिकित्सकीय परीक्षण,अनुसंधान केन्द्र की स्थापना करते हुए सहायता योग को विज्ञान की कसौटी पर खरा उतारना है IFYP के राष्ट्रीय अध्यक्ष सदानंद जी ने सेमीनार में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों का स्वागत संबोधन करते हुए उन्हें उत्साहित किया और आशा व्यक्त किए कि IFYP के सभी समर्पित, व नामांकित प्रतिनिधि पूरे विश्व में IFYP के लक्ष्यों को पूरा करने में सफल होंगे तथा योग का दीप पूरे विश्व में प्रज्ज्वलित करेंगे। IFYP के महासचिव योग गुरु सत्य नारायण यादव ने सेमीनार में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों को बताया कि IFYP योग प्रचार प्रसार के लक्ष्य को पूरा करते हुए कैसे सफलता पूर्वक आगे बढ़ता जा रहा है इसके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। आने वाले निकट भविष्य में IFYP द्वारा आयुष मंत्रालय के दिशा निर्देशों के अनुकूल योग के क्षेत्र में कार्य करते हुए योग के प्रचार प्रसार के क्षेत्र में पूरे विश्व में उल्लेखनीय योगदान दिया जाएगा। IFYP केन्या की अध्यक्षा डॉ कल्पना कारिया को IFYP का इंटरनेशनल समन्वयक बनाया गया है तथा विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों का भी चयन किया गया। IFYP द्वारा ऋषिकेश में अंतरराष्ट्रीय योग सेमीनार 2023 आयोजन के अतिरिक्त आंतरिक जागृति inner awakening पर 7 दिवसीय कार्यशाला भी आयोजित की जा रही है। जिसमें सभी बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं।

## नगरनार स्टील प्लांट को लेकर गुमराह कर रहे हैं मोदी : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि जब भी चुनाव नजदीक आते हैं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गलत बयानी शुरु हो जाती है और अब छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को देखते हुए उन्होंने बस्तर के नगरनार स्टील प्लांट को लेकर भी गुमराह करने वाली बयानबाजी शुरु कर दी है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने आज यहां जारी बयान में कहा कि जैसे-जैसे छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनाव नजदीक आ रहे हैं श्री मोदी ने और भी ज़्यादा झठे दावे शुरू कर दिये हैं। इस बार उन्होंने छत्तीसगढ़ के लोगों को गुमराह करने की कोशिश की। बस्तर में उन्होंने कहा कि 'नगरनार स्टील प्लांट' बस्तर के लोगों की संपत्ति है और उनके पास ही रहेगा जबकि सच्चाई ठीक इसके विपरीत है।

उन्होंने कहा, सच्चाई यह है कि अक्टूबर 2020 में केंद्र सरकार ने नगरनार स्टील प्लांट में 50.79 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने का निर्णय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल के आर्थिक मामलों की समिति ने लिया था। निर्णय के क्रियान्वयन का कार्य केंद्र सरकार के वित्त विभाग के निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग को सौंपा गया।

## 29वें अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से देश भर में शिक्षकों की कमी को दूर करने की मांग की

### शिक्षकों का सम्मान करना समाज और सरकारों की नैतिक जिम्मेदारी : दयानंद वत्स भारतीय

**नई दिल्ली।** प्रशिक्षित शिक्षक संघ दिल्ली एवं नेशनल एजुकेशनल मीडिया नेटवर्क के तत्वावधान में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने आज अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर समाज में शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए विश्व के सभी शिक्षकों को अपनी शुभकामनाएं दीं हैं।



वत्स ने कहा कि इस साल अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस की थीम है हमें जो शिक्षा चाहिए उसके लिए शिक्षकों की आवश्यकता = शिक्षकों की कमी को दूर करने की वैश्विक अनिवार्यता। वत्स ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में शिक्षकों की कमी बड़ी चिंता की बात है। शिक्षकों की कमी से विद्यार्थियों का नैसर्गिक विकास थम जाता है।

वत्स ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को एक्स पर लिखे ट्वीट में उनसे मांग की है कि राजधानी दिल्ली सहित सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों को निर्देशित करें कि किसी भी परिस्थिति में शिक्षकों की कमी ना हो। शिक्षक भर्ती नियमित और निर्बाध गति से जारी रखी जाए। शिक्षा के बजट में बृद्धि की जाए ताकि शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों को एक बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

शिक्षकों का पूर्ण मान- सम्मान हो, उनकी सेवा शर्तें कल्याणकारी हों। शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित होगा तभी वे राष्ट्र निर्माण में पूरा दम लगाकर अपने विद्यार्थियों के जीवन को प्रकाशित कर सकेंगे। समाज और राष्ट्र दोनों का ही यह नैतिक दायित्व है कि वह अपने शिक्षकों का सम्मान करें।

## श्रेयस तलपड़े के साथ अनन्त कुमार गुप्ता की अगली फिल्म ''नया दौर''



कहते हैं कि खुदी को कर बुलंद इतना कि हर तकदीर से पहले खुदा बन्दे से खुद पूछे बता तेरी रजा क्या है ! अलम्मा इकबाल की ये पंक्तियां अनंत कुमार गुप्ता पर अक्षरश: सही बैठती हैं। सन 1992 में आई सुपरहिट फिल्म दिल ही तो है से बतौर असिस्टेंट प्रोडक्शन मैनेजर इस इंडस्ट्री में कदम रखने वाले अनंत कुमार गुप्ता आज इस इंडस्ट्री में किसी पहचान के मुहताज नहीं हैं। इस इंडस्ट्री से जुड़ा शायद ही ऐसा कोई टेक्नीशियन या कलाकार होगा जो इनको बाकायदा नहीं पहचानता होगा। इन्होंने लम्बे समय तक इंडस्ट्री में काम करने के बावजूद सफ़लता को काफी विनम्रता से स्वीकार किया है। जो कि काफी बड़ी बात होती है, क्योंकि फ़िल्म इंडस्ट्री में मिली सफ़लता जल्द किसी को सम्भलती नहीं, लेकिन गुप्ता जी इन सबसे बिल्कुल ही अलग किस्म के सफल फिल्ममेकर हैं। अनंत कुमार गुप्ता दिल ही तो है के तुरंत बाद जागृति किया और फिर, और फिर गीत जैसी फिल्म में इन्होंने बतौर प्रोडक्शन मैनेजर काम करना शुरू कर दिया। उसके बाद तो श्री गुप्ता के पास फिल्मों की लाइन ही लग गई थीं और इन्होंने लगातार प्लेटफॉर्म, गोपी किशन, मिलन, खिलौना, स्मगलर, परदेशी बाबू के साथ लगभग 13 फिल्में बतौर प्रोडक्शन मैनेजर किया। इसके बाद इन्होंने बतौर मार्केटिंग और डिस्ट्रीब्यूटर के तौर पर भी मंटो, राजी, धर्म संकट में सहित लगभग 12 फिल्मों का डिस्ट्रीब्यूशन और मार्केटिंग का भी काम किया। इतना सब करने के बाद भी अनंत कुमार गुप्ता अपना खुद का कुछ करना चाहते थे, क्योंकि उनका मानना ये था कि आप जबतक अपना खुद का कुछ भी इस इंडस्ट्री में नहीं कर लेते तब तक आपको सुकून नहीं मिल सकता। तब इन्होंने इस इंडस्ट्री में बतौर निर्माता उतरने की ठान लिया और सन 2011 में अपनी पहली फ़िल्म सोनी दे नखरा प्रोड्यूस किया। फ़िल्म तो हिट हुई ही इसके साथ ही अनंत ने लगातार इस इंडस्ट्री में अब मल्टी लेबल काम करने लगे, उन्होंने सोनी दे नखरा के बाद और भी तीन बड़ी फिल्में प्रोड्यूस की। इसके अलावा इन्होंने एक फ़िल्म द ब्रिज की कहानी भी लिखा है। और अब इतना कुछ करते हुए अनंत कुमार गुप्ता इस बार एक नई फिल्म नया दौर का का निर्माण करने जा रहे हैं।

इस नया दौर में इसबार इनके अभिनेता हैं श्रेयस तलपड़े। अनंत कुमार गुप्ता के बारे में बात करते हुए फ़िल्म के लीड एक्टर श्रेयस तलपड़े ने बताया कि गुप्ता जी बहुत लंबे समय से इंडस्ट्री में विभिन्न प्रकार से सक्रिय हैं और इनका नाम बहुत ही इज्जत के साथ लिया जाता है। इनके साथ इस फ़िल्म में काम करके अपने आप को हम गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इस फ़िल्म को लेकर श्रेयस तलपड़े कहते हैं कि उन्होंने कई बड़ी फिल्में की हैं और उनमें से कई फ़िल्में तो सैकड़ों करोड़ का व्यवसाय कर चुकी हैं लेकिन उनमें कहीं ना कहीं मसाला फिल्मों का समावेश अधिक था, ये नया दौर एक अलग तरह का सिनेमा है और इसको करने में काफी आनंद आएगा। फ़िल्म की शूटिंग इंदौर में शुरू होगी और आगे इस फ़िल्म की शूटिंग लंदन में भी की जाने वाली है। फ़िल्म नया दौर के लेखक हैं अनंत कुमार गुप्ता व निर्देशक हैं रविन्द्र राम पाटिल, डीओपी हैं योगेश कोली, इस नया दौर में कुल 3 गाने हैं जिन्हें लिखा हैं कृष्णा भारद्वाज और शेख अहमद ने और संगीत से सजाया है अमित त्रिवेदी के साथ विशाल मिश्रा ने। फ़िल्म की डांस मास्टर हैं सबीना खान। इस नया दौर के कलाकार हैं श्रेयस तलपड़े, श्रद्धा दास, मनवीर गुज्जर, संजय मिश्रा व अन्नू कपूर।

### रॉबर्ट्सगंज पुलिस ने गांजा तस्कर गिरोह के 2 सक्रिय सदस्यों को किया गिरफ्तार



**सोनभद्र।** अवैध मादक पदार्थ तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय के निर्देशन में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस की टीम द्वारा रेलवे क्रासिंग पन्नूगंज मार्ग से 01 अदद मोटरसाइकिल संख्या- यूपी 64 एएम 9381 से 02 गांजा तस्करों को 14 किलो 450 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तारी हुई। गांजा की अनुमानित कीमत लगभग 03 लाख रुपये बताई गई। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में चलाई जा रही मुहिम का सक्रिय अनुपालन करते हुए तस्करी रोधी अभियान को अमलीजामा पहनाने में कामयाब रही पुलिस टीम। इस गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0-576/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस ऐक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई। पूछताछ करने पर तस्करों द्वारा बताया गया कि गांजा बिहार से खरीदकर प्रयागराज में ले जाकर बेच देते है तथा कुछ गांजा बिहार बार्डर पर ही बेच दिये, जो भी पैसा पाते है उसे आधा-आधा बाँट लेते हैं।

## 'बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ', महिला शक्ति केन्द्र बाल कल्याण समिति की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न



सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय पर बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ, महिला शक्ति केन्द्र बाल कल्याण समिति की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मानव तस्करी तथा मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाये जाने हेतु की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में ए0एच0टी0यू0 से जानकारी प्राप्त की। अब तक मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए की गयी कार्यवाही संतोषजनक न होने पर जिलाधिकारी ने ए0एच0टी0यू0 को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिये और कहा कि जनपद में अभियान चलाकर मानव तस्करी व मादक पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। कहा कि इसमें किसी स्तर पर कत्तई शिथिलता न बरती जाय।जनपद में बाल गृह बालक व बाल गृह बालिका संस्थाओं में बच्चों को बाल विकास विभाग द्वारा पुष्टाहार वितरण किये जाने के सम्बन्ध में बाल विकास परियोजना अधिकारी से जानकारी प्राप्त की तो, यह तथ्य संज्ञान में आया कि संस्थाओं के बच्चों को पुष्टाहार प्राप्त नहीं हो रहा है और ना ही संस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है। डीएम ने सख्त नाराजगी का इजहार करते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी राबर्ट्सगंज को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिये। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि संस्थाओं में आवासित बच्चों को पुष्टाहार का वितरण आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से सुनिश्चित किया जाय। इस दौरान जिलाधिकारी ने ए0सी0एम0ओ0 को निर्देशित करते हुए कहा कि संस्थाओं में रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु महिला चिकित्सक की तैनाती की जाय जिसके माध्यम से प्रत्येक 15 दिवस पर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि बाल गृह बालक व बाल गृह बालिका संस्थाओं में रह रहे बालक व बालिकाओं के परिजनों को राशन कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराये जाने की कार्यवाही तय हो। बालक-बालिकाओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के समुद्देश्य से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक से पत्राचार करके पार्ट टाईम के लिए शिक्षकों के तैनाती की व्यवस्था किये जाने की हिदायत दी डीएम ने तथा शिक्षा के आलोक में शिक्षार्थी बेहतर एवं उत्कृष्ट ज्ञानार्जन कर सकने में सक्षम हों। जिलाधिकारी ने इस दौरान जनपद में बाल विवाह पर रोक लगाने व बाल श्रम पर विराम हेतु जनपद में की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और कहा कि जनपद में बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति पर रोक लगाने का विशेष अभियान चलाया जाय। इसपर नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने को आगाह करते कहा कि बाल विवाह की शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित दोषी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय।

### फिजिक्स वाला की 'प्रेरणा' हेल्पलाइन छात्रों को बनाती है सशक्त

नयी दिल्ली। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस से पहले फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) ने गुरुवार को अपनी मुफ्त हेल्पलाइन प्रेरणा के माध्यम से छात्रों की भावनात्मक सहयोग प्रदान करने के लिए शिक्षाविदों से परे जाकर ध्यान केंद्रित किया है। हेल्पलाइन 16 और शहरों में अपनी ऑफ़लाइन उपस्थिति का विस्तार भी करेगी, जिससे छात्रों को शारीरिक सहायता मिल सकेगी। फिजिक्स वाला एक प्रचलित यूट्यूब चैनल है जिसे 2017 के आसपास अलख पांडे नाम के शिक्षक के द्वारा किया गया था। इस हेल्पलाइन ने पिछले साल नवंबर से परीक्षा-संबंधी तनाव और चिंता जैसे चुनौतीपूर्ण समय के दौरान पूरे भारत में 20,140 छात्रों को विभिन्न स्थानीय भाषाओं में मुफ्त विशेषज्ञ परामर्श सेवाएं प्रदान कर सशक्त बनाया था। मौजूदा समय में प्रेरणा का संचालन पीडब्लू फाउंडेशन द्वारा किया जाता है और इसके पास अनुभवी परामर्शदाताओं की एक समर्पित टीम है।

## मेवाड़ में 73 हस्तियां मां शारदा नेशनल अवार्ड से सम्मानित

### रंगारंग कार्यक्रमों ने सभी दर्शकों का मन मोहा







**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के ऑडिटोरियम में आयोजित मां शारदा नेशनल आइकॉनिक अवार्ड्स 2023 समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 73 हस्तियों को सम्मानित किया गया। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य डॉ. अनिल अग्रवाल, मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया, अरिहंत चेरिटेबल एजुकेशनल ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ. अलका अग्रवाल और एके. एजुकेशन एंड मीडिया ट्रस्ट के अध्यक्ष आलोक कुमार ने दीप जलाकर की। गायक गौरव शर्मा ने अपनी मधुर आवाज से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलर्स टीवी के डांस दीवाने में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रसिद्ध यश शर्मा ने मनमोहक अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एंजेल्स डांस अकादमी ने ऊर्जावान समूह नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। योग सम्राट प्रवीण पाठक ने स्फूर्तिदायक योग कराया। भगत सिंह सेवादल के प्रमुख पद्मश्री जितेंद्र सिंह शंटी विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे। उन्होंने निस्वार्थ सेवा और देशभक्ति से प्रेरक विचार साझा किए।

राष्ट्रीय सेवक समिति मेरठ की समन्वयक दीप्ति शर्मा ने सभी को समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। वेद कथावाचक आचार्य दुष्यन्त ने आधुनिक युग में वेदों की प्रासंगिकता और इसकी अवधारणाओं व महत्व पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में मेवाड़ विश्वविद्यालय के मेवाड़ महोत्सव 'संस्कृति' का पोस्टर भी लॉन्च किया गया। आलोक कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह का समापन 'वंदेमातरम' गीत के साथ हुआ। संचालन रंजना मिश्रा और आलाक कुमार ने किया।